राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# एक्शन इंडिया

DL(N) /145/2021-23 वर्ष: 19 अंक: 130 पृष्ठ: 12 RNI : DELHIN/2006/19302

actionindianews@gmail.com राष्ट्रीय संस्करण दिल्ली - हरियाणा - हिमाचल प्रदेश - उत्तराखण्ड

RKB GROUP Rakesh Bhardwaj Group

## 32 बंद हवाई अड्डे फिर से खुले



**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने सोमवार को अपने सभी 32 हवाई अड्डों को फिर से खोल दिया है, जो भारत और पाकिस्तान के बीच संघर्ष के कारण 9 मई से बंद थे। सरकार ने यह कदम उड़ान संचालन को फिर से शुरू करने के लिए नोटैम्स (एयरमैन को नोटिस) जारी करने के बाद उठाया गया है नागरिक उड्डयन मंत्रालय ने जारी एक बयान में बताया कि 15 मई, 2025 को 05 :29 बजे तक नागरिक विमान परिचालन के लिए 32 हवाई अड्डों को अस्थायी रूप से बंद करने की अधिसूचना हटा दी गई है। ये सभी हवाई अड्डे अब तत्काल प्रभाव से नागरिक विमान परिचालन के लिए उपलब्ध हैं। मंत्रालय के मुताबिक फिर से खुलने वाले अन्य हवाई अड्डों में श्रीनगर, अमृतसर, लुधियाना, भुंतर, किशनगढ़, पटियाला, शिमला, कांगड़ा-गग्गल, भटिंडा, जैसलमेर, जोधपुर, बीकानेर, हलवारा, पठानकोट, जम्मू, लेह, मुंद्रा, जामनगर, हीरासर, पोरबंदर, केशोद, कांडला और भुज शामिल हैं। इस आदेश के बाद चंडीगढ़ अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे ने घोषणा की कि 12 मई सुबह 10 बजे से उड़ानों का संचालन फिर से शुरू कर दिया गया है। इस बीच इंडिगो एयरलाइंस ने एक्स पोस्ट पर साझा की गई एक ट्रैवल एडवाइजरी में कहा कि हवाई अड्डों पर उसके सभी ऑपरेशन धीरे-धीरे फिर से शुरू हो जाएंगे।

# भारत और पाकिस्तान के बीच हुई डीजीएमओ स्तर की वार्ता

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** भारत और पाकिस्तान के सैन्य महानिदेशकों (डीजीएमओ) ने सोमवार को वार्ता की। जानकारी के मुताबिक, दोनों देशों के सैन्य अधिकारियों ने 10 मई को संघर्ष विराम पर बनी आपसी सहमति पर चर्चा की। इसमें सीमा पार गोलीबारी और सैन्य कार्रवाइयों को रोकने पर सहमति बनी थी। यह बातचीत हॉटलाइन पर दोपहर 12 बजे तय थी, लेकिन यह शाम 5 बजे शुरू हुई। बातचीत के अंतिम परिणाम अब तक सार्वजनिक नहीं किए गए हैं।



**पहलगाम हमले के बाद शुरू किया गया ऑपरेशन सिंदूर**
बता दें कि 22 अप्रैल को दक्षिण कश्मीर के पहलगाम में आतंकवादियों ने 26 लोगों की नृशंस हत्या कर दी थी। इस हमले के तार पाकिस्तान स्थित आतंकवादी संगठन जैश-ए-मोहम्मद और पाकिस्तानी सेना से जुड़ते हुए मिले। मृतकों में अधिकांश पर्यटक शामिल थे। इसके बाद भारतीय सेना ऑपरेशन सिंदूर लॉन्च किया। जिसके तहत पाकिस्तान में नौ आंतकी ठिकानों को ध्वस्त किया गया। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह के मुताबिक सौ से ज्यादा आतंकवादियों को मौत के घाट उतारा गया। भारत की तीनों सेनाओं के वरिष्ठ अधिकारियों ने मीडिया ब्रीफिंग में ऑपरेशन सिंदूर की विस्तार से जानकारी दी है। इन अधिकारियों ने लगातार दो दिन मीडिया ब्रीफिंग दी।

### पाकिस्तान ने की थी संघर्ष विराम की गुजारिश

*भारतीय सशस्त्र बलों के ताबड़तोड़ हमलों से सहमे पाकिस्तान ने भारत से गुजारिश की थी कि आइए शत्रुता को छोड़ देते हैं। यही नहीं, वह अमेरिका के सामने भी युद्ध विराम के लिए गिड़गिड़ाया। इसके बाद विदेश सचिव विक्रम मिस्री ने पुष्टि करते हुए जानकारी दी थी कि पाकिस्तान के डीजीएणओ ने दोपहर 3.35 बजे भारत के डीजीएमओ को फोन किया। उनके बीच सहमति बनी की दोनों पक्ष शाम पांच बजे से जमीन, हवा और समुद्र में सभी तरह की गोलीबारी और सैन्य कार्रवाई बंद कर देंगे। दोनों पक्षों को इस सहमति को लागू करने के निर्देश दिए गए हैं। उन्होंने बताया था कि दोनों देशों के डीजीएमओ 12 मई की दोपहर 12 बजे फिर से बातचीत करेंगे।*

# पानी और खून एक साथ नहीं बहेगा: मोदी

- पाकिस्तान के खिलाफ कार्रवाई सिर्फ स्थगित, फिर हिमाकत की तो मुंहतोड़ जवाब देंगे
- पाकिस्तान से बात होगी तो सिर्फ आतंकवाद और पीओके पर: प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी

**पाक को चेतावनी**

**हर आतंकी हमारी बहन-बेटियों के माथों से सिंदूर हटाने का अंजाम जान चुका है: पीएम मोदी**



**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली।** भारत और पाकिस्तान तनावपूर्ण रिश्तों के बीच आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी रात ने आज देश को संबोधित किया। उन्होंने कहा, बीते दिनों में हमने देश का सामर्थ्य और उसका संयम दोनों देखा है। मैं सबसे पहले भारत की पराक्रमी सेनाओं, सशस्त्र बलों, हमारी खुफिया एजेंसियों, हमारे वैज्ञानिकों को हर भारतवासी की तरह से सलाम करता हूं। हमारे वीर सैनिकों ने ऑपरेशन सिंदूर के लक्ष्यों की प्राप्ति के लिए असीम शौर्य का प्रदर्शन किया। मैं हमारे देश की हर माता को, देश की हर बहन को और देश की हर बेटी को यह वीरता, साहस, पराक्रम को आज समर्पित करता हूं। 22 अप्रैल को पहलगाम में आतंकियों ने जो बर्बरता दिखाई थी, उसने देश और दुनिया को झकझोर दिया था। छुट्टियां मना रहे निर्दोष मासूम नागरिकों को धर्म पूछकर उनके परिवार के सामने, उनके बच्चों के सामने बेरहमी से मार डाला गया था। यह आतंक का बहुत वीभत्स चेहरा था। क्रूरता थी। यह देश के सद्भाव को तोड़ने की घिनौनी कोशिश भी थी। मेरे लिए व्यक्तिगत रूप से यह पीड़ा बहुत बड़ी थी।

**बहन और बेटियों के माथों से सिंदूर हटाने का अंजाम**
इस आतंकी हमले के बाद सारा राष्ट्र, हर नागरिक, हर वर्ग, हर समाज, हर राजनीतिक दल एक स्वर में आतंक के खिलाफ कड़ी कार्रवाई के लिए उठ खड़ा हुआ। हमने आतंकवादियों को मिट्टी में मिलाने के लिए भारत की सेनाओं को पूरी छूट दे दी और आज हर आतंकी, आतंक का हर संगठन जान चुका है कि हमारी बहन और बेटियों के माथों से सिंदूर हटाने का अंजाम क्या होता है। पीएम मोदी ने कहा, ऑपरेशन सिंदूर सिर्फ नाम नहीं है। यह देश के कोटि-कोटि लोग भावनाओं का प्रतिबिंब है। ऑपरेशन सिंदूर न्याय की अखंड प्रतिज्ञा है। 6 मई की दूर रात, 7 मई की सुबह पूरी दुनिया ने इस प्रतिज्ञा को परिणाम में बदलते देखा है।

### पाक ने हमारे सैन्य ठिकानों को निशाना बनाया

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा, 'साथियों! भारत की इस कार्रवाई से पाकिस्तान घोर निराशा में घिर गया था। हताशा में घिर गया था।आतंक पर भारत की कार्रवाई का साथ देने के बजाय पाकिस्तान ने भारत पर ही हमला करना शुरू कर दिया। पाकिस्तान ने हमारे स्कूलों-कॉलेजों, गुरुद्वारों, मंदिरों, सामान्य नागरिकों के घरों को निशाना बनाया।

### राष्ट्र सर्वोपरि होता है तो फौलादी फैसले लिए जाते हैं



भारत की सेनाओं ने पाकिस्तान में आतंक के ठिकानों पर, उनके ट्रेनिंग सेंटर्स पर सटीक प्रहार किया। आतंकियों ने सपने में भी नहीं सोचा था कि भारत इतना बड़ा फैसला ले सकता है, लेकिन जब देश एकजुट होता है, नेशन फर्स्ट की भावना से भरा होता है, राष्ट्र सर्वोपरि होता है तो फौलादी फैसले लिए जाते हैं। परिणाम लाकर दिखाए जाते हैं।

**पीएम मोदी ने कहा- भारत ने पाकिस्तान के सीने पर वार किया**
जब पाकिस्तान में आतंक के अड्डों पर भारत की मिसाइलों ने हमला किया, भारत के ड्रोन्स ने हमला बोला तो आतंकी संगठनों की इमारतें ही नहीं, बल्कि उनका हौसला भी थर्रा गया। बहावलपुर और मुरीदके जैसे आतंकी ठिकाने एक प्रकार से ग्लोबल टेररिज्म की यूनिवर्सिटी रहे हैं। दुनिया में कहीं पर भी जो बड़े आतंकी हमले हुए हैं, चाहे 9/11 हो, चाहे लंदन ट्यूब बॉम्बिंग हो या भारत में दशकों से बड़े-बड़े आतंकी हमले हुए हैं, उन सभी के तार कहीं न कहीं आतंक के इन्हीं ठिकानों से जुड़ते रहे हैं। आतंकियों ने हमारी बहनों का सिंदूर उजाड़ा है, इसलिए भारत ने आतंक के ये मुख्यालय उजाड़ दिए हैं। भारत के इन हमलों ने 100 से अधिक खूंखार आतंकवादियों को मौत के घाट उतारा गया है। आतंक के बहुत सारे आका बीते ढाई-तीन दशकों से खुलेआम पाकिस्तान में घूम रहे थे, जो भारत के खिलाफ साजिशें करते थे।

## कश्मीर मुद्दे पर तीसरे पक्ष की मध्यस्थता पर जवाब दे केंद्र: कांग्रेस

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली। कांग्रेस पार्टी** ने सोमवार को केंद्र सरकार से कश्मीर मुद्दे पर स्पष्टीकरण मांगा है और पूछा है कि क्या केंद्र सरकार कश्मीर मुद्दे पर तीसरे पक्ष की मध्यस्थता के लिए तैयार है? साथ ही कांग्रेस पार्टी ने चेताया है कि अगर सरकार कश्मीर मुद्दे पर तीसरे पक्ष की मध्यस्थता स्वीकार करती है तो ये शिमला समझौते का उल्लंघन होगा। अमेरिकी राष्ट्रपति ने दावा किया कि उन्होंने ही भारत-पाकिस्तान के बीच मध्यस्थता कराई।




हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी सिंचाई एवं जल संसाधन, जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी तथा शहरी स्थानीय निकाय विभागों के अधिकारियों के साथ बैठक कर दिशा-निर्देश दिए।

# हमने पाकिस्तानी मिराज मार गिराया: सेना

- हमने ऑपरेशन सिंदूर के दौरान पाकिस्तान का फाइटर जेट मिराज मार गिराया, भारतीय सेना ने कहा- हमारी लड़ाई आतंकवाद के खिलाफ थी

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली।** भारतीय सेना ने एक बार फिर प्रेस कॉन्फ्रेंस कर ऑपरेशन सिंदूर के बारे में जानकारी दी है। ऑपरेशन सिंदूर पर तीनों सेनाओं के डीजी सामने आए और उन्होंने कई नए खुलासे किए। प्रेस ब्रीफिंग में भारतीय सेना ने एक वीडियो भी शेयर किया। वीडियो में पाकिस्तानी मिराज का मलबा देखा जा सकता है। भारतीय सेना ने बताया, हमने ऑपरेशन सिंदूर के दौरान पाकिस्तान का फाइटर जेट मिराज मार गिराया है। भारतीय सेना ने कहा- हमारी लड़ाई आतंकवाद के खिलाफ थी इसलिए 7 मई को केवल हमने आतंकवादी ठिकानों पर अटैक किया था लेकिन पाकिस्तानी सेना ने इसे अपनी लड़ाई बना लिया। अब जो हुआ है उसके लिए वो खुद जिम्मेदार है।



भारतीय सेना ने आगे बताया, हमने आसमान में ही दुश्मन का सफाया किया। प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान भारत के एयर डिफेंस सिस्टम के बारे में बोलते हुए एयर मार्शल एके भारती ने कहा,'हमारी युद्ध-सिद्ध प्रणालियां समय की कसौटी पर खरी उतरी हैं और उनका डटकर मुकाबला करती हैं। एक और खास बात स्वदेशी एयर डिफेंस सिस्टम, आकाश सिस्टम का शानदार प्रदर्शन रहा है। एके भारती ने आगे कहा, 'शक्तिशाली एयर डिफेंस सिस्टम को तैयार करना और उसे चलाना केवल पिछले दशक में भारत सरकार से मिले बजट और नीतिगत समर्थन के कारण ही संभव हो पाया है।'

## सुरक्षा के लिए 10 उपग्रह लगातार कर रहे निगरानी: इसरो चीफ

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन के प्रमुख वी नारायणन ने बताया है कि इसरो के 10 सैटेलाइट्स (उपग्रह) देश की सुरक्षा के लिए लगातार रणनीतिक उद्देश्य से निगरानी कर रहे हैं। इंफाल में रविवार को सेंट्रल एग्रीकल्चर यूनिवर्सिटी में दीक्षांत समारोह को संबोधित करते हुए वी नारायणन ने ये जानकारी दी। इसरो प्रमुख ने कहा कि 'कम से कम 10 सैटेलाइट्स लगातार 24 घंटे रणनीतिक उद्देश्यों की पूर्ति और देशवासियों की सुरक्षा के लिए काम कर रही हैं।'

**सैटेलाइट्स की मदद से की जा रही निगरानी:** वी नारायणन ने कहा कि 'आप सभी हमारे पड़ोसियों के बारे में जानते हैं। ऐसे में हमें देश की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए सैटेलाइट्स की मदद लेनी पड़ती है।

## आतंक के खिलाफ हो जीरो टॉलरेंस: एस. जयशंकर

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली।** विदेश मंत्री डॉ. एस जयशंकर ने सोमवार को अपनी ऑस्ट्रेलियाई समकक्ष पेनी वोंग से बातचीत की। उन्होंने हालिया घटनाक्रम के साथ आतंक के खिलाफ जीरो टॉलरेंस की नीति के महत्व को रेखांकित किया। विदेश मंत्री डॉ. जयशंकर ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में कहा कि उन्होंने पेनी वोंग को दोबारा विदेश मंत्री बनने पर शुभकामनाएं दी और पाकिस्तान के साथ संघर्ष से जुड़े हालिया घटनाक्रम की जानकारी दी। उन्होंने इस बात के महत्व को रेखांकित किया कि आतंक के खिलाफ जीरो टॉलरेंस की नीति होनी चाहिए। विदेश मंत्री ने इस दौरान भारत ऑस्ट्रेलिया दोस्ती का उल्लेख किया और इस बहुआयामी संबंध को और अधिक प्रगाढ़ करने की अपनी रुचि जाहिर की।



# हम अगले मिशन के लिए तैयार हैं: भारतीय सेना

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली।** भारतीय सेना ने सोमवार को एक बार फिर पाकिस्तान को आईना दिखाया और बताया कि भारत की वायु रक्षा प्रणाली कितनी मजबूत है। साथ ही बिना सबूत के खुद को महिमामंडित कर रहे पाकिस्तान को सबूत के साथ बताया कि भारत की व्यापक मारक क्षमता ने कैसे उसके महत्वपूर्ण सैन्य ढांचों को ध्वस्त कर दिया। यह स्पष्ट कर दिया कि सभी सैन्य अड्डे और प्रणालियां पूरी तरह से सक्रिय हैं और सेना अगले मिशन के लिए तैयार है। भारतीय सशस्त्र बलों की ओर से आज दोपहर को राष्ट्रीय मीडिया केंद्र पर ऑपरेशन सिंदूर पर दूसरी विशेष पत्रकार वार्ता आयोजित की गई। इसमें वायुसेना, थलसेना और नौसेना के वरिष्ठ अधिकारियों ने मीडिया को संबोधित किया और ऑपरेशन के दौरान की गई सैन्य कार्रवाइयों, तैयारियों और उपलब्धियों का विस्तृत विवरण साझा किया।



### लॉजिस्टिक नेटवर्क को निशाना बनाना कठिन

लेफ्टिनेंट जनरल राजीव घई ने कहा कि भारत के एयरफील्ड्स और लॉजिस्टिक नेटवर्क को निशाना बनाना बेहद कठिन है। उन्होंने ऑस्ट्रेलिया की प्रसिद्ध कहावत का उदाहरण देते हुए कहा 'ऐशेज टू ऐशेज, डस्ट टू डस्ट, इफ थॉम्मो डॉन्ट गेट या, लिल्ली मस्ट।' (राख से राख, धूल से धूल, अगर थॉमो तुम्हें नहीं पकड़ता है, तो लिली जरूर पकड़ेगी।)

# कोहली का टेस्ट संन्यास: एक दिग्गज की विदाई



**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली। भारतीय क्रिकेट** टीम के वरिष्ठ खिलाड़ी विराट कोहली ने सोमवार को टेस्ट क्रिकेट से संन्यास की घोषणा कर दी, जिससे लंबे फॉर्मेट में उनके अपार योगदान और नेतृत्व की गाथा पर विराम लग गया। 36 वर्षीय कोहली का यह फैसला उनके 14 साल लंबे टेस्ट करियर का अंत है, जिसमें उन्होंने कठिन हालातों में शानदार प्रदर्शन करते हुए खुद को एक महान बल्लेबाज और कप्तान के रूप में स्थापित किया। कोहली ने सोमवार को अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर इस बात की जानकारी दी कि वह अब टेस्ट क्रिकेट नहीं खेलेंगे।

**विराट कोहली का यादगार टेस्ट सफर**
कोहली ने अपने 14 साल के टेस्ट करियर में 123 मैच खेले और 46.85 की औसत से 9,230 रन बनाए, जिसमें 30 शतक और 31 अर्धशतक शामिल हैं। उन्होंने 7 दोहरे शतक भी जड़े, जिसमें सर्वोच्च स्कोर नाबाद 254 रहा। वह भारत की ओर से टेस्ट में चौथे सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बल्लेबाज हैं। उनसे आगे सिर्फ महान खिलाड़ी सचिन तेंदुलकर (15,921 रन), राहुल द्रविड़ (13,288) और सुनील गावस्कर (10,122) हैं।

### विराट कोहली: भारत के सबसे सफल टेस्ट कप्तान

**कोहली** ने 2014 में जब भारत की कप्तानी संभाली, तब टीम आईसीसी रैंकिंग में 8वें स्थान पर थी लेकिन उनके नेतृत्व में भारत ने आक्रामक क्रिकेट खेला और जल्द ही नंबर एक टीम बन गई। वेस्टइंडीज में ऐतिहासिक जीत दिलाई और 2018-19 में ऑस्ट्रेलिया में पहली बार टेस्ट सीरीज जीतने वाली भारतीय टीम के कप्तान बने।

**सभी धर्मों में विश्वास**

*जस्टिस बीआर गवई ने कहा, पहलगाम में आतंकी हमले से न्यायपालिका भी दुखी है*

# जब देश संकट में हो तो सुप्रीम कोर्ट तटस्थ नहीं रह सकता: गवई

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली।** भारत के 52वें चीफ जस्टिस के रूप में बुधवार (14 मई) को शपथ लेने से पहले जस्टिस बी.आर. गवई ने पहलगाम में आतंकी हमले पर दुख व्यक्त किया और कहा कि जब पूरा देश शोक में हो तो सुप्रीम कोर्ट अछूता नहीं रह सकता। 'जब देश संकट में हो तो सुप्रीम कोर्ट तटस्थ नहीं रह सकता। आखिर हम भी इस देश के जिम्मेदार नागरिक हैं, हम भी इससे प्रभावित हैं।'

**मैं देश का पहला बौद्ध चीफ जस्टिस बनूंगा- जस्टिस गवई**
बिहार के पूर्व राज्यपाल आर.एस. गवई के पुत्र जस्टिस गवई ने मीडिया से अनौपचारिक बातचीत में कहा, "मेरे पिता ने बाबा साहब आंबेडकर के साथ बौद्ध धर्म अपनाया था। मैं देश का पहला बौद्ध चीफ जस्टिस बनूंगा।"



**मैं सभी धर्मों में विश्वास करता हूं- जस्टिस गवई**
उन्होंने कहा, मैं सभी धर्मों में विश्वास करता हूं। मैं मंदिर, दरगाह, जैन मंदिर, गुरुद्वारा - हर जगह जाता हूं।" देश के पहले बौद्ध चीफ जस्टिस बनने की दहलीज पर खड़े होने पर उन्होंने गर्व महसूस किया। संवैधानिक पदाधिकारियों द्वारा न्यायपालिका के खिलाफ कथित कड़े शब्दों के इस्तेमाल के मुद्दे पर जस्टिस गवई ने कहा, "लोग कुछ भी कहें, लेकिन संविधान सर्वोच्च है। केशवानंद भारती की अध्यक्षता वाली 13 जजों की पीठ के फैसले में यह बात कही गई है।" भारत-पाकिस्तान संघर्ष और उसके बाद संघर्ष विराम पर बनी सहमति के बारे में उन्होंने कहा, "युद्ध अच्छी बात नहीं है। हमारे सामने युद्ध के दो उदाहरण हैं, जो अभी भी जारी हैं। यूक्रेन में कितने दिनों से युद्ध चल रहा है और हमें इससे क्या मिला? मतलब, युद्ध से कुछ हासिल नहीं हुआ है।"

**दो मिनट का मौन रखा जाएगा**
22 अप्रैल के पहलगाम आतंकी हमले के बारे में उन्होंने कहा कि सुबह अखबारों से जब उन्हें घटना के बारे में पता चला तो उन्हें बहुत

**संविधान सर्वोच्च**

**न्यायपालिका के खिलाफ टिप्पणी पर कहा, "लोग कुछ भी कहें, संविधान ही सर्वोच्च है**

## खनन गतिविधियों के लिए यमुना नदी पर बनाया तटबंध, जांच के आदेश

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने हरियाणा के कालेसर वाइल्डलाइफ सेंक्चुअरी के पास यमुना नदी पर बांध बनाकर अनियंत्रित खनन गतिविधियों को बढ़ावा देने के आरोपों की जांच के लिए केंद्रीय सशक्त समिति को निर्देश दिया है। न्यायमूर्ति बी.आर. गवई और न्यायमूर्ति ऑगस्टिन जॉर्ज मसीह की पीठ ने कहा कि इस मामले की गंभीरता को देखते हुए इसकी जांच करनी चाहिए और अपनी रिपोर्ट पेश करनी चाहिए। यह याचिका अधिवक्ता गौरव कुमार बंसल द्वारा दाखिल की गई थी।

# अधिकारी समस्याओं को गंभीरता से ले व तत्परता से करे समाधान: नगराधीश

पानीपत, ( कमाल हुसैन ) हरियाणा सरकार के जनता से जुड़े बड़े कार्यक्रम जनता समाधान शिविर की सोमवार को जिला सचिवालय सभागार में अध्यक्षता करते हुए नगराधीश टीनू पोसवाल ने कहा कि हमे जिम्मेदार दृष्टि कोण के साथ आम जन की समस्याओं का समाधान करना है। अधिकारी शिविर में आने वाली समस्याओं को गंभीरता से ले व विचार कर इनका समाधान करें। उन्होंने कहा कि शिविर में आने वाली समस्याओं पर गहनता से कार्य करने की जरूरत है। अधिकारी कम से कम समय में अपने विभाग की समस्याओं का समाधान करें। पुलिस उप अधीक्षक सतीश वत्स ने कहा कि समाधान शिविर में हर समस्या का समाधान हो रहा है। अधिकारी अपनी पूरी उर्जा का उपयोग लोगों की समस्याओं का समाधान करने में खर्च कर रहे हैं। उन्होंने पुलिस विभाग से सम्बंधित आई समस्याओं पर गंभीरता से कार्य करके उनका समाधान किया व अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे सही प्रकार से अपना कार्य समझकर के लोगों की समस्याओं का जिम्मेदार अधिकारी बनकर समाधान करें।

डीआरओ रणविजय सिंह सुल्तानिया ने कहा कि धीरे -धीरे जनता समाधान शिविर में



समस्याएं कम आ रही है। इसका प्रमुख कारण अधिकारियों द्वारा शिविर में रूचि लेना व तत्काल उनका समाधान करना है। सोमवार को समाधान शिविर में विभिन्न विभागों से जुड़ी 33 समस्याएं शिकायतकर्ताओं द्वारा दी गई। इनमें ज्यादातर समस्याएं फैमिली आईडी में इनकम करवाने से सम्बंधित मिली। नगराधीश ने क्रिड विभाग को निर्देश दिए कि वे जल्द से जल्द समस्याओं का निदान करें। शिविर में पुलिस विभाग से जुड़ी हुई कई समस्याएं पहुंची जिनका पुलिस उप अधीक्षक ने शिकायतकर्ता से बात करके समाधान करने का प्रयास किया।

प्रार्थी रोशनी देवी वासी पानीपत ने प्रशासन से राशन कार्ड बनवाने के लिए अनुरोध किया। नगराधीश ने तत्काल कार्रवाई करने की निर्देश दिए। प्रार्थी सतबीर ने प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ दिलवाने के लिए प्रार्थना की व मकान बनवाने के लिए अनुरोध किया। प्रार्थी मुकेश ने दीनदयाल उपाध्याय योजना का लाभ दिलवाने के लिए प्रशासन से अनुरोध किया। प्रार्थी प्रीति ने प्रशासन से विधवा पैंशन बनवाने के लिए अनुरोध किया। नगराधीश ने डीएसडब्ल्यू को समस्या की गम्भीरता को देखते हुए तत्काल समाधान करने के निर्देश दिए। इस मौके पर डीआरओ रणविजय सिंह सुल्तानिया, सीएमओ विजयपाल मलिक, डिप्टी सीएमओ दिव्या साहनी, जनस्वास्थ्य विभाग के कार्यकारी अभियंता करण बहल, खेल प्रशिक्षक सुषमा, पुलिस कैम्लेंड अधिकारी सुरेश, हैल्प डेस्क से संजीव शर्मा, जोगेंद्र के अलावा विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

## नहर से अज्ञात महिला की लाश बरामद, हत्या की आशंका

ग्रेटर नोएडा : ग्रेटर नोएडा के रबूपुरा कोतवाली क्षेत्र में रविवार सुबह उस समय सनसनी फैल गई जब रबूपुरा-भाईपुर मार्ग पर स्थित नहर में एक अज्ञात महिला का नग्न शव बरामद हुआ। महिला की उम्र लगभग 35 वर्ष बताई गई है। राहगीरों ने नहर में बहते शव को देखकर तत्काल इसकी सूचना पुलिस को दी। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को बांस-बल्ली की मदद से रुस्तमपुर पुलिया के पास से बाहर निकाला। प्रथम दृष्टया शव पर चोट के निशान पाए गए है। जिससे हत्या की आशंका जताई गई है। महिला के कमर से ऊपर शरीर पर कपड़े नहीं थे। जिससे मामला और गंभीर प्रतीत हो रहा है। ग्रामीणों में इस घटना को लेकर भय का माहौल बना है। आशंका है कि महिला की हत्या कहीं और कर शव को पहचान छिपाने के उद्देश्य से नहर में फेंका गया हो। पुलिस ने शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के असल कारणों की पुष्टि हो सकेगी। पुलिस आसपास के क्षेत्रों में गुमशुदा महिलाओं की रिपोर्ट खंगाल रही है और पहचान के प्रयास किए जा रहे हैं। कोतवाली पुलिस का कहना है कि जांच के लिए एक विशेष टीम गठित की गई है।

**BEFORE THE DISTRICT CONSUMER DISPUTES REDRESSAL COMMISSION AT RAJAMAHENDRAVARAM**
**C.C. NO 134 OF 2024**

Between:
**Ganti Venkata Lakshmi Narsimha Sarma, S/o Ramarao,** aged 65 years, Retd Teacher, R/o D.No.4-1-44/16, Vadlamanivari Street, Amalapuram, Dr B.R.Ambedkar Konaseema District, Andhra Pradesh-533201, India.. **..Complainant**

And
1.British Airways, Corporate Office, DLF Plaza Tower, 6th Floor, Firidabad Road, New Delhi-121003.
Rep. by whomever it may be concerned.
2. British Airways. (Chennai Booking Office), 36FR+HM7, Pedestrian Opas, Jagannathapurarn, Chetpet, Chennai, Tamil Nadu-600031.
Rep. by its Manager.
3.British Airway (United Kingdom)
Rep by its Manager
4.British Airways, Customer Relations, Rep. by whomever it may be concerned. **..Opposite Parties**

**NOTICE TO THE RESPONDENTS**

The above CC No.134 of 2024 is filed under Section 35(1) of Consumer Protection Act, 2019 by Ganti Venkata Lakshmi Narsimha Sarma against the opposite parties on the file of the District Consumer Disputes Redressal Commission at Rajamahendravaram.

On 08.05.2025 the Hon'ble District Consumer Disputes Redressal Commission, Rajamahendravaram was pleased to order notice to the Opposite Parties 1 and 2 by way of substituted service of publication in Daily Newspaper

Hence, take notice you are required to appear before the Hon'ble District Consumer Disputes Redressal Commission at Rajamahendravaram in the above CC No.134 of 2024 on 30.05.2025 at 10.30 AM failing which the matter will be decided in your absence.

Amalapuram (GANTI VENKATA LAKSHMI NARSIMHA SARMA)
Dated.12.05.2025 COMPLAINANT

# बहन ने सीमा हैदर को पाकिस्तान भेजने की मांग की



टीम एक्शन इंडिया

**गुहार**

**रोते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री से मदद की गुहार लगा रही**

**रबूपुरा (ग्रेटर नोएडा) :** पाकिस्तान से भारत आई सीमा हैदर की बहन रीमा का एक वीडियो सामने आया है। जिसमें वह रोते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री से मदद की गुहार लगा रही है। उसने पीएम मोदी से अपील की है कि उसकी बहन को जल्द पाकिस्तान भेजा जाए। सीमा हैदर के पाकिस्तानी पति गुलाम हैदर के यूट्यूब चैनल पर जारी किए गए एक वीडियो में एक महिला ने खुद को सीमा हैदर की बहन रीमा बताया है। वीडियो में रोते हुए उसने सीमा हैदर से अपील की है कि वह पाकिस्तान वापस आ जाए क्योंकि उसके बच्चे पाकिस्तान में ही सुरक्षित हैं। उसने पीएम से अपील की है कि सीमा हैदर को जल्द पाकिस्तान भेजा जाए। जब वीजा पर आए पाकिस्तानियों को वापस भेजा जा रहा है तो बिना वीजा के पाकिस्तान से चोरी छुपे भारत आई सीमा हैदर को क्यों नहीं भेजा जा रहा है।

**बीते 3 मई को सीमा पर हुआ था हमला:** ग्रेटर नोएडा कोतवाली क्षेत्र में 3 मई शनिवार की शाम करीब 7 बजे एक युवक सीमा हैदर के घर में घुस गया था और उस पर हमला कर दिया था। जानकारी के अनुसार, युवक ने पहले घर के मुख्य दरवाजे पर जोर-जोर से पैर मारे और फिर अंदर घुसते ही सीमा हैदर का गला दबाने लगा था। इसी दौरान उसने सीमा को तीन-चार थप्पड़ भी मारे थे।

अचानक हुई इस घटना से सीमा हैदर घबरा गई और शोर मचा दिया था। शोर सुनते ही उसके परिजन मौके पर पहुंचे और हमलावर युवक को पकड़कर उसकी पिटाई शुरू कर दी गई थी। घटना की सूचना मिलते ही सीमा हैदर ने तुरंत मोबाइल के जरिए कोतवाली रबूपुरा और पुलिस अधिकारियों को जानकारी दी थी। खबर मिलते ही पुलिस महकमे में हड़कंप मच गया और भारी पुलिस बल मौके पर पहुंचा था।

# गाजियाबाद में पुलिस व बदमाशों के बीच फिर चली गोलियां, दो बदमाश घायल

टीम एक्शन इंडिया

**गाजियाबाद।** गाजियाबाद पुलिस का अपराधियों के खिलाफ क्रैक डाउन अभियान लगातार जारी है। रविवार की रात में स्वाट टीम ट्रांस हिंडन जोन व थाना साहिबाबाद पुलिस ने मुठभेड़ के दौरान दो शातिर लुटेरों को गोली मारकर घायल कर दिया और गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने बताया कि दोनों लुटेरों ने आठ मई को अपने अन्य साथियों के साथ मिलकर चौकी क्षेत्र पाईप मार्केट में बैटरी व इनवर्टर की दुकान में लूट की वारदात को अंजाम दिया था। उनके कब्जे से 02 तमंचे, 01 जिंदा कारतूस व 02 खोखा कारतूस, 01 छीना हुआ मोबाइल फोन, घटना में प्रयुक्त 01 मोटर साइकिल व लूट से सम्बन्धित 27हजार रुपये बरामद किये हैं। डीसीपी ट्रांस



हिंडन निमिष दशरथ पाटिल ने सोमवार को बताया कि स्वाट टीम ट्रांस हिंडन जोन व थाना साहिबाबाद पुलिस आपराधिक घटनाओं पर नियंत्रण के मकसद से साहिबाबाद रेलवे स्टेशन फुट ओवर ब्रिज के पास चेकिंग कर रही थी। तभी एक मोटर साइकिल पर सवार दो व्यक्ति रेलवे स्टेशन की ओर से तेजी से आ रहे थे जिन्हें चेकिंग के लिए रोकने का इशारा किया गया तो मोटर साइकिल सवार दोनों व्यक्ति मोटर साइकिल को मोड़कर तेजी से भागने लगे। शक होने पर पुलिस ने उनका पीछा किया। पुलिस को पीछा करते देख बदमाशों ने पुलिस फायरिंग कर दी। पुलिस ने भी जवाबी कार्यवाही की। जिसमें दोनों बदमाशों के पैर में गोली लग गई। जिससे बदमाश घायल होकर गिर गए। पूछताछ में बदमाशों ने अपने नाम दानिश निवासी मुगल गार्डन थाना लोनी गाजियाबाद व वीरू उर्फ वीरेंद्र निवासी आकाश बिहार राम विहार बन्थला बताए।

**क्रैक डाउन**

**गाजियाबाद पुलिस का अपराधियों के खिलाफ क्रैक डाउन अभियान लगातार जारी**

## पार्किंग से दोपहिया वाहन चोरी, मुकदमा दर्ज

**सोनीपत:** बहालगढ़ थाना क्षेत्र में स्थित कंपनी की पार्किंग से कर्मचारी का दोपहिया वाहन चोरी होने का मामला सामने आया है। पीड़ित ने मामले को लेकर पुलिस को शिकायत दी। पुलिस ने इस संबंध में चोरी का मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस मामले की गंभीरता से जांच कर रही है। गांव छोटी गढ़ी निवासी जितेंद्र ने बताया कि वह चालक की नौकरी करता है। वह अपनी ड्यूटी पर खेवड़ा में गया था। अपनी बाइक को कंपनी के बाहर पार्किंग में खड़ा कर दिया। करीब एक घंटा बाद वापस आया। पार्किंग में खड़ी बाइक गायब मिली।

# अलग-अलग स्थानों से आभूषण व नकदी सहित जेवरात चोरी

टीम एक्शन इंडिया

**सोनीपत :** अलग-अलग स्थानों पर चोरों ने घरों को निशाना बनाकर आभूषण, नकदी व मोबाइल चोरी कर लिये। पीड़ितों को चोरी का पता लगा तो मामले की शिकायत पुलिस को दी। बहालगढ़, व कुंडली थाना पुलिस ने मुकदमे दर्ज कर लिए है। पुलिस चोरों का पता लगाने के लिए क्षेत्र में लगे सीसीटीवी खंगाल रही है। ताकि कोई सुराग हाथ लग सके। गांव दीपालपुर निवासी समे सिंह ने बताया कि वह शनिवार शाम को जब उन्होंने घर में बने कमरे को खोला तो स्टोर में रखी लोहे की अलमारी का लॉक टूटा मिला। कमरे में सामान बिखरा पड़ा था। उन्होंने जांच की तो अलमारी से 75 हजार रुपये, तीन सोने की चेन, सोने का मंगलसूत्र, दो अंगूठी, गलसरी, चांदी की तीन जोड़ी पाजेब, तागड़ी और चांदी के सिक्के चोरी मिले। चोर करीब आठ लाख से अधिक के आभूषण ले गए। मामले की सूचना पर बहालगढ़ थाना पुलिस ने जांच के बाद चोरी का मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस ने फिंगर प्रिंट एक्सपर्ट, पुलिस ने क्षेत्र में लगे सीसीटीवी खंगाले हैं।

**मुकदमा**

**मामले से कुंडली थाना पुलिस को अवगत कराया। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है**

**कमरे से मोबाइल व 30 हजार ले गए चोर:** प्याऊ मनियारी स्थित कमरे से चोर दो मोबाइल व 30 हजार रुपये ले गए। उत्तर प्रदेश के जिला औरैया के गांव चिटका परपुरी निवासी संध्या देवी ने बताया कि वह प्याऊ मनियारी स्थित दहिया कॉलोनी में किराए पर रहते हैं। रात को वह परिजनों संग कमरे में सो रही थी। सुबह उठी तो उनका व उनके पिता का मोबाइल और 30 हजार रुपये चोरी मिले। उन्होंने मामले से कुंडली थाना पुलिस को अवगत कराया। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है।

## अभियुक्त की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

**धारा 82 CrPC देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **हर्ष उर्फ तिल्ली, निवासी 117, नहारपुर गांव, सेक्टर-7, रोहिणी, दिल्ली** ने **FIR No. 119/2020 U/S 395/397/411/120B/34 IPC, अन्तर्गत थाना उत्तर रोहिणी, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किये गए गिरफ्तारी के वारंट को यह लिखकर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **हर्ष उर्फ तिल्ली** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **हर्ष उर्फ तिल्ली** फरार हो गया है (या उक्त वारंट के तामील से बचने के लिये अपने आपको छिपा रहा है)।

अतः इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **FIR No. 119/2020 U/S 395/397/411/120B/34 IPC, अन्तर्गत थाना उत्तर रोहिणी, दिल्ली** के उक्त अभियुक्त **हर्ष उर्फ तिल्ली** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **19.07.2025** को या इससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार,
**श्री बबरू भान**
अति. जिला एवं सत्र न्यायाधीश-03 (उत्तर-पश्चिम)
कमरा संख्या 304, तीसरी मंजिल
**DP/5894/RD/2025(Court Matter)** जिला न्यायालय, रोहिणी, दिल्ली

## उत्तर मध्य रेलवे

**ई निविदा संख्याः** सिग-डब्लू एस-कान्ट्रैक्ट-578 **दिनांकः** 09.05.2025

**ई-निविदा सूचना**

उप मुख्य संकेत एवं दूरसंचार अभियन्ता/निर्माण/उत्तर मध्य रेलवे, प्रयागराज, भारत के राष्ट्रपति के लिये उनकी ओर से निम्नलिखित कार्य के लिये मुहरबन्द खुली निविदायें आन लाइन (ई टेंडरिंग) निर्धारित प्रपत्र पर आमन्त्रित की जाती हैं।

**कार्य का नामः** उत्तर मध्य रेलवे के प्रयागराज मंडल के विंध्याचल-कैलहट खंड में ऑटो-हट्स/एलएससी में पूर्ण इनडोर और आउटडोर कार्यों के साथ इलेक्ट्रॉनिक इंटरलॉकिंग सिस्टम की आपूर्ति, डिजाइनिंग, स्थापना, परीक्षण और कमीशनिंग सहित विंध्याचल, चुनार और कैलहट स्टेशन पर मौजूदा ईआई में परिवर्तन सहित मिर्जापुर जिगना, पहाड़ा और डगमगपुर स्टेशन पर पूर्ण इनडोर और आउटडोर कार्यों के साथ इलेक्ट्रॉनिक इंटरलॉकिंग सिस्टम की आपूर्ति, डिजाइनिंग, स्थापना, परीक्षण और कमीशनिंग का कार्य।

**कार्य की अनुमानित लागतः** ₹ 496117917.89 (रुपये उनचास करोड़ इकसठ लाख सत्रह हजार नौ सौ सत्रह और नवासी पैसे मात्र)।

**धरोहर राशिः** ₹2630600/- (रुपये छबीस लाख तीस हजार छः सौ मात्र)।

**कार्य पूर्ण करने की अवधिः** 12 माह।

**निविदा जमा होने की अन्तिम तिथिः 02.06.2025 समय 15:00 बजे** तक जमा होगा।

**निविदा खुलने की तिथिः 02.06.2025 समय 15:30 बजे खुलेगा।**

निविदा संबंधी पूर्ण जानकारी हेतु भारतीय रेल के वेबसाइट **www.ireps.gov.in** को देखें। **812/25(A)**

North central railways | @CPRONCR | www.ncr.indianrailways.gov.in

## पीरामल कैपिटल & हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड

Piramal Finance

(पूर्व में दीवान हाउसिंग फाइनेंस कॉरपोरेशन लिमिटेड के नाम से जाना जाता था) सीआईएनः एल65910एमएच1984पीएलसी032639

**पंजीकृत कार्यालयः** यूनिट नं.-601, 6वीं मंजिल, पीरामल अमिटी बिल्डिंग, पीरामल अगस्त्य कॉर्पोरेट पार्क, कमानी जंक्शन, फायर स्टेशन के सामने, एलबीएस मार्ग, कुर्ला (पश्चिम), मुंबई-400070-T+91 22 3802 4000.. **शाखा कार्यालयः** यूनिट नं. 01 और 09, ग्राउंड फ्लोर, जीडी-आईटीएल नॉर्थ एक्स टॉवर, प्लॉट नं. ए-9, नेताजी सुभाष प्लेस, नई दिल्ली-110034 और प्लॉट नं.-6, ब्लॉक-ए2वीं मंजिल, सेक्टर 2, नोएडा-201301

**सुरक्षा हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 8-(1) और परिशिष्ट-IV के अनुसार अचल संपत्ति के लिए कब्जे का नोटिस**

जबकि, नीचे हस्ताक्षरकर्ता, वित्तीय आस्तियों के प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम 2002 के अंतर्गत पीरामल कैपिटल एंड हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड (पूर्व में दीवान हाउसिंग फाइनेंस कॉर्पोरेशन लिमिटेड के नाम से विख्यात) के प्राधिकृत अधिकारी हैं और प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम 2002 की धारा 13(12) के साथ नियम 3 में प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, कंपनी के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा नीचे उल्लिखित उधारकर्ता(ओं)/गारंटर(ओं) को उक्त नोटिस की प्राप्ति की तारीख से 60 दिनों के भीतर नोटिस में उल्लिखित राशि चुकाने के लिए डिमांड नोटिस जारी किया जाता है। उधारकर्ता द्वारा राशि चुकाने में असफल रहने के कारण, उधारकर्ता(ओं)/गारंटर(ओं) और आम जनता को नोटिस दिया जाता है कि नीचे हस्ताक्षरकर्ता ने प्रतिभूति हित प्रवर्तन नियम, 2002 के नियम 8 के साथ उक्त अधिनियम की धारा 13 की उप-धारा (4) के तहत उसे प्रदत्त शक्तियों के तहत नीचे वर्णित संपत्ति का कब्जा ले लिया है। उधारकर्ता का ध्यान सुरक्षित परिसंपत्तियों को भुनाने के लिए उपलब्ध समय के संबंध में अधिनियम की धारा 13 की उप-धारा (8) के प्रावधानों की ओर आकर्षित किया जाता है। विशेष रूप से उधारकर्ता और आम जनता को संपत्ति से निपटने के लिए चेतावनी दी जाती है और संपत्ति के साथ कोई भी व्यवहार पिरामल कैपिटल एंड हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड (पूर्व में दीवान हाउसिंग फाइनेंस कॉर्पोरेशन लिमिटेड के रूप में जाना जाता है) के अधीन होगा, जो कि ब्याज के साथ नीचे उल्लिखित राशि के लिए है।

| क्रमांक सं | उधारकर्ता/गारंटर का नाम | सुरक्षित परिसंपत्ति का विवरण | मांग नोटिस की तिथि और राशि | कब्जे की तारीख |
|---|---|---|---|---|
| 1 | (ऋण कोड संख्या BLSA0002EB2C), (शाखा-फरीदाबाद), गनी (उधारकर्ता), उधारकर्ता दरक्षन (सह-उधारकर्ता | (सह- संपत्ति का पूरा हिस्सा खेवट संख्या 1778, खाता संख्या 1871, मु. संख्या 141, किला संख्या 11/2(3-5), 12(8-0), 19(8-0), 20(4-13), 21(6-2), मु. संख्या 159, किला संख्या 1(7-12), 10(8-0), 11 (8-0), 19/2(0-13), 20(4-0), मु. संख्या 160 किला संख्या 15(2-16), मस्जिद, वाका मौजा उटावर, तहसील हथीन जिला, पलवल, फरीदाबाद, हरियाणा-121103 पर स्थित | 20-दिसम्बर-24 को रु. 25,14,976.28 (पच्चीस लाख चौदह हजार नौ सौ छिहत्तर अट्ठाईस पैसे मात्र) | 07/05/2025 (प्रतीकात्मक) |
| 2 | (ऋण कोड संख्या 25600000073), (शाखा -नोएडा - सेक्टर 2), शुभम सलारिया (उधारकर्ता), गुरलीन कौर सलारिया (सह-उधारकर्ता) | संपत्ति का पूरा हिस्सा - फ्लैट नंबर 901, 9वीं मंजिल, टॉवर एफ 16 आम्रपाली 02 वैली, प्लॉट नंबर जी एच 05 सेक्टर टेकजोन 04 ग्रेटर नोएडा वेस्ट गौतमबुद्ध नगर उत्तर प्रदेश 201308 | 24 जनवरी 25 को रु. 59,00,759 (ग्यारह उनचास लाख सात सौ उनचास मात्र) | 09/05/2025 (प्रतीकात्मक) |
| 3 | (ऋण कोड संख्या 19600044028), (शाखा गुरुग्राम - एमजी रोड), कुमारेसन लक्ष्मणन (उधारकर्ता), आर राजेश्वरी (सह-उधारकर्ता) | संपत्ति का समस्त भाग - एच नं 652/ई-7, द्वितीय तल, सामने की ओर, खं. नं 84, गली नं 7, गोविंद पुरी, कालकाजी, नई दिल्ली नई दिल्ली दिल्ली :-110019 | 27-अक्टूबर-23 को रु. 1,97,957/-(केवल एक लाख सत्तानबे हजार नौ सौ सत्तावन रुपये) | 09/05/2025 (प्रतीकात्मक) |
| 4 | ऋण कोड संख्या 25600000302), (शाखा नोएडा - सेक्टर 2), मुकेश वासदेव मेहता (उधारकर्ता), जया मुकेश मेहता (सह-उधारकर्ता) | संपत्ति का समस्त भाग - यूनिट नं.-0803.सीवीएस, केपटाउन जीएच-01/ए, सेक्टर-74, सुपरटेक केपटाउन नोएडा गौतमबुद्ध नगर उत्तर प्रदेशः-201301 | 23 दिसंबर 2025 को कुल 13,77,110/- रुपये (तेरह लाख सत्तर हजार एक सौ दस रुपये मात्र) | 10/05/2025 (प्रतीकात्मक) |
| 5 | (ऋण कोड संख्या 11900001001), (शाखा नोएडा-सेक्टर 2), विवेक मित्तल (उधारकर्ता), जया अग्रवाल (सह-उधारकर्ता) | संपत्ति का समस्त भाग - यूनिट संख्या 0501 5वीं मंजिल टॉवर एन 14 अमन जेपी ग्रीन्स सेक्टर 151 जिला गौतम बुद्ध नगर नोएडा गौतमबुद्ध नगर उत्तर प्रदेशः-201301 | 24 जनवरी 2025 को रु. 67,63,724/- (केवल सड़सठ लाख तिरसठ हजार सात सौ चौबीस रुपये) | 12/05/2025 (प्रतीकात्मक) |

**स्थानः दिल्ली, दिनांकः 13.05.2025** **(प्राधिकृत अधिकारी) पिरामल कैपिटल एंड हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड**


# एक्शन इंडिया

## (राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक)

समाचार पत्र में वर्गीकृत, अदालती सूचना, पासपोर्ट में नाम परिवर्तन, खोया- पाया, नाम परिवर्तन, नाम सुधार, बेदखली सूचना, मजहब परिवर्तन, बैंक नोटिस सहित सभी प्रकार की सूचना एवं विज्ञापन प्रकाशित कराने के लिए सम्पर्क करें :-

**एक्शन इंडिया मीडिया हाउस**

शक्ति कॉम्प्लेक्स, 6/18, समयपुर इंडस्ट्रियल एरिया, दिल्ली-110042
संपर्क सूत्र: 8447314925, 9999889104

विज्ञापनों के लिये भारत सरकार सहित दिल्ली सरकार, हरियाणा सरकार, उत्तराखंड सरकार, उत्तर प्रदेश सरकार, हिमाचल प्रदेश सरकार, राजस्थान सरकार सहित सभी सरकारी विभागों द्वारा मान्यता प्राप्त।


# क्लासीफाइड

## टूर एण्ड ट्रैवल्स

**कैनेडा-ऑस्ट्रेलिया** फ्री वीजा, रहना, खाना, 2 साल का वर्क परमिट। कमाएं 3 लाख महीना। कोई पैसा ना वीजा से पहले ना बाद में। चाहिए हेल्पर, कारपेंटर, मेसन, वैल्डर, प्लम्बर, ड्राइवर, ऑपरेटर, स्टोरकीपर, वेटर, सुपरवाईजर, मैनेजर, कुक इत्यादि। सरकारी रजिस्टर्ड कंपनी से ही अप्लाई करें। फोन : 73476708

**वर्क वीजा** कैनेडा, ऑस्ट्रेलिया, कंस्ट्रक्शन/स्टोर/आईटी कंपनियों में जरूरत : स्टोर कीपर, कम्प्यूटर आपरेटर, फूड पैकर, ड्राईवर, इलेक्ट्रीशियन, प्लम्बर, सिक्योरिटी, गार्ड, वेटर, कुक, नो एडवांस, रहना, खाना, टिकट, बीमा फ्री। एजेंट्स वैलकम। **रुद्राश** 9815119633, 9855577523

**कैनेडा-ऑस्ट्रेलिया** 3 साल का वीजा, फ्री रहना, खाना और टिकट कम्पनी देगी। सैलरी 2 से 3 लाख महीना। हैल्पर, कारपेन्टर, मैसन, प्लम्बर, ड्राइवर, कुक, वेटर, आपरेटर, सुपरवाईजर इत्यादि चाहिये। रजिस्टर्ड कम्पनी से ही अप्लाई करें। फोन : 7087033731

**कनाडा, ऑस्ट्रेलिया**, दुबई, कुवैत, सऊदी, रशिया, सिंगापुर, में पढ़े-लिखे और अनपढ़ कारीगरों और हैल्पर की भारी जरूरत। वीजा के पैसे सैलरी से कटवाएं। फोन : 7710404041

## नाम परिवर्तन

मैं, नीरज ग्रोवर पुत्र स्वर्गीय श्री प्रदीप कुमार, निवासी 21ए, ब्लॉक-जेबी, एलआईजी फ्लैट्स, हरि नगर, साउथ वेस्ट, दिल्ली-110064, पासपोर्ट में मेरा नाम नीरज कुमार लिखा है। मेरा पूरा और सही नाम नीरज ग्रोवर है। मैं इस बात की घोषणा और पुष्टि करता हूँ कि नीरज ग्रोवर और नीरज कुमार एक ही व्यक्ति हैं।

## बेदखली सूचना

मैं सुरेश पुत्र संजय सिंह बी1, तिलक नगर का निवासी हूं। मेरा पुत्र रमेश कुमार शादीशुदा है व उसकी पत्नी का नाम महिमा है। दोनों अपनी मनमानी करते है व परिवार में दिन-रात झगड़ा करते हैं। वहीं मेरी पुत्रवधू महिमा दहेज उत्पीड़न के केस में फंसाने की धमकी देती है। जिस कारण पूरा परिवार परेशान है। मैं अपने पुत्र व उसकी पत्नी को अपनी चल-अचल संपित्त से बेदखल करता हूं। भविष्य में उनसे जो भी संबंध रखेगा या लेन-देन करेगा वो खुद जिम्मेवार होगा। मेरे या मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। २

## बेदखली सूचना

मैं महेश कुमार पुत्र शनि सिंह बी1, मंगोलपुरी का निवासी हूं। मेरा पुत्र महेश कुमार शादीशुदा है व उसकी पत्नी का नाम सीमा है। दोनों अपनी मनमानी करते है व परिवार में दिन-रात झगड़ा करते हैं। वहीं मेरी पुत्रवधू सीमा दहेज उत्पीड़न के केस में फंसाने की धमकी देती है। जिस कारण पूरा परिवार परेशान है।

## बेदखली सूचना

मैं सतीश शाह पुत्र मनीष शाह सी2 , पटेल नगर का निवासी हूं। मेरा पुत्र संचित शाह शादीशुदा है व उसकी पत्नी का नाम मनोरमा शाह है। दोनों अपनी मनमानी करते है व परिवार में दिन-रात झगड़ा करते हैं। वहीं मेरी पुत्रवधू मनोरमा शाह दहेज उत्पीड़न के केस में फंसाने की धमकी देती है। जिस कारण पूरा परिवार परेशान है। मैं अपने पुत्र व उसकी पत्नी को अपनी चल-अचल संपत्ति से बेदखल करता हूं। भविष्य में उनसे जो भी संबंध रखेगा या लेन-देन करेगा वो खुद जिम्मेवार होगा। मेरे या मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।

## बेदखली सूचना

मैं दयशंकर पुत्र राम सिंह बी1, जनकपुरी का निवासी हूं। मेरा पुत्र राजू सिंह शादीशुदा है व उसकी पत्नी का नाम पूजा है। दोनों अपनी मनमानी करते है व परिवार में दिन-रात झगड़ा करते हैं। वहीं मेरी पुत्रवधू महिमा दहेज उत्पीड़न के केस में फंसाने की धमकी देती है। जिस कारण पूरा परिवार परेशान है। मैं अपने पुत्र व उसकी पत्नी को अपनी चल-अचल संपित्त से बेदखल करता हूं। भविष्य में उनसे जो भी संबंध रखेगा या लेन-देन करेगा वो खुद जिम्मेवार होगा। मेरे या मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।

## बेदखली सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे मुवक्किल श्री उदय प्रदाप पुत्र स्व. श्री मजोल लाल व चंदा पत्नी श्री मजोल लाल, निवासी- नंगली जालिब, जनकपुरी, बी-1 ब्लॉक , नई दिल्ली-58 के पुत्र राधेश्याम व उसकी पत्नी रमावती को उनके व्यवहार ठीक नहीं होने के कारण दिनांक 16-01-2015 को बेदखल कर दिया था लेकिन अब उनके व्यवहार मेरे मुवक्किल के प्रति अच्छे हो गये हैं। अब उनसे अपने सभी प्रकार के संबंध अपना लिए हैं तथा अब उपरोक्त दोनों उनके समस्त चल व अचल सम्पत्ति में हकदार होंगे और भविष्य में अब दोनों मेरे मुवक्किल के साथ रहेंगें। अब उन दोनों से मेरे मुवक्किल को कोई शिकायत नहीं है।

## खोया-पाया

मैं राधा सचदेवा, पुत्री श्री संजय सचदेवा, मकान नं. 62 गांव पोशंगीपुर, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058 की निवासी हूं। त्रुटिवश मेरी 10वीं की मार्कशीट महावीर नगर में कहीं खो गई है, जिसका अनुक्रमांक नंबर 0224532 है। जिस किसी को मिले कृप्या उपरोक्त पते पर संपर्क करें।

# पर्यावरण व ऊर्जा संरक्षण को लेकर सरकार गंभीर: एलजी

□ एलजी ने विधानसभा में 500 किलोवाट सौर ऊर्जा संयंत्र का किया शिलान्यास, दिल्ली विधानसभा देश की पहली विधानसभा होगी जो सौर ऊर्जा से संचालित होगी: विजेंद्र गुप्ता □ सरकार का पूरी दिल्ली में सौर ऊर्जा का नया नेटवर्क शुरू करना लक्ष्य: मुख्यमंत्री रेखा

**सौर ऊर्जा संयंत्र**

□ 500 किलोवाट सौर ऊर्जा संयंत्र लगाने से हो रही है। खाली पड़े स्थानों पर सौर ऊर्जा संयंत्र लगाने पर जोर दिया है





**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली।** दिल्ली के उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना ने सोमवार को दिल्ली विधानसभा में 500 किलोवाट सौर ऊर्जा संयंत्र का शिलान्याय किया। इस मौके पर उपराज्यपाल ने कहा कि सरकार पर्यावरण संरक्षण और ऊर्जा संरक्षण को लेकर बेहद गंभीर है। इसकी पुष्टि विधानसभा परिसर में 500 किलोवाट सौर ऊर्जा संयंत्र लगाने से हो रही है। उन्होंने दिल्ली में खाली पड़े स्थानों पर सौर ऊर्जा संयंत्र लगाने पर जोर दिया है। इस समारोह में दिल्ली विधानसभा अध्यक्ष विजेंद्र गुप्ता, उपाध्यक्ष मोहन सिंह बिष्ट, मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता, लोक निर्माण विभाग के मंत्री प्रवेश साहिब सिंह वर्मा, शिक्षा मंत्री आशीष सूद मौजूद रहे। दिल्ली विधानसभा अध्यक्ष विजेंद्र गुप्ता ने बताया कि दिल्ली विधानसभा देश की पहली विधानसभा होगी जो सौर ऊर्जा से संचालित होगी। उन्होंने कहा कि विधानसभा लोकतंत्र का मंदिर है, प्रधानमंत्री

## हमारा लक्ष्य स्वच्छ, हरित और आत्मनिर्भर दिल्ली का निर्माण करना: सीएम

**मुख्यमंत्री** ने कहा कि यह संयंत्र न केवल स्वच्छ और टिकाऊ ऊर्जा का प्रतीक है, बल्कि इससे हर महीने लाखों रुपये की ऊर्जा बचत सुनिश्चित होगी। यह दिल्ली सरकार के स्वच्छ और आत्मनिर्भर राजधानी के संकल्प की दिशा में एक ठोस कदम है। उन्होंने कहा कि दिल्ली सरकार केंद्र सरकार की इस दूरदर्शी योजना के तहत सभी सरकारी भवनों और आवासीय परिसरों में सौर पैनलों की स्थापना को

# सीएम ने पत्रकारों के हित में किए वादे पूरे करने का भरोसा दिया



**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली।** मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता से सोमवार को नेशनल यूनियन आफ जर्नलिस्ट्स (इंडिया) (एनयूजे-आई) अध्यक्ष रास बिहारी और दिल्ली जर्नलिस्ट्स एसोसिएशन (डीजेए) के अध्यक्ष राकेश थपलियाल के नेतृत्व में पत्रकारों के एक प्रतिनिधिमंडल ने मुलाकात की। दिल्ली विधानसभा स्थित मुख्यमंत्री दफ्तर में प्रतिनिधिमंडल ने दिल्ली के पत्रकारों की विभिन्न समस्याओं के बारे में मुख्यमंत्री को अवगत कराया। मुख्यमंत्री ने इन्हें प्राथमिकता के आधार पर हल किये जाने का आश्वासन दिया।

**अवगत कराया**

□ प्रतिनिधिमंडल ने के पत्रकारों की विभिन्न समस्याओं के बारे में मुख्यमंत्री को अवगत कराया

# युवक की गला दबाकर हत्या की कोशिश, एफआईआर

□ बोगी में चढ़ने के दौरान हुए विवाद में यात्री ने युवक की गला दबाकर हत्या की



**जांच जारी**

□ नई दिल्ली रेलवे थाना पुलिस ने पीड़ित के बयान पर मामला दर्ज कर लिया है और मामले की छानबीन

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** राजधानी एक्सप्रेस की बोगी में चढ़ने के दौरान हुए विवाद में यात्री ने युवक की गला दबाकर हत्या की कोशिश की। साथ ही उनकी दिव्यांग मां के साथ बदसलूकी की। राजेंद्र नगर टर्मिनल पहुंचने पर पीड़ित युवक ने इसकी शिकायत गवर्नमेंट रेलवे पुलिस (जीआरपी) से की। शिकायत पर रेलवे पुलिस ने जीरो एफआईआर दर्ज कर लिया। बाद में जांच के लिए मामले को नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पुलिस को ट्रांसफर कर दिया गया। नई दिल्ली रेलवे थाना पुलिस ने पीड़ित के बयान पर मामला दर्ज कर लिया है और मामले की छानबीन शुरू कर दी है। रोहिणी के सेक्टर-18 निवासी अभिनव तथागत ने पुलिस को दी शिकायत में अभिनव में बताया, वह 28 मार्च को तेजस राजधानी ट्रेन से बुजुर्ग व दिव्यांग मां के साथ पटना जा रहे थे। तभी एक युवक आया और उनकी मां के साथ दुर्व्यवहार करने लगा। गुस्से में आकर युवक अभिनव और उनकी मां को गाली देने लगा। गाली गलौज का विरोध करने पर आरोपी ने अभिनव को बेरहमी से पीटना शुरू कर दिया। उनके चेहरे, गर्दन और सिर पर मुक्का मारा। उसने गला दबाकर हत्या की कोशिश की। मां मदद के लिए चिल्लाती रहीं। इस बीच एक यात्री ने बीच बचाव कर उन्हें छुड़ाया।

अभिनव ने बताया, यात्री ने हस्तक्षेप नहीं किया होता तो आरोपी उसकी हत्या कर देता। इस दौरान ट्रेन रवाना हो चुकी थी। पीड़ित ने रेलवे हेल्पलाइन नंबर 139 और आपातकालीन नंबर 112 पर भी कॉल किया। पीड़ित ने ट्रेन में सवार रेलवे पुलिस को भी घटना के बारे में सूचित किया। अगले दिन राजेंद्र नगर रेलवे टर्मिनल पर ट्रेन से उतरने के बाद उन्होंने जीआरपी से घटना की शिकायत की। शिकायत में उन्होंने बताया कि उसके सिर के पीछे और गले पर गंभीर चोटें आई हैं। शिकायत पर राजेंद्र नगर जीआरपी ने जीरो एफआईआर दर्ज कर ली। चूंकि घटना नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर हुई है, इसलिए शिकायत को जांच के लिए नई दिल्ली रेलवे थाना पुलिस के पास भेज दिया।

## हत्या के मामले में तीन आरोपित गिरफ्तार

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस की क्राइम ब्रांच ने हत्या के मामले में तीन आरोपितों को गिरफ्तार किया है। आरोपितों में पति-पत्नी और उनका नाबालिग बेटा शामिल है। यह कार्रवाई 9 मई को की गई। पुलिस टीम ने गुप्त सूचना के आधार पर आरोपितों को दक्षिणी दिल्ली के साकेत इलाके से गिरफ्तार किया है। क्राइम ब्रांच के डीसीपी आदित्य गौतम ने सोमवार को बताया कि पकड़े गए आरोपितों की पहचान 54 वर्षीय फैसल हुसैन, उसकी पत्नी रुकसाना खातून (46) और उनका नाबालिग बेटा शामिल है।

डीसीपी के अनुसार घटना 29 अप्रैल 2025 का है। जब उत्तम नगर के सेवक पार्क इलाके में दो पड़ोसियों फैसल हुसैन और मौलाना हसन के बीच विवाद हुआ। यह झगड़ा वीडियो गेम पार्लर को लेकर हुआ, जिसे फैसल हुसैन चला रहा था। शोर-शराबे से परेशान होकर जब मौलाना हसन ने आपत्ति जताई, तो मामला मारपीट तक पहुंच गया।

# ऑपरेशन सिंदूर: भाजपा ने सेना का जताया आभार

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली।** भाजपा ने आतंकवाद के खिलाफ ऑपरेशन सिंदूर की सफलता में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने के लिए भारतीय सुरक्षा बलों को धन्यवाद दिया है। भाजपा ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर 100 फीसदी सफल रहा। जितने हमारे जांबाज पायलट राफेल के साथ गए थे, वह सभी आतंकी ठिकानों को ध्वस्त करके आए, लेकिन किसी नागरिक को नहीं मारा। भाजपा मुख्यालय में सोमवार को हुई प्रेस कॉन्फ्रेंस में पार्टी प्रवक्ता ओर सांसद संबित पात्रा ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर 100 प्रतिशत सफल रहा। जितने हमारे जांबाज पायलट गए थे राफेल के साथ, उतने लौटकर आए। सभी आतंकी ठिकानों को ध्वस्त करके आए, लेकिन किसी नागरिक को नुकसान नहीं पहुंचाया। इस सिंदूर ऑपरेशन के तहत सेना ने



पाकिस्तान के नौ आतंकी शिविरों को नष्ट कर दिया, जिनमें से पांच पाकिस्तान के कब्जे वाले जम्मू और कश्मीर (पीओके) में और चार पाकिस्तान में थे। उन्होंने राष्ट्र की सुरक्षा में सुरक्षा बलों के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि सेना ने अदम्य साहस का परिचय दिया है।

संबित पात्रा ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर में लश्कर-ए-तैयबा का आतंकी मुजस्सर उर्फ अबू जिंदाल मारा गया। इसके जनाजे में पाकिस्तान के आर्मी चीफ और आर्मी अधिकारी, पंजाब सीएम मरियम नवाज शामिल हुईं। इससे साबित होता है कि आतंकवाद और आतंक को बढ़वा देने वाले एक साथ काम करते हैं। दूसरा जैश-ए-मोहम्मद का आतंकी यूसुफ अजहर व हाफिज मुहम्मद जमील मारा गया। उन्होंने कहा कि 22 अप्रैल को पहलगाम में पाकिस्तान द्वारा प्रशिक्षित आतंकियों ने 26 लोगों की नृशंस हत्या कर दी गई थी। तब प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने वादा किया था कि आतंकवाद के खिलाफ हमला होगा।






# परिवहन : दिल्ली से जम्मू जाने के लिए बसों की कमी, परेशानी बढ़ी

□ जो चल रही हैं उनमें टिकटों की खातिर मारामारी

**यात्री परेशान**

□ दिल्ली से जम्मू रूट पर बसों का संचालन अभी सामान्य नहीं हुआ है। रोजाना करीब 15 बसें जाती हैं



**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली।** दिल्ली से जम्मू जाने के लिए इन दिनों बसों की किल्लत है। भारत-पाकिस्तान के बीच भले ही सीजफायर हो गया है, लेकिन दिल्ली से जम्मू रूट पर बसों का संचालन अभी सामान्य नहीं हुआ है। कश्मीरी गेट और सराय काले खां बस अड्डे से जम्मू के लिए रोजाना करीब 15 बसें जाती हैं। इनमें करीब 13 बिना वातानुकूलित बसें नहीं चल रहीं हैं। हरियाणा रोडवेज ने भी दिल्ली से जम्मू जाने वाली अपनी करीब 30 बसों को पूरी तरह रद्द कर दिया है। कश्मीरी गेट से जम्मू जाने वाली 13 बसों को इन दिनों सैन्य ड्यूटी में तैनात किया गया है। दो वॉल्वो एसी बसें बुधवार और शनिवार को चल रही हैं, जिनके टिकटों के लिए मारामारी मची हुई है।

**मुझे** जम्मू जाना था, लेकिन बस स्टैंड पर आकर पता चला की जम्मू जाने वाली बसों को बंद कर दिया है। अब मुझे निजी बसों का सहारा लेकर जम्मू जाना पड़ रहा है।
**- टिंकल गोरा, यात्री**

**कई** दिनों से जम्मू जाने का प्रयास कर रहा हूं, लेकिन बसों का संचालन बंद है। बस अड्डे पर पूछने पर पता चला कि भारत-पाकिस्तान के बीच हो रही तनातनी को लेकर बसें बंद हैं।
**-तुषार, यात्री**

**दिल्ली** से जम्मू कश्मीर के लिए कुल 15 बसें चलती हैं, लेकिन सैन्य टकराव के कारण 13 बसों को सैन्य ड्यूटी में लगाया गया है। स्थिति सामान्य होने के बाद बसों को फिर से चला दिया जाएगा।
**- मोहम्मद इकबाल, वरिष्ठ सहायक अधिकारी- कश्मीरी गेट बस अड्डा**

**जम्मू जाने** के वाली बसें लंबे समय से बंद हैं। फिलहाल उस रूट पर अमृतसर तक ही बसों का संचालन किया जा रहा है। बाकी सभी रूटों पर हरियाणा की बसें चल रहीं हैं।
**- लेखराज, महाप्रबंधक हरियाणा**




# मानसून से पहले लघु अवधि परियोजनाएं पूर्ण करें विभाग: सीएम

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने सिंचाई एवं जल संसाधन, जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभागों के साथ की बैठक, जल निकासी पर दिया जाए विशेष ध्यान, ड्रेनों और माइनर की सफाई व गहराई की जाए सुनिश्चित: मुख्यमंत्री, रिवर बेड को सुदृढ़ किया जाए, जिससे जलधाराओं का प्राकृतिक प्रवाह बना रहे

टीम एक्शन इंडिया

**चंडीगढ़:** हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने आगामी मानसून सीजन को ध्यान में रखते हुए राज्यभर में चल रही अल्पकालिक परियोजनाओं की समीक्षा की और संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि मानसून से पहले सभी आवश्यक कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर पूरा किया जाए। इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। मुख्यमंत्री ने आज यहां सिंचाई एवं जल संसाधन, जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी तथा शहरी स्थानीय निकाय विभागों के अधिकारियों के साथ बैठक कर निर्देश दिए कि राज्य में सभी ड्रेनों और माइनरों की तत्काल सफाई सुनिश्चित की जाए, ताकि बारिश के दौरान किसी भी प्रकार की जलभराव या बाढ़ जैसी स्थिति उत्पन्न न हो।

उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि सरस्वती नदी, मारकंडा नदी और टांगरी नदियों की भी डिसिल्टिंग करके गहराई सुनिश्चित करते हुए रिवर बेड को सुदृढ़ किया जाए, जिससे जलधाराओं का प्राकृतिक प्रवाह बना रहे। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि ड्रेनों और माइनरों में जलकुंभी उगते हैं, उनकी तुरंत सफाई करवाई जाए, ताकि जल प्रवाह में कोई बाधा उत्पन्न न हो। साथ ही, सभी बांधों की पूर्व जांच की जाए और यदि कहीं भी कोई कमी या क्षति पाई जाती है तो उसे समय रहते ठीक किया जाए। उन्होंने कहा कि मानसून से पहले सभी अल्पावधि कार्यों को युद्धस्तर पर पूरा किया जाए और सिंचाई एवं जल संसाधन व जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभागों द्वारा किए जा रहे कार्यों की जानकारी स्थानीय जन प्रतिनिधियों और संबंधित उपायुक्त को भी दी जाए।

राज्य में खालों की समीक्षा करते हुए मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए कि प्रदेशभर में 20 वर्ष से पुराने खालों की सूची तैयार की जाए, ताकि उनकी सफाई व मरम्मत की कार्य योजना बनाई जा सके।



**यमुना होगी प्रदूषण मुक्त**

मुख्यमंत्री ने यमुना नदी को प्रदूषण मुक्त रखने के लिए विशेष दिशा-निर्देश देते हुए कहा कि यमुना नदी में किसी भी प्रकार का गंदा पानी का नाला न गिराया जाए। उन्होंने कहा कि जहां-जहां इंडस्ट्रियल वेस्ट नदी में प्रवाहित हो रहा है, वहां तुरंत सीईटीपी (कॉमन एफ्लुएंट ट्रीटमेंट प्लांट) की स्थापना सुनिश्चित की जाए। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि संबंधित शहरों में सीईटीपी परियोजनाओं के लिए विस्तृत प्रस्ताव तैयार किए जाएं। उन्होंने कहा कि सीईटीपी से निकलने वाले शुद्ध जल का उपयोग सिंचाई जैसे कार्यों में भी किया जा सके, इसके लिए एक अलग व्यवस्था की जाए। मुख्यमंत्री ने मानसून से पहले सभी वाटर हार्वेस्टिंग और वाटर रिचार्जिंग स्ट्रक्चरों की सफाई और सुदृढ़ीकरण के निर्देश भी दिए, ताकि वर्षा जल का अधिकतम संचयन और भूजल स्तर को बेहतर बनाने के प्रयास सफल हो सकें।

**30 जून तक सभी ड्रेनों की सफाई का कार्य पूरा होगा**

बैठक में मुख्यमंत्री को अवगत करवाया गया कि हरियाणा राज्य सूखा राहत एवं बाढ़ नियंत्रण बोर्ड की बैठक में 282 करोड़ रुपए की लागत की 209 अल्पावधि परियोजनाओं को मंजूरी दी गई थी। इनमें से 103 परियोजनाओं पर कार्य चल रहा है और शेष परियोजनाएं अनुमोदन के विभिन्न चरणों में हैं। बैठक में जानकारी दी गई कि 30 जून तक सभी ड्रेनों की सफाई का कार्य पूरा कर लिया जाएगा।

## हरियाणा में परियोजना क्षेत्र में पुलों-पुलियों के निर्माण की अनुमति अब 60 दिन में

टीम एक्शन इंडिया

**चंडीगढ़:** हरियाणा में सिंचाई तथा जल संसाधन विभाग के अंतर्गत परियोजना क्षेत्र में पुलों और पुलियों के निर्माण की अनुमति अब 60 दिन के अंदर मिलेगी। राज्य सरकार ने इस सेवा को हरियाणा सेवा का अधिकार अधिनियम, 2014 के दायरे में लाते हुए इसकी समय-सीमा निर्धारित की है।

मुख्य सचिव अनुराग रस्तोगी द्वारा इस आशय की एक अधिसूचना जारी की गई है। इस सेवा के लिए सम्बन्धित इकाई के मुख्य अभियंता को पदनामित अधिकारी नामित किया गया है। सिंचाई तथा जल संसाधन विभाग के महाप्रबंधक को प्रथम शिकायत निवारण प्राधिकारी तथा सम्बन्धित इकाई के प्रमुख अभियंता को द्वितीय शिकायत निवारण प्राधिकारी बनाया गया है।

**ऊर्जा मंत्री ने जेई को निलंबित करने के जारी किए आदेश**

हरियाणा के ऊर्जा मंत्री अनिल विज ने ड्यूटी में लापरवाही व बिजली कनेक्शन जारी करने में की गई लापरवाही के आरोप में चरखी-दादरी सिटी के कनिष्ठ अभियंता (जेई) राजेंद्र सिंह को तुरंत प्रभाव से निलंबित करने के आदेश दिए हैं।

## सोनीपत में एमडीयू का स्नातक हिंदी का पेपर लीक

**चंडीगढ़:** हरियाणा के सोनीपत में सोमवार को शुरू हुई एमडीयू यूनिवर्सिटी की परीक्षा में बीए हिंदी का पेपर आउट हो गया। परीक्षा शुरू होने के कुछ देर बाद ही यह फोटो स्टेट की दुकानों पर पहुंच गया, जहां बड़ी संख्या में चीट शीट तैयार की गई। इस दौरान न तो यूनिवर्सिटी प्रशासन को खबर लगी और न ही पुलिस को। काफी देर तक यह पेपर फोटो कॉपी के रूप में बिकता रहा। मीडिया में खुलासा होने के बाद करीब 1:30 बजे पुलिस ने फोटो स्टेट की दुकान पर छापेमारी की। एसीपी राहुल देव के साथ पहुंची सीआईए-1 की टीम ने मौके पर नकल सामग्री, आउट हुआ पेपर और नकल से संबंधित अन्य सामग्री बरामद की। दुकानदार आकाश को हिरासत में ले लिया गया। मौके से नकल की पर्ची, फोटो कॉपी करवाने वाले 6 युवक भी पकड़े गए हैं, जो ए आई एस से आंसर तैयार कर रहे थे। इन सभी से मोबाइल फोन, कैश भी बरामद किया गया है। पुलिस मामले में जांच कर रही है कि इन लोगों ने कैसे पेपर आउट किया। कौन-कौन लोग इसमें शामिल है।

# आमजन की शिकायतों को गंभीरता से लें अधिकारी: शिक्षा मंत्री महिपाल

**निरीक्षण**

चार स्कूलों का निरीक्षण करें और वहां बच्चों को दी जा रही मूलभूत सुविधाओं की करें जांच



टीम एक्शन इंडिया

**जींद:** हरियाणा के शिक्षा मंत्री महीपाल ढांडा ने कहा कि जिला के सभी उच्च अधिकारी हर महीने कम से कम चार स्कूलों का निरीक्षण करें और वहां बच्चों को दी जा रही गुणवत्ता पूरक शिक्षा एवं उनकी मूलभूत सुविधाओं की जांच करें। अगर किसी स्कूल में कोई कमी आंकी जाती है तो उसका समाधान कराया जाए, ताकि शिक्षा का स्तर और अधिक मजबूत हो सके। शिक्षा मंत्री आज जींद के डीआरडीए के सभागार में आयोजित जिला कष्ट निवारण समिति की बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। इस अवसर पर उचाना के विधायक देवेंद्र अत्री, डीसी मोहम्मद इमरान रजा, पुलिस अधीक्षक कुलदीप सिंह सहित अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे। शिक्षा मंत्री महीपाल ढांडा की अध्यक्षता में हुई इस बैठक में समाधान के लिए कुल 18 शिकायतें रखी गई, जिसमें से 4 का मौके पर ही समाधान किया गया और शेष बची शिकायतों के समाधान के लिए अधिकारियों की कमेटी गठित कर उनकी ड्यूटियां निर्धारित की गई हैं। बैठक में जानकारी दी गई कि ज्यादातर मामले काफी पुराने हैं, इसलिए मामलों के समाधान के लिए निष्पक्ष जांच करवाकर ही समाधान करवाया जाएगा। शिक्षा मंत्री महीपाल ढांडा ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे ईमानदारी से कार्य करें, शिकायतों की तह तक जाकर ही कोई निर्णय लें ताकि प्रतिवादी को न्याय मिल सके। जिला कष्ट निवारण समिति की बैठक उपरांत शिक्षा मंत्री महीपाल ढांडा ने पत्रकारों के साथ बातचीत करते हुए कहा कि बच्चों को गुणवत्ता पूर्वक व संस्कार युक्त शिक्षा देना सरकार का मुख्य ध्येय है। केन्द्र सरकार द्वारा लागू की गई राष्ट्रीय शिक्षा नीति को प्रदेश सरकार द्वारा लागू किया जा चुका है। इस राष्ट्रीय शिक्षा नीति के लागू होने से हरियाणा में शिक्षा स्तर और मजबूत होगा। विद्यार्थियों को अपने मूल विषयों के साथ- साथ एक अन्य भाषा सीखने का भी मौका मिलेगा, ताकि हमारे युवा दूर- दराज क्षेत्रों में जाकर अपनी मूल भाषा के साथ- साथ अन्य भाषाओं में अपने विचार आदान-प्रदान कर सकें। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार द्वारा योजना के तहत विद्यार्थियों को पुस्तक व स्टेशनरी उपलब्ध करवा दी गई।

# चुनाव प्रक्रिया को निष्पक्ष बनाने की पहल कर रहा आयोग

**बातचीत की**

भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के महासचिव एम. ए. बेबी के नेतृत्व में पार्टी के नेताओं के साथ बातचीत की

टीम एक्शन इंडिया

**चंडीगढ़:** हरियाणा के मुख्य निर्वाचन अधिकारी पंकज अग्रवाल ने कहा कि भारत निर्वाचन आयोग लोकसभा एवं राज्य विधानसभाओं की चुनाव प्रक्रिया को और अधिक पारदर्शी एवं निष्पक्ष बनाने के लिए लगातार नई पहल कर रहा है।

इस कड़ी में मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार और चुनाव आयुक्त डॉ. सुखबीर सिंह संधू और डॉ. विवेक जोशी ने निर्वाचन सदन में भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (मार्क्सवादी) के महासचिव एम. ए. बेबी के नेतृत्व में पार्टी के नेताओं के साथ बातचीत की। यह बैठक विभिन्न राष्ट्रीय और राज्य राजनीतिक दलों के अध्यक्षों के साथ चुनाव आयोग द्वारा की जा रही बातचीत के क्रम में है। उन्होंने बताया कि आयोग ने इससे पहले 6 मई, 2025 को बहुजन समाज पार्टी (बसपा) की अध्यक्ष सुमावती के नेतृत्व में तथा 8 मई, 2025 को भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा के नेतृत्व में प्रतिनिधिमंडलों के साथ बैठक की। उन्होंने कहा कि त्रुटिरहित मतदाता सूची सुनिश्चित करने के लिए राष्ट्रीय एवं राज्य स्तर के मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों एवं अन्य हितधारकों के साथ कुल 4,719 बैठकें आयोजित की गई। जिला निर्वाचन अधिकारियों द्वारा तथा 3,879 बैठकें निर्वाचन अधिकारियों द्वारा की गई।

# शहीद दिनेश कुमार की शहादत पर देश गर्वित: सहकारिता मंत्री अरविंद शर्मा

**श्रद्धांजलि**

शहीद दिनेश कुमार के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित करते हुए उन्हें नमन किया और भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित की

टीम एक्शन इंडिया

**पलवल।** हरियाणा के सहकारिता, चुनाव, जेल, विरासत और पर्यटन मंत्री डा. अरविंद शर्मा सोमवार को पाकिस्तान सेना द्वारा किए हमले में शहीद हुए जिला पलवल के होडल उपमंडल के गांव नगला मोहम्मदपुर के शहीद दिनेश कुमार के घर सांत्वना देने पहुंचे। इस दौरान उन्होंने शहीद दिनेश कुमार के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित करते हुए उन्हें नमन किया और भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित की। पर्यटन मंत्री डा. अरविंद शर्मा ने कहा कि पलवल की धरती के वीर सपूत शहीद दिनेश कुमार ने देश की सीमा पर पाकिस्तान की ओर से हुए हमले का डटकर मुकाबला करते हुए मातृभूमि की रक्षा कर अपने प्राणों का बलिदान दिया है, जिस पर हम सब को गर्व है। उन्होंने कहा कि आने वाली पीढ़ि ें शहीद दिनेश कुमार के बलिदान और राष्ट्र के प्रति उनके अटूट समर्पण को कभी नहीं भूलेंगी। उन्होंने शहीद के पिता दयाचंद शर्मा को सांत्वना देते हुए कहा कि शहीद दिनेश कुमार के बलिदान का सम्पूर्ण राष्ट्र सदैव ऋणी रहेगा। उन्होंने शहीद के परिजनों को हर संभव सहयोग देने का



आश्वासन दिया। इस दौरान उन्होंने शहीद के गांव नगला मोहम्मदपुर जाने वाली सडक के सुदृढीकरण और चौड़ीकरण को लेकर जिला प्रशासन को निर्देश दिए। कैबिनेट मंत्री डा. अरविंद शर्मा ने कहा कि 22 अप्रैल के पहलगाम आतंकी हमले पर देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा था कि भारत आतंकवाद व आतंकियों को मिट्टी में मिला देगा। हमारी सैन्य ताकत ने 9 आतंकी ठिकानों को नेस्तनाबूद करते हुए 100 हार्डकोर आतंकियों को ढेर किया, जिसमें कंधार विमान अपहरण से लेकर संसद हमले के दोषी भी शामिल थे। उन्होंने कहा कि ऑपरेशन सिन्दूर के माध्यम से हमारी थलसेना, वायुसेना व नौसेना ने अपनी ताकत से पाकिस्तान व उनके समर्थित आतंकवाद को मुंहतोड़ जवाब दिया है।

हमारे सैनिकों के जज्बे व ताकत की वजह से आज देश को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पाकिस्तान को आतंक का मददगार साबित करना संभव हुआ है। उल्लेखनीय है कि शहीद दिनेश कुमार जम्मू कश्मीर में पुंछ बॉर्डर पर लांस नायक के पद पर तैनात थे और पाकिस्तानी सेना द्वारा किए गए हमले में देश की रक्षा करते हुए वीरगति को प्राप्त हुए थे।

# अरावली की श्रृंखलाओं में नवकल्प की प्रकृति संवाद यात्रा से मिली सीख

**समारोह**

प्रकृति संवाद यात्रा प्रकृति और जीवन के गहरे संबंध को दर्शाने वाली एक उत्कृष्ट पहल साबित हुई

टीम एक्शन इंडिया

**चंडीगढ़:** नवकल्प फाउंडेशन द्वारा आयोजित प्रकृति संवाद यात्रा प्रकृति और जीवन के गहरे संबंध को दर्शाने वाली एक उत्कृष्ट पहल साबित हुई। इस महत्वपूर्ण कार्यक्रम में गुरुग्राम के राव रामसिंह स्कूल के विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया, जिससे उन्हें अरावली की मनोरम पहाड़ि ों के बीच प्रकृति के महत्व को प्रत्यक्ष रूप से समझने का अवसर मिला। फाउंडेशन के महासचिव डॉ. सुनील आर्य के नेतृत्व में सुबह की शांत बेला में शुरू हुई इस यात्रा का मुख्य उद्देश्य युवा पीढ़ी को प्रकृति, धरती, पहाड़, जंगल, पर्यावरण वन्य जीवन संरक्षण के प्रति जागरूक और संवेदनशील बनाना था। विद्यार्थियों ने प्रकृति की गोद में पहुंचकर धरती, पर्यावरण, जंगल, पहाड़ और वन्यजीवों की अनमोल ध्वनियों को महसूस किया। भोंडसी गांव में उन्हें बाबा आदेश तिवारी के प्रेरणादायक शब्दों से स्वस्थ जीवनशैली का महत्व भी ज्ञात हुआ-खूब खाओ, खूब पढ़ो पर मेहनत भी खूब करो। विद्यार्थियों का उत्साह देखते ही बनता था, जिन्होंने अपनी प्रसन्नता और देशभक्ति की भावना को सहज रूप से व्यक्त किया। डॉ. सुनील आर्य ने उन्हें अरावली की पहाड़ि ों और जंगलों की महत्ता से अवगत कराया और इसकी स्वच्छता व संरक्षण को सामूहिक जिम्मेदारी बताया। उन्होंने कुछ स्थानों पर प्लास्टिक कचरा देखकर चिंता जताई, लेकिन राव रामसिंह स्कूल के छात्रों द्वारा दिखाई गई जिम्मेदारी और सफाई प्रयासों की सराहना की।

**पहाड़ी पथ पर शिक्षा और सहभागिता**

इस प्रकृति संवाद यात्रा में लगभग 7 किलोमीटर की पहाड़ी पदयात्रा भी शामिल थी, जिसमें सभी ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। पक्षियों का मधुर कलरव, मोरों की मनमोहक आवाज और बच्चों की ऊर्जा ने इस अनुभव को अविस्मरणीय बना दिया। मां भुवनेश्वरी के दर्शन और मंदिर की गौशाला के शुद्ध छाछ के प्रसाद ने सभी को शांति और संतुष्टि प्रदान की। यात्रा के दौरान पूर्व प्रधानमंत्री चंद्रशेखर जी का उजड़ा हुआ भारत यात्रा केंद्र भी देखा गया, जो इतिहास और प्रकृति के अनूठे संगम का प्रतीक था। इस अवसर पर राव रामसिंह स्कूल के निदेशक जगदीश यादव ने कहा कि नवकल्प फाउंडेशन की यह पहल अत्यंत सराहनीय है।

# महिला तथा बाल विकास विभाग की दो सेवा का अधिकार

**समय-सीमा**

हरियाणा सेवा का अधिकार अधिनियम, 2014 के दायरे में लाते हुए इनकी समय-सीमा निर्धारित की है

टीम एक्शन इंडिया

**चंडीगढ़:** हरियाणा सरकार ने महिला एवं बाल विकास विभाग की दो सेवाओं को हरियाणा सेवा का अधिकार अधिनियम, 2014 के दायरे में लाते हुए इनकी समय-सीमा निर्धारित की है।

मुख्य सचिव अनुराग रस्तोगी द्वारा जारी की गई अधिसूचना के अनुसार निजी प्ले वे स्कूल को मान्यता देने के लिए 45 दिन की समय-सीमा निर्धारित की गई है। इसके अलावा, मान्यता का नवीकरण 30 दिन के अंदर किया जाएगा। इन दोनों सेवाओं के लिए जिला कार्यक्रम अधिकारी को पदनामित अधिकारी नामित किया गया है। महानिदेशक /निदेशक को प्रथम शिकायत निवारण अधिकारी जबकि विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव/प्रधान सचिव/आयुक्त एवं सचिव को द्वितीय शिकायत निवारण अधिकारी बनाया गया है।

# हरियाणा से यूरोपीय देशों को नर्सेज भेजने की तैयारी

**प्रावधान**

अवैध तरीके से युवाओं को विदेश भेजने वाले एजेंटों के विरुद्ध तीन से 10 साल की सजा का प्रावधान किया

टीम एक्शन इंडिया

**चंडीगढ़:** हरियाणा कौशल रोजगार निगम के जरिए युवाओं को रोजगार के लिए इजराइल भेजने के बाद अब हरियाणा सरकार नर्सों को यूरोपीय देशों में भेजने की तैयारी में है यूरोपीय देशों में भारतीय नर्सों की मांग लगातार बढ़ रही है। इन देशों की बढ़ती आबादी और पुरानी बीमारियों के कारण नर्सों की जरूरत को देखते हुए हरियाणा भी नर्सें भेजने के लिए तैयार है। यूरोपीय देशों ने शुरुआत में करीब दो हजार नर्सों की जरूरत बताई है। इसी के अनुसार राज्य सरकार की ओर से तैयारी की जा रही है। हरियाणा सरकार ने



पिछले दिनों इजरायल में करीब 200 श्रमिकों को भिजवाया था, जबकि दुबई में हैवी वाहन चलाने वाले ड्राइवरों को भेजने के लिए आवेदन मांगे हैं प्रदेश सरकार की सोच है कि हरियाणा कौशल रोजगार निगम के माध्यम से विदेश में रोजगार के लिए राज्य के युवाओं को भेजा जाए, ताकि वे वहां जाकर किसी षड्यंत्र, लूट और उत्पीड़न का शिकार न हो सकें। डंकी रूट को खत्म करने के लिए सरकार ने हाल ही में कानून भी बनाया है, जिसके तहत अवैध तरीके से युवाओं को विदेश भेजने वाले एजेंटों के विरुद्ध तीन से 10 साल की सजा का प्रावधान किया गया है हरियाणा के विदेश सहयोग विभाग और मुख्यमंत्री के सलाहकार डॉ. पवन चौधरी की देखरेख में युवाओं को वैध तरीके से विदेश रोजगार के लिए भेजने की प्रक्रिया को अंजाम दिया जा रहा है।

# आमजन को एक छत के नीचे मिलेंगे हैफेड व वीटा उत्पाद: डॉ. अरविंद शर्मा

**विस्तृत रेंज**

हैफेड मिलकर मॉडल पार्लर स्थापित करेंगे, जिनके माध्यम से लोगों को विश्वस्तरीय उत्पादों की विस्तृत रेंज उपलब्ध होगी

टीम एक्शन इंडिया

**चंडीगढ़:** हरियाणा के सहकारिता मंत्री डॉ. अरविंद शर्मा ने कहा कि हैफेड और वीटा के गुणवत्तापरक उत्पाद अब आमजन को एक ही छत के नीचे उपलब्ध होंगे। इसके लिए डेयरी फेडरेशन और हैफेड मिलकर मॉडल पार्लर स्थापित करेंगे, जिनके माध्यम से लोगों को विश्वस्तरीय उत्पादों की विस्तृत रेंज उपलब्ध होगी। उन्होंने बताया कि इस वर्ष प्रदेशभर में 350 नए वीटा बूथ स्थापित किए जाएंगे।सहकारिता मंत्री डॉ. अरविंद शर्मा ने आज सोनीपत में श्याम महिला सेल्फ हेल्प ग्रुप द्वारा स्थापित वीटा बूथ का लोकार्पण किया और इस अवसर पर जनसमूह को भी संबोधित किया। डॉ. शर्मा ने कहा कि स्वयं सहायता समूहों का वीटा बूथ संचालन के लिए आगे आना यह दर्शाता है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में प्रदेश सरकार अधिक से अधिक लोगों को आत्मनिर्भर बनाने हेतु अवसर प्रदान कर रही है।उन्होंने बताया कि केंद्रीय सहकारिता मंत्री अमित शाह देश के प्रत्येक परिवार को सहकारिता से जोड़ने के संकल्प को साकार कर रहे हैं। इसी दिशा में हरियाणा सरकार ने भी मौजूदा वित्त वर्ष में सहकारिता विभाग का बजट 58.8 प्रतिशत तक बढ़ाया है। उन्होंने कहा कि इस वर्ष डेयरी फेडरेशन 15 प्रतिशत अधिक दूध संकलन के लक्ष्य के साथ आगे बढ़ेगा। मुख्यमंत्री दूध प्रोत्साहन योजना के तहत दूध उत्पादकों के लिए 70 करोड़ रुपये का अतिरिक्त बजट आवंटन एक उत्साहवर्धक कदम है।

# यमुनानगर के किसान की बनाई मशीन का 18 देशों में हो रहा इस्तेमाल

टीम एक्शन इंडिया

**चंडीगढ़:** हरियाणा के यमुनानगर जिले के गांव दामला के किसान धर्मबीर कंबोज की बनाई मल्टी पर्पज फूड प्रोसेसिंग मशीन पर अब हरियाणा सरकार 80 हजार रुपये से लेकर 1 लाख रुपये तक की सब्सिडी देगी। मात्र 10वीं पास धर्मबीर कंबोज की बनाई यह मशीन 18 देशों में फूड प्रोसेसिंग के उपयोग में लाई जा रही है। धर्मबीर ने बताया कि वे आर्थिक तंगी के कारण केवल मैट्रिक कक्षा तक ही पढ़ पाए। अपने परिवार की आर्थिक हालत को देखते हुए वे 1980 के दशक में दिल्ली चले गए। वहां जाकर उन्होंने रिक्शा चलाने तक का काम किया। हालांकि एक दुर्घटना के बाद वे वापस अपने गांव लौट आए। गांव में वापस आने के बाद उन्होंने अपनी पुश्तैनी 2



एकड़ जमीन में से 1 एकड़ पर एलोवेरा और तुलसी की खेती शुरू की।

उन्होंने बताया कि दिल्ली में काम करते हुए उन्होंने औषधीय खेती के बारे में सुना था, इसी को ध्यान में रख कर उन्होंने औषधीय खेती शुरू कर दी। खेती के बाद जब उन्होंने अपनी उपज बेचने की कोशिश की तो उन्हें उचित दाम नहीं मिले। आखिरकार उन्होंने खुद ही फसलों की प्रोसेसिंग करने की सोची। धर्मबीर ने बताया कि फसल की सही कीमत पाने में दिक्कत हो रही थी, इसलिए, सोचा कि क्यों न अपनी उपज को प्रोसेस करके बेचूं, लेकिन कोई बड़ी मशीन खरीदने की हैसियत नहीं थी। इसी दौरान उन्होंने खुद ही मशीनें डिजाइन करने का फैसला लिया। इसके लिए बागवानी विभाग ने भी 25 हजार रुपये की मदद गुलाब जल निकालने वाली मशीन तैयार करने के तौर पर दी। उन्होंने इसी मशीन में और डाई का प्रयोग करके इसे मल्टी पर्पज बना दिया। धर्मबीर ने बताया कि इस मशीन पर प्रदेश सरकार द्वारा सब्सिडी दिए जाने से अब किसानों और स्वयं सहायता समूह इसे आसानी से खरीद पाएंगे। उन्होंने बताया कि 2 लाख रुपये कीमत की यह मशीन अब किसानों को आधे दाम पर ही उपलब्ध होगी। किसान धर्मबीर के अनुसार उन्होंने वर्ष 2007 में मल्टी पर्पज फूड प्रोसेस मशीन बनाई। उनकी बनाई मशीन का पता जब अहमदाबाद के नेशनल इनोवेशन संस्थान को चला तो उन्होंने इस मशीन को और अधिक आधुनिक बनाने में मदद की। चौधरी चरण सिंह कृषि विश्वविद्यालय द्वारा भी वित्तीय सहायता उपलब्ध करवाई गई।

**भारत के राष्ट्रपति द्वारा सम्मानित**

वर्ष 2013 में, धर्मबीर को उनके अभिनव कार्य के लिए भारत के तत्कालीन राष्ट्रपति प्रणब मुखर्जी द्वारा सम्मानित किया गया था। उन्होंने कहा, मुझे अपनी बहुउद्देशीय मशीनों के कारण कई राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय पुरस्कार मिल चुके हैं। जब मैंने पहली बार मशीन विकसित की थी, तो लोग मेरे विचारों का मजाक उड़ाते थे। लेकिन मैंने कभी भी नकारात्मक आलोचना की परवाह नहीं की।

# निर्माणाधीन करनाल रिंग रोड पर इंटर चेंज मार्ग की मांग को लेकर डीसी को सौंपा ज्ञापन

**अल्टीमेटम**

**ग्रामीणों ने भाकियू के बैनर तले डीसी से की मुलाकात, ग्रामीणों ने प्रशासन को दिया 72 घंटे का अल्टीमेटम**



**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल।** निमार्णाधीन करनाल रिंग रोड पर इंटर चेंज मार्ग न बनाए जाने ग्रामीणों ने भारतीय किसान यूनियन के बैनर तले 12 सेक्टर स्थित लघु सचिवालय में डीसी उत्तम सिंह को ज्ञापन सौंपा गया। ग्रामीणों ने प्रशाशन को 72 घंटे का अल्टीमेटम दिया है। किसानों अपनी मांग को लेकर जोरदार प्रदर्शन किया। आंदोलित ग्रामीणों ने नारे लगाकर अपनी आवाज को बुलंद किया।

ग्रामीणों ने प्रशासन को चेतावनी देते हुए कहा कि अगर 3 दिन के अंदर उनकी समस्या का समाधान नहीं किया गया तो जोरदार आंदोलन किया जाएगा। आंदोलन के दौरान गांव सुहाना के पास चल रहे निर्माण कार्य को रोकना भी पड़ा तो सभी ग्रामीण इक्ठा होकर निर्माण कार्य को रोकने के लिए मजबूर हो जाएंगे, जिसकी सीधे-सीधे प्रशासन व कंपनी की जिम्मेदारी होगी। इस दौरान भाकियू संगठन सचिव श्याम सिंह मान, कोर कमेटी चेयरमेन यशपाल राणा, उत्तर हरियाणा प्रभारी महताब कादियान, महासचिव भूपिंदर सिंह लाडी विशेष रूप सेड मौजूद थे।

भाकियू के जिला प्रधान सुरेन्द्र घुम्मन ने कहा कि जो कुटेल से गांव दादुपुर खुर्द तक रिंग रोड बनाया जा रहा है, उसके प्वाईंट नंबर 18+00 किलोमीटर पर इंटर चेंज मार्ग नहीं बनाया जा रहा है, जबकि प्वाईंट नंबर 18+00 पर इंटर चेंज मार्ग बनाए जाने की मांग की जा रही है। शेखपुरा व सोहाना गांव से होते हुए यह सडक रसूलपुर कलां तक पहुंचती है। इसलिए यहां पर इंटर चेंज मार्ग बनाए जाने की जरूरत है। नहीं तो कई गांव के ग्रामीणों को दिल्ली व चंडीगढ़ मार्ग तक जाने में भारी असुविधा का सामना करना पड़ेगा। प्रदर्शन में शामिल ग्रामीणों ने चेतावनी देते हुए कहा कि अगर जरूरी हुआ तो मजबूरीवश रिंग रोड के निर्माण कार्य को रोकना पड़ा तो अपने कदम पीछे नहीं हटाएंगे। इसलिए इस संबंध में आज जिला उपायुक्त उत्तम सिंह से भेंट करके यह मांग उठाई गई है। यदि 72 घंटे में उनकी मांग का उचित समाधान नही किया गया तो ग्रामीण भाकियू के बैनर तले आन्दोलन करने पर मजबूर होंगे। आन्दोलन के दौरान किसी भी प्रकार के होने वाले नुक्सान की जिम्मेदारी निर्माण करने वाली कम्पनी व हरियाणा सरकार की होगी। भारतीय किसान यूनियन के प्रवक्ता सुरेंद्र सागवान ने डीसी से भेंट करने के बाद पत्रकारों को बताया कि डीसी उत्तम सिंह ने ग्रामीणों की बातों को ध्यान से सुनते हुए कहा कि जल्द ही निर्माण कंपनी के अधिकारियों के साथ भाकियू के प्रतिनिधि मंडल से बातचीत करवाई जाएगी और जल्द ही इस समस्या का समाधान करवाया जाएगा।

इस अवसर पर प्रवक्ता सुरेन्द्र सांगवान, घरौंडा ब्लाक प्रधान धनेतर राणा, निसिंग खंड प्रधान जोगिंदर बस्तली, सतबीर सिंह, महासचिव राजेंद्र राणा, किसान नेता नेकी राम, राजकुमार नौतना, सूरज लाठर, अशोक फूसगढ़, वेद प्रकाश कश्यप, कृष्ण शर्मा, जगबीर मान, बिट्टू, ब्रिज पाल शर्मा, कविन्द्र, चाँदवीर, बबलू सुहाना व सतिंदर सहित काफी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

# समाधान शिविर में प्राप्त आमजन की समस्याओं का जल्द हो निपटानः डीसी

**समाधान शिविर**

**उपायुक्त अपने कार्यालय में समाधान शिविर के तहत आमजन की शिकायतों को सुनने का काम कर रहें थे**




**टीम एक्शन इंडिया**
**मनीष कुमार**

**अम्बालाः** उपायुक्त अजय सिंह तोमर ने कहा कि समाधान शिविरों में जो भी शिकायतें प्राप्त होती है सम्बंधित अधिकारी उन शिकायतों का प्राथमिकता के आधार पर समाधान करना सुनिश्चित करें, साथ ही यदि किसी शिकायत का निदान करने में कोई तकनीकी समस्या आ रही है तो उस बारे भी प्रार्थी को अवगत करवाएं।

समाधान शिविरों को लगाएं जाने का मुख्य उद्देश्य यही है कि प्रार्थी की शिकायतों का तीव्रता से समाधान किया जाए। उपायुक्त अपने कार्यालय में समाधान शिविर के तहत आमजन की शिकायतों को सुनने का काम कर रहें थे। इस मौके पर उनके साथ एसीयूटी राहुल कनवरिया, नगराधीश अभिषेक गर्ग विशेष रूप से मौजूद रहें।

समाधान शिविर के तहत दो शिकायतें प्राप्त हुईं, जिनका मौके पर समाधान कर दिया गया। इन शिकायतों में अंबाला शहर से आए दविन्द्र सिंह ने परिवार पहचान पत्र से संबंधित समस्या रखी, जिसमें उन्होंने फेमिली आईडी मे वाहन पंजीकरण दर्ज होने संबधी समस्या को रखा। वहीं सपना रानी ने पेंशन से जुड़ी समस्या उपायुक्त के समक्ष रखी, जिस पर संबंधित विभाग के अधिकारी द्वारा तुरंत कार्रवाई कर उनकी समस्या का निदान किया गया।

उपायुक्त ने सभी विभागों के अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि सभी अधिकारी सुनिश्चित करें कि प्रार्थी की शिकायत का समय रहते समाधान हो, इसके अलावा भी यदि कोई प्रार्थी अपनी शिकायत को लेकर उनके कार्यलय में आता है तो वे भी उनकी शिकायतों का प्राथमिका से सुनते हुए उनका भी प्राथमिकता से समाधान करें।

इस अवसर पर एसीयूटी राहुल कनवरिया, नगराधीश अभिषेक

# समाधान शिविर में प्राप्त शिकायतों का शीघ्र करें निपटानः एसडीएम

**टीम एक्शन इंडिया**
**मनीष कुमार**

**अम्बाला/बराड़ाः** एसडीएम अमित भारद्वाज ने कहा कि समाधान शिविर में अपनी समस्याओं को लेकर आने वाले प्रत्येक प्रार्थी की समस्याओं का मौके पर ही निपटान करने का भरसक प्रयास रहें, यदि कोई समस्या का समाधान दस्तावेजों या अन्य जांच पर आधारित है तब भी उसका समयबद्ध होकर जल्द निपटान करवाना सुनिश्चित करें।

एसडीएम ने बताया कि प्रदेश सरकार के दिशा-निर्देशन में आमजन की समस्याओं का त्वरित समाधान करने के उद्देश्य से आयोजित किए जा रहे समाधान शिविर सोमवार व वीरवार सुबह 10 से 12 बजे तक आयोजित किए जा रहे हैं। उपमंडल स्तरीय समाधान शिविर लघु सचिवालय बराड़ा के सभागार में आयोजित किए जा रहे हैं।



एसडीएम ने कहा कि समाधान शिविरों का मुख्य उद्देश्य है जनता और प्रशासन के बीच सीधा संवाद स्थापित करना, ताकि समस्याओं को समयबद्ध और पारदर्शी तरीके से सुलझाया जा सके। इन शिविरों के माध्यम से नागरिकों को अपनी शिकायतों के समाधान के लिए दफ्तरों के चक्कर नहीं लगाने पड़ते, बल्कि वे एक ही स्थान पर अधिकारियों से सीधे संवाद कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार के मार्गदर्शन में चल रही इस पहल को जनता का भी भरपूर सहयोग और सराहना मिल रही है। समय पर समाधान, समर्पित अधिकारी और आमजन की भागीदारी के साथ यह शिविर आज गुड गवर्नेंस का सशक्त उदाहरण बनकर उभरे हैं। एसडीएम अमित भारद्वाज ने कहा कि समाधान शिविर में एक शिकायत प्राप्त हुई हैं जिसका मोके पर ही समाधान कर दिया गया। इस अवसर पर नायाब तहसीलदार गीता राम, एएफएसओ राजिंदर कुमार, पशुपालन विभाग के एसडीओ डॉ सतिंदर पाल सिंह सहित अन्य विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

# टैंकर ने ट्रैक्टर-ट्राली को मारी टक्कर

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल।** जिले में एनएच-44 पर कर्ण लेक के पास प्लास्टिक स्क्रेप से लदी एक ट्रैक्टर-ट्राली को पीछे से टैंकर ने टक्कर मार दी। हादसा इतना जबरदस्त था कि ट्राली ट्रैक्टर से अलग होकर हाईवे पर पलट गई और ट्रैक्टर टूटकर नहर के पुल की रेलिंग से टकराकर रुक गया। गनीमत रही कि रेलिंग टूटने से बच गई और ट्रैक्टर ड्राइवर भी नहर में गिरने से बच गया। हादसे के बाद टैंकर ड्राइवर वाहन समेत मौके से फरार हो गया।

आज दोपहर के समय एक ट्रैक्टर-ट्राली कुरुक्षेत्र से करनाल की तरफ आ रही थी। ट्रॉली में प्लास्टिक का कबाड़ भरा हुआ था। जैसे ही वाहन करनाल के कर्ण लेक के पास नहर के पुल पर पहुंचा, तभी पीछे से तेज रफ्तार में आ रहे एक टैंकर ने ट्राली में जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि ट्रैक्टर-ट्राली का संतुलन पूरी तरह बिगड़ गया।

# नव नियुक्त आयुक्त डॉ. बलप्रीत सिंह ने नगर निगम कर्मियों से की बैठक

**टीम एक्शन इंडिया**
**मनीष कुमार**

**अम्बालाः** नगर निगम अंबाला के आयुक्त डॉ. बलप्रीत सिंह ने निगम कार्यालय में अधिकारियों एवं कर्मचारियों के साथ समीक्षा बैठक की। इस बैठक में उन्होंने वरिष्ठ लेखा अधिकारी से निगम की वर्तमान वित्तीय स्थिति की विस्तृत जानकारी प्राप्त की एवं आगामी बजट की प्राथमिकताओं पर चर्चा की।



आयुक्त डॉ. सिंह ने नागरिकों से विशेष अपील करते हुए कहा कि वित्त वर्ष 2025-26 के लिए संपत्ति कर पर सरकार द्वारा 10% की छूट प्रदान की जा रही है। यह छूट केवल जुलाई 2025 पूर्व संपत्ति कर जमा कराने पर ही मान्य होगी। अतः सभी संपत्ति धारकों से आग्रह है कि समय से पहले संपत्ति कर जमा करवाकर इस छूट का लाभ उठाएं। इसके साथ अतिरिक्त उन्होने स्पष्ट किया कि जिन संपत्ति धारकों पर बकाया कर लंबित है, उनके विरुद्ध भी निगम द्वारा कड़ी कार्रवाई की जाएगी, ताकि नगर निगम के राजस्व में सुधार हो और आवश्यक विकास कार्यों में गति लाई जा सके।

इसके अतिरिक्त, डॉ. बलप्रीत सिंह ने नगर निगम क्षेत्र में थोक रूप में पॉलीथिन का विक्रय करने वाले व्यापारियों एवं दुकानदारों को निर्देशित किया है कि वे एक सप्ताह के भीतर पॉलीथिन और प्लास्टिक उत्पादों की बिक्री पूर्णतः बंद कर दें। निर्धारित समय सीमा के उपरांत यदि पॉलीथिन का प्रयोग या विक्रय पाया गया, तो निगम द्वारा कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

## संक्षिप्त खबरें

### मंत्री के आदेशों से अदियाना-मडलौडा चौक की सडक पर काम हुआ शुरू, शीघ्र गड्ढडे भरने का काम होगा पूरा



**पानीपत ( कमाल हुसैन )**

हरियाणा के विकास एवं पंचायत मंत्री कृष्णलाल पंवार के सख्त आदेशों से सडक के सुधारीकरण का कार्य शुरू हो गया है।

बता दें रविवार को अदियाना-मडलौडा चौक के पास सडक पर गड्ढडे बने हुए थे। जब मंत्री इस रास्ते से गुजर रहे थे तो ग्रामीणों ने इन गड्ढडो को ठीक करवाने की बात मंत्री के सामने रखी, मंत्री ने तुरंत कार्यवाही करते हुए पीडब्ल्यूडी के कार्यकारी अभियंता को फोन किया और तुरंत सडक ठीक करने के निर्देश दिए। मंत्री के फोन को सुनते ही कार्यकारी अभियंता ने मौके पर सडक की स्थिति को देखने के लिए सम्बंधित एसडीओ व जेई को भेजा और सोमवार को सडक ठीक करने के लिए काम शुरू हो गया।

कार्यकारी अभियंता सावित पान्नु ने बताया कि इस अदियाना-मडलौडा मोड़ पर बारिश के कारण पानी खड़ा हो जाता है, वाहनों की आवाजाही के कारण सडक पर गड्ढडे हो जाते हैं। सडक को ठीक करवाने के लिए पंचायत मंत्री ने आदेश दिए थे तुरंत आदेशों की पालना करते हुए करीब एक किलोमीटर सडक के गड्ढडो को भरने का काम शुरू करवा दिया गया है। एक-दो दिन में यह काम पूरा करवा लिया जाएगा। उन्होंने यह भी बताया कि सरकार द्वारा इस सडक को फोर लाईन बनाने का कार्य भी प्रस्तावित है। जिस पर शीघ्र ही काम शुरू होना है।

### रोगी की सेवा में जो प्रेम, सहानुभूति और धैर्य नर्स दिखाती हैं, वह चिकित्सा प्रक्रिया का अभिन्न अंग: प्रो. करतार सिंह धीमान

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**



**कुरुक्षेत्र:** श्री कृष्ण आयुष विश्वविद्यालय के आयुर्वेदिक अध्ययन एवं अनुसंधान संस्थान के अस्पताल परिसर में सोमवार को अंतरराष्ट्रीय नर्सिंग दिवस दिवस मनाया गया, जिसमें विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. वैद्य करतार सिंह धीमान ने शिरकत की। इस मौके पर कुलपति प्रो.धीमान ने नर्सिंग स्टाफ के योगदान की सराहना करते हुए फूल देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर कुलपति प्रो.धीमान ने नर्सिंग पेशे में सेवा, सर्मपण और स्वच्छता के महत्व पर बल देते हुए चरक संहिता का प्रसिद्ध श्लोक उद्धृत किया। "उपचारज्ञता दाक्ष्यमनुरागश्च भर्तरि। शौचं चेति चतुष्कोऽयं गुणः परिचरे जने।।" कुलपति प्रो.धीमान ने कहा कि यह श्लोक आज की स्वास्थ्य सेवा प्रणाली में भी पूर्णतः प्रासंगिक है। एक परिचारक (स्टाफ नर्स) में उपचार का ज्ञान (योग्यता),कार्यकुशलता, सेवा भाव और आंतरिक-बाह्य शुद्धता जैसे चारों गुण अनिवार्य हैं।यही गुण किसी नर्स को एक आदर्श सेवा प्रदाता और समाज में सम्मानित व्यक्ति बनाते हैं।कुलपति ने कहा कि "नर्सिंग केवल पेशा नहीं,बल्कि एक तपस्या है। रोगी की सेवा में जो प्रेम, सहानुभूति और धैर्य नर्स दिखाती हैं, वह चिकित्सा प्रक्रिया का अभिन्न अंग है। आयुर्वेद में ह्यपरिचारकद्ग को उतना ही महत्वपूर्ण माना गया है, जितना वैद्य को। इससे पहले अस्पताल के चिकित्सा अधीक्षक प्रो. वैद्य राजेंद्र सिंह चौधरी ने कुलपति प्रो. वैद्य करतार सिंह धीमान का कार्यक्रम में पहुंचने पर स्वागत किया। इस अवसर पर प्रो. वैद्य सुरेंद्र सिंह सहरावत, नर्सिंग मैटर्स सुपरिटेंडेंट सुमन खन्ना, लत्ता रानी, लीना, हरप्रीत कौर, कुसुम लत्ता, कल्पना, सपना सैनी, रजनीश, सर्वजीत, पूजा, मधुबाला, मंजूबाला, सपना रानी, अनीता सिंह, भूमिका, बनीता और पुरुष नर्सिंग ऑफिसर अमन कुमार समेत अन्य मौजूद रहे।

# डंडे से युवक को गंभीर चोट मारने का आरोपी गिरफ्तार

**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत , ( कमाल हुसैन )**

थाना पुराना औद्योगिक पुलिस ने मच्छली मार्केट में युवक को डंडे से गंभीर चोट मारने के आरोपी को रविवार देर शाम को गिरफ्तार किया। आरोपी की पहचान रवि उर्फ काला निवासी काबड़ी के रूप में हुई।

थाना पुराना औद्योगिक प्रभारी इंस्पेक्टर देवेंद्र ने बताया कि पूछताछ में आरोपी ने डंडे से चोट मारने की उक्त वारदात को अंजाम देने बारे स्वीकारा। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से वारदात में प्रयुक्त डंडा बरामद कर सोमवार को पूछताछ के बाद आरोपी को माननीय न्यायालय में पेश किया जहा से उसे न्यायिक हिरासत जेल भेज दिया गया।

**यह है मामला;**

थाना पुराना औद्योगिक में जनक गार्डन कच्चा कैंप निवासी मोसाली पुत्र सफीक ने पुलिस को दी शिकायत में बताया था कि वह मच्छली मार्केट में मच्छली बेचने का काम करता है। 11 मई को शाम करीब 7:30 बजे वह मच्छली मार्केट के बाहर खड़ा था। बतरा कॉलोनी निवासी इंतियाज उर्फ इंतजार चाय के खोखे पर बैठकर चाय पी रहा था। तभी मच्छली मार्केट से काबड़ी निवासी रवि अपने एक अन्य साथी के साथ डंडे से लैस होकर आया और इंतजार के सिर पर डंडे से प्रहार कर दिया। इंतजार बेहोश होकर जमीन पर गिर गया। इंतजार को चोट मारकर आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए मौके से फरार हो गए। वह अन्य लोगों की सहायता से इलाज के लिए इंतजार को सरकारी हस्पताल लेकर गया।



# नो वेंडिंग जोन में रेहड़ी-फड़ी लगाने पर किए 20 चालान : वैशाली

**जुर्माना**

**10 हजार रुपये लगाया जुर्माना शहर की 5 सडकें नो वेंडिंग जोन में शामिल अपील-न लगाएं रेहड़ी-**



**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल।** शहर की मुख्य सडकों से भीड़-भाड़ कम करने व यातायात व्यवस्थित करने के मकसद को लेकर पांच मुख्य सडकों को नगर निगम करनाल द्वारा नो वेंडिंग जोन बनाया गया है।

इसे लेकर शहर में लगातार सफाई शाखा की विभिन्न टीमें नो वेंडिंग जोन का दौरा कर रही हैं। इसके तहत सडक पर रेहड़ी-फड़ी लगाने के चलते 20 चालान कर 10 हजार रुपये का जुमार्ना लगाया गया है। यह जानकारी नगर निगम आयुक्त डॉ. वैशाली शर्मा ने सोमवार को दी।

यह सडकें हैं नो वेंडिंग जोन- उन्होंने बताया कि महाराजा अग्रसेन चौक से श्रीमद् भगवद् गीता द्वार तक, अम्बेडकर चौक से लोक निर्माण विश्रामगृह, पुराने कमेटी चौक से रणबीर हुड्डा चौक (कर्ण कैनाल पुलिया), आईटीआई चौक से सेक्टर-9 पुलिया तथा महाराणा प्रताप चौक से ताऊ देवी लाल चौक की सडकें शामिल हैं।

उन्होंने बताया कि नो वेंडिंग जोन को लेकर सम्बंधित सफाई निरीक्षक व स्वच्छ भारत मिशन की टीम द्वारा रोजाना उपरोक्त सडकों का निरीक्षण किया जाता है। अगर कोई इन सडकों पर रेहड़ी-फड़ी लगाए पाया जाता है तो उसे तुरंत वहां से हटाया जाता है। बार-बार कहने के बावजूद भी जो रेहड़ी-फड़ी लगाता है तो उसका चालान करने के साथ-साथ सामान भी जब्त किया जाता है।

उन्होंने बताया कि आमजन की सहूलियत को देखते यह निर्णय लिया गया है। उपरोक्त सडकों के किनारे, फुटपाथ या पटरी पर कोई भी रेहड़ी-फड़ी नहीं लगा सकेगा। इसके साथ-साथ दुकानदारों को भी अपना सामान दुकान के अंदर रखने की सख्त हिदायत भी दी गई है। उन्होंने स्पष्ट्र किया कि अगर कोई दुकान या रेहड़ी-फड़ी वाला इन आदेशों की उल्लंघना करेगा, तो उसके विरूद्ध जुमार्ना व सामान जब्त करने जैसी कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

# सिलाई इंटर्नशिप कार्यक्रम का समापन समारोह हुआ सम्पन्न

**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत , ( कमाल हुसैन )**

आई.बी. स्नातकोत्तर महाविद्यालय में इंटर्नशिप इकाई और सीतल दास जैन फाउंडेशन, पानीपत के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित सिलाई इंटर्नशिप कार्यक्रम का समापन समारोह भव्य रूप से सम्पन्न हुआ।



इस अवसर पर कपिल जैन (ट्रस्टी, श्री सीतल दास जैन फाउंडेशन) ने इंटर्नशिप के महत्व पर प्रकाश डाला और कहा कि कौशल सीखना आज के समय की आवश्यकता है। उन्होंने बताया कि सिलाई जैसे व्यावहारिक कौशल न केवल रोजमर्रा की गतिविधियों का हिस्सा हैं, बल्कि भविष्य में फैशन डिजाइनिंग जैसे करियर विकल्प भी प्रदान करते हैं एवं महिलाओं को स्वरोजगार भी प्रदान करता है। उन्होंने विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन करते हुए उन्हें अधिक से अधिक कौशल-आधारित कार्यक्रमों में भाग लेने के लिए प्रेरित किया और कहा कि आई.बी. कॉलेज अपने छात्रों को कौशल सीखने का ऐसा अवसर इंटर्नशिप के माध्यम से प्रदान कर रहा है, जिससे छात्रों को कॉलेज से बाहर कहीं और जाने की आवश्यकता नहीं है। उन्होंने बताया कि उनकी संस्था गरीब बच्चों के उत्थान के लिए उन्हें छात्रवृत्ति प्रदान करती है, जिससे वे अपनी पढ़ाई सुचारु रूप से जारी रख सकें। इस अवसर पर महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ. शशि प्रभा मलिक मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहीं। उन्होंने कार्यक्रम से जुड़े सीतल दास जैन फाउंडेशन सहयोग के लिए धन्यवाद किया एवं सभी विद्यार्थियों, प्रशिक्षकों के प्रयासों की सराहना की। उन्होंने बताया कि सीतल दास जैन फाउंडेशन के सहयोग से कॉलेज में कथक कार्यशाला भी सम्पन्न हुई।

अपने प्रेरणादायक उद्बोधन में डॉ. शशि प्रभा मलिक ने कहा, ह्लआज के युग में कौशल का होना समय की मांग है। नई शिक्षा नीति के अंतर्गत इंटर्नशिप को अनिवार्य किया गया है ताकि छात्र-छात्राएं अपनी पढ़ाई के साथ-साथ व्यावहारिक ज्ञान भी प्राप्त कर सकें। यह कार्यक्रम इसी दिशा में एक सफल कदम है। उन्होंने बताया कि इस इंटर्नशिप से 60 छात्राओं को लाभ प्राप्त हुआ। प्राचार्या ने सभी छात्राओं को प्रमाणपत्र वितरित किए और उनके उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं।

समारोह में कॉलेज की उप-प्राचार्या डॉ. किरण मदान भी मौजूद रहीं। उन्होंने इस सफल आयोजन के लिए पूरी टीम को बधाई दी और छात्राओं को निरंतर प्रयासरत रहने तथा अन्य विद्यार्थियों को भी ऐसे कार्यक्रमों में भाग लेने के लिए प्रेरित करने का संदेश दिया।

इंटर्नशिप सेल की समन्वयक सुश्री माधवी ने कार्यक्रम की सफलता पर हर्ष व्यक्त करते हुए बताया कि छात्राओं ने अत्यंत लगन और समर्पण के साथ प्रशिक्षण प्राप्त किया है। उन्होंने कौशल समन्वयक मिस शालू को इस आयोजन में उनके समन्वय के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया

# बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ बारे जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

**टीम एक्शन इंडिया**
**मनीष कुमार**

**अम्बाला/बराड़ाः** उपमंडल बराड़ा के गांव कांसापुर में महिला एवं बाल विकास विभाग के द्वारा सीडीपीओ बराड़ा किरण बाला की अध्यक्षता में बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ के बारे में एक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। सभी उपस्थित लोगों को बताया गया कि गांव में लड़कियों की संख्या कम है।आज के जमाने में लड़की लड़कों से किसी भी प्रकार कम नहीं है इसलिए लड़का लड़की में कोई भेदभाव न करके लड़कियों को भी आगे बढ़ने का अवसर दें।




कार्यक्रम कर दौरान केक काटकर लड़कियों का जन्म दिन मनाया गया और बेटियों के नाम से पौधारोपण किया गया ।

इस मौके पर मौजूद सभी महिलाओं को कन्या भ्रूण हत्या रोकने की शपथ दिलाई गई और बेटियां बचाने के लिए एक जागरूकता रैली भी निकाली गई। इस अवसर पर गांव के सरपंच गुरनाम सिंह, डॉक्टर अर्शजोत कौर, डॉक्टर सुनैना सुपरवाइजर रजनी,एएनएम नंदिनी, आशा वर्कर गीता और आंगनवाड़ी वर्कर आशा और हेल्पर भी उपस्थित रहे।

## संपादकीय

# अप्राकृतिक देश है पाकिस्तान

**भारत** और पाकिस्तान के मध्य यह पांचवा युद्ध है। इसके अलावा पाकिस्तान द्वारा समय-समय पर भेजे गए आतंकवादियों द्वारा की गई सैकड़ों हत्याएं भी इसी तरह के युद्ध का हिस्सा रही हैं। पाकिस्तान ने कोई विकल्प नहीं छोड़ा, तो भी भारत ने पहले दिन केवल आतंकवादी शिविरों पर ही हमला किया। पाकिस्तान की सेना या जनता पर नहीं, लेकिन पाकिस्तान ने धुआंधार युद्ध की कार्रवाई की। इन पंक्तियों के लिखे जाने के समय तक भारत की तरफ से पाकिस्तान के 13 से ज्यादा शहरों पर जवाबी कार्रवाई की गई। पूरा राष्ट्र भारतीय नेतृत्व और सेना की कार्रवाई के समर्थन में मन, वचन, कर्म और संकल्प के साथ एकजुट है। दुनिया का कोई भी देश इस युद्ध में पाकिस्तान के पक्ष में नहीं बोला । भारत की प्रारम्भिक कार्रवाई का समर्थन भी कई देशों द्वारा किया गया है। पाकिस्तान वस्तुतः स्वाभाविक मुल्क/राष्ट्र नहीं है। इसका जन्म मुस्लिम लीग द्वारा डायरेक्ट एक्शन नाम से कराए गए नरसंहार और रक्तपात के बीच हुआ था। देश विभाजन की त्रासदी जिन्हें याद है, वे आज भी कांप उठते हैं। किसी राष्ट्र के गठन के लिए एक सुनिश्चित भूमि अनिवार्य होती है। उसी भूमि पर संकल्पबद्ध रहने वाले लोग जन्मभूमि को प्यार करते हैं। इन अभिजनों की साझा संस्कृति होती है। भूमि, जन और संस्कृति तीनों मिलकर राष्ट्र बनते हैं। भारत ऐसा ही प्राचीन राष्ट्र है। भारतीय संस्कृति विश्ववरेण्य है। भारत के लोग भारत भूमि को प्यार करते हैं। उसे मां जानते हैं। पृथ्वी को मां कहने की यह अनुभूति हजारों वर्ष पहले अथर्ववेद के भूमि सूक्त में गायी गई है। इस सूक्त के कवि अथर्वा कहते हैं, "यह पृथ्वी हमारी माता है और हम इसके पुत्र। इस पृथ्वी पर उत्सव होते हैं। सम्मिलन होते हैं। गांव परस्पर मिलते हैं। अनेक तरह की भाषा बोली बोलने वाले लोग और अनेक तरह के रीति नीति से सम्बद्ध लोग पृथ्वी माता का संरक्षण पाते हैं।" कहते हैं, "हे माता, हम आप पर लेटते हैं, बैठते हैं। हमारे किसी पैर हाथ से आपको चोट न पहुंचे।" यहां भाव प्रवणता का चरम है। अथर्वा कहते हैं, "उत्सवों के आयोजनों के लिए, हे माता, हम आपको खोदते हैं। बांस की लकड़ी आदि गाड़ते हैं। माता आपको कष्ट हो, तो क्षमा करें।" अमेरिकी विद्वान ब्लूमफील्ड ने इस सूक्त के अनुवाद में कहा है, "ऋषि अथर्वा ने उत्कृष्ट काव्य की रचना की है।" हजारों वर्ष पहले अथर्वा केवल बांस गाड़ने के लिए खोदी गई धरती से क्षमा याचना करते हैं। तमाम नदियों की घाटियों में और समतल जमीन वाले मैदानों में भी पुलिस और खनन माफियाओं के चलते तमाम जमीनें खोदी जाती हैं। प्राचीन भारतीय संस्कृति में पृथ्वी माता रही हैं और हैं। अथर्ववेद से चली यह परंपरा बंकिम चन्द्र के उपन्यास 'आनंद मठ' में 'वन्दे मातरम' कविता में विस्तार पाती है। बंटवारे के समय भारत छोड़कर पाकिस्तान चले गए लोग संस्कृति छोड़ गए। उन्होंने मजहब के आधार पर देश को बांट दिया। पाकिस्तानी भूमि 1947 में भारत से अलग हुई। इसी भूमि में वैदिक काल के ऋषियों की नदीतमा सरस्वती प्रवाहमान रही है। इसी के तट पर तमाम वैदिक साहित्य गाया गया गया। सिन्धु नदी भी ऋग्वेद के ऋषियों की प्रिय नदी है। इसी के नाम पर प्राचीन भारतीय संस्कृति को सिन्धु घाटी सभ्यता भी कहते हैं। वैदिक काल में हिमालय से निकली सिन्धु, झेलम, सतलज, रवि, व्यास आदि सात नदियां वैदिक ऋषियों की प्रिय रही हैं।

# नापाक इरादेः ये कैसा सीजफायर (युद्ध विराम) है ?

सुनील कुमार महला

> 'यह कोई संघर्ष विराम नहीं है। श्रीनगर के मध्य में वायु रक्षा इकाइयों ने अभी-अभी गोलीबारी शुरू की है।' बहरहाल, यहां पाठकों को यह भी बताता चलूं कि भारत और पाकिस्तान के बीच हुए सीजफायर समझौते पर शहीद लेफ्टिनेंट विनय नरवाल के पिता राजेश नरवाल ने यह बात कही है कि हर राष्ट्र की अपनी कूटनीति और नीतियां होती हैं। उन्होंने कहा कि 'प्रधानमंत्री और राष्ट्रपति ने जो निर्णय लिया, वह देश के हित में है, और हम इसका समर्थन करते हैं, लेकिन अगर पाकिस्तान ने दोबारा कोई नापाक हरकत की, तो उसे कड़ा जवाब देना चाहिए।' उन्होंने बलूचिस्तान को आजाद कराने की भी बात कही और यह भी कहा कि पीओके(पाक अधिकृत कश्मीर) पर भारत का पूर्ण नियंत्रण होना चाहिए। इतना ही नहीं, उन्होंने यह भी बताया कि पाकिस्तान के पड़ोसी देश भी उसकी हरकतों से तंग आ चुके हैं

**भारत** के जम्मू-कश्मीर के पहलगाम हमले की प्रतिक्रिया में पाकिस्तान के खिलाफ शुरू किए गए 'ऑपरेशन सिंदूर' को विराम देने की पाकिस्तानी अपील के बाद दोनों देशों के बीच युद्ध विराम हुआ और चार घंटे बाद ही टूट भी गया। आखिर ये कैसा सीजफायर है ? वास्तव में, यह पाकिस्तान के नापाक व बुरे इरादों को ही दर्शाता है। सीजफायर के नाम पर पाकिस्तान ने एक बार फिर शैतानियत दिखाते वह सबकुछ किया,जो कि वास्तव में उसे नहीं करना चाहिए था। गौरतलब है कि पाकिस्तान ने 10 मई 2025 की रात(शनिवार की रात) को ही युद्ध विराम(सीजफायर) का उल्लंघन करते हुए भारत के जम्मू से लेकर पूरे सीमाई क्षेत्रों में भीषण बमबारी, ड्रोन हमले और गोलाबारी की। उपलब्ध जानकारी के अनुसार दस मई की रात नौ बजे पाकिस्तान ने संघर्ष विराम का सरे-आम उल्लंघन किया और जम्मू-कश्मीर में एलओसी पर ताबड़तोड़ फायरिंग की। श्रीनगर में देर रात तक धमाके सुने जाते रहे और उधमपुर में पाकिस्तानी ड्रोन नजर आए। इतना ही नहीं, पाकिस्तान ने जम्मू के आरएस पुरा क्षेत्र में भी शनिवार को भारी गोलाबारी की। हालांकि, भारत सरकार ने सेना को पाकिस्तान से सख्ती से निपटने के निर्देश दिए हैं। विदेश सचिव विक्रम मिस्त्री ने कहा कि-' संघर्ष विराम लागू करने को लेकर डीजीएमओ(डायरेक्टर जनरल मिलिट्री आपरेशन) स्तर पर बनी सहमति का उल्लंघन किया गया है और भारत इसका मुंहतोड़ जवाब दे रहा है। सरकार ने ठोस और सख्त कदम उठाने के आदेश दे दिए हैं।' यहां पाठकों को बताता चलूं कि भारत-पाकिस्तान के बीच शनिवार( 10 मई 2025 ) को सीजफायर का एलान हो गया था। इस संदर्भ में, दोनों देशों के डीजीएमओ के बीच बातचीत हुई और बातचीत के बाद सीजफायर का एलान किया गया था। गौरतलब है कि विदेश सचिव विक्रम मिसरी ने जानकारी दी थी कि 12 मई 2025 को फिर से दोनों देशों के डीजीएमओ की मुलाकात होगी। यहां उल्लेखनीय है कि डीजीएमओ की देखरेख में ही सारे सैन्य अभियान होते हैं। वास्तव में डीजीएमओ भारतीय सेना के एक सीनियर लेफ्टिनेंट जनरल 3-स्टार रैंक का अधिकारी होते हैं और डीजीएमओ की निगरानी में ही किसी भी



प्रकार के सैन्य अभियान को अंजाम दिया जाता है। संक्षेप में कहें तो, युद्ध के दौरान सैन्य अभियानों से जुड़े हर एक फैसले डीजीएमओ ही लेते हैं, और युद्ध के दौरान रणनीति बनाना भी डीजीएमओ का ही काम होता है,जो सीधे आर्मी चीफ को रिपोर्ट करता है। इतना ही नहीं, खुफिया एजेंसियों के साथ भी डीजीएमओ समन्वय रखता है और युद्ध शुरू होने से लेकर युद्धविराम तक, डीजीएमओ हर सैन्य कार्रवाई का फैसला लेता है, लेकिन पाकिस्तान ने डीजीएमओ की परवाह न करते हुए सीजफायर का सरेआम उल्लंघन कर डाला। यह दशार्ता है कि पाकिस्तानी सेनाओं पर डीजीएमओ का कोई नियंत्रण नहीं है और पाकिस्तानी सेनाएं सीमाओं पर अपनी मनमानी करतीं हैं। बहरहाल, पाठकों को यहां यह भी जानकारी देना चाहूंगा कि अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड जे. ट्रंप ने कल ही एक्स पर एक पोस्ट कर यह जानकारी दी थी कि-'संयुक्त राज्य अमेरिका की मध्यस्थता में एक लंबी रात की बातचीत के बाद, मुझे यह घोषणा करते हुए खुशी हो रही है कि, भारत और पाकिस्तान पूर्ण और तत्काल युद्धविराम पर सहमत हो गए हैं। दोनों देशों को सामान्य बुद्धि और महान बुद्धिमत्ता का उपयोग करने के लिए बधाई। इस मामले पर आपके ध्यान के लिए धन्यवाद !' बहरहाल, पाकिस्तान के सीमा पर सीजफायर उल्लंघन के बीच पाकिस्तानी आर्मी की खिल्ली उड़ाते और भड़कते हुए टीवी एक्टर अली गोनी ने ट्वीट किया है कि, 'उर्दू में लिखकर भेजो इंग्लिश में समझ नहीं आया होगा ये अनपढ़ आर्मी को।' कहना गलत नहीं होगा कि पाकिस्तान लातों का भूत है,जो बातों से मानने वाला नहीं है। दरअसल, पाकिस्तान द्वारा सीजफायर के उल्लंघन की इस घटना को हाल फिलहाल पाकिस्तानी प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ और सेना प्रमुख मुनीर के बीच टकराव के रूप में देखा जा रहा है। गौरतलब है कि अमेरिका की मध्यस्थता में हुए सीजफायर का पाकिस्तान की शहबाज सरकार ने समर्थन किया था, लेकिन अब जिस तरह से पाकिस्तान सेना बगावत पर उतर आई है, उससे पाकिस्तान में तख्ता पलट की आशंका भी बढ़ गयी है। पाकिस्तान द्वारा सीजफायर का सरेआम उल्लंघन करना यह भी दशार्ता है कि पाकिस्तान के सामने ट्रंप कार्ड नहीं चला। इधर, पाकिस्तान द्वारा सीजफायर का उल्लंघन करने पर जम्मू-कश्मीर के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने भी ट्वीट किया है कि , 'संघर्ष विराम को आखिर क्या हो गया ? श्रीनगर में विस्फोटों की आवाजें सुनी गईं!!!' दरअसल, उन्होंने ड्रोन हमले का एक वीडियो साझा करते हुए कहा, 'यह कोई संघर्ष विराम नहीं है। श्रीनगर के मध्य में वायु रक्षा इकाइयों ने अभी-अभी गोलीबारी शुरू की है।' बहरहाल, यहां पाठकों को यह भी बताता चलूं कि भारत और पाकिस्तान के बीच हुए सीजफायर समझौते पर शहीद लेफ्टिनेंट विनय नरवाल के पिता राजेश नरवाल ने यह बात कही है कि हर राष्ट्र की अपनी कूटनीति और नीतियां होती हैं। उन्होंने कहा कि 'प्रधानमंत्री और राष्ट्रपति ने जो निर्णय लिया, वह देश के हित में है, और हम इसका समर्थन करते हैं, लेकिन अगर पाकिस्तान ने दोबारा कोई नापाक हरकत की, तो उसे कड़ा जवाब देना चाहिए।' उन्होंने बलूचिस्तान को आजाद कराने की भी बात कही और यह भी कहा कि पीओके( पाक अधिकृत कश्मीर ) पर भारत का पूर्ण नियंत्रण होना चाहिए। इतना ही नहीं, उन्होंने यह भी बताया कि पाकिस्तान के पड़ोसी देश भी उसकी हरकतों से तंग आ चुके हैं। बहरहाल, गौरतलब है कि भारत और पाकिस्तान के बीच जारी सैन्य संघर्ष के बीच शनिवार( 10 मई 2025 ) को विदेश मंत्रालय ने घोषणा की थी कि-' दोनों पक्षों में आज शाम पांच बजे से जमीन, हवा और समुद्र में सभी तरह की गोलीबारी और सैन्य कार्रवाई रोकने पर सहमति बनी थी।' अंत में यही कहूंगा कि पाकिस्तान विश्व का एक ऐसा देश बन चुका है जो आतंकवाद और आतंकियों को प्रश्रय देता है और अपने आवाम में कट्टरपंथी जेहादी सोच को बढ़ावा देता है। सच तो यह है कि पाकिस्तान की 'कथनी' और 'करनी' में रात-दिन का अंतर है। वह कहता कुछ है और करता कुछ और है। कहना गलत नहीं होगा कि पाकिस्तान जवाबदेह और गंभीर नहीं है और उसकी हरकतें क्षेत्रीय शांति के लिए एक खतरा है। पाकिस्तान को यह नहीं भूलना चाहिए कि युगों-युगों से भारत, शांति का पक्षधर रहा है, लेकिन भारत कभी भी अपनी संप्रभुता और सुरक्षा के साथ कोई समझौता नहीं करेगा। पाकिस्तान की फितरत मुकर जाने की रही है और वह किसी भी बात की परवाह तक नहीं करता है। हाल फिलहाल,इंटरनेशनल मॉनेटरी फंड (आईएमएफ) ने पाकिस्तान के लिए दो आर्थिक कार्यक्रमों के तहत 2.4 अरब डॉलर की वित्तीय सहायता को मंजूरी दी है।

वास्तव में पाकिस्तान को यह सहायता आर्थिक सुधारों और जलवायु लचीलापन बढ़ाने की योजनाओं को समर्थन देने के लिए दी गई है, लेकिन भारत इसका विरोध कर चुका है, क्योंकि पहलगाम में हुए आतंकी हमले और भारत की ओर से ऑपरेशन सिंदूर के चलते दोनों देशों के बीच युद्ध जैसे हालात हैं। दरअसल भारत नहीं चाहता था कि पाकिस्तान को कोई भी फंड मिले और वह इसका इस्तेमाल भारत में आतंकवाद फैलाने पर करे। दूसरे शब्दों में कहें तो भारत ने इस तरह के राहत पैकेज की प्रभावशीलता पर चिंता जताई थी और 'राज्य प्रायोजित सीमा पार आतंकवाद के लिए धन के दुरुपयोग की संभावना' को चिह्नित किया था। संक्षेप में यही कहूंगा कि पाकिस्तान की किसी भी बात पर कभी भी भरोसा या विश्वास नहीं किया जा सकता है। किसी ने ठीक ही कहा है कि-'उसकी फितरत है मुकर जाने की, उसके वादे पे यकीं कैसे करूं ?'

## कविता

सिंदूर तो सिर्फ झांकी है  
मेहंदी और हल्दी बाकी है"  
सिर्फ सिंदूर से क्या होगा,  
आग अभी सीने में बाकी है।  
खून में जो लावा बहता है,  
उसमें हल्दी की तासीर बाकी है।

फिर से हवाओं को रुख देना है,  
इंकलाब की आंधी बाकी है।  
धधकते शोलों में रंग भरना है,  
अभी मेहंदी की सरगर्मी बाकी है।

रास्तों पर बिछी हैं दीवारें,  
पर हमारे इरादों की ऊँचाई बाकी है।  
सिर्फ झांकी दिखी है दुश्मन को,  
हमारी असली अंगड़ाई बाकी है।

सिंदूर से कह दो धीरज रखे,  
अभी हल्दी का रंग बाकी है।  
हम जिंदा हैं तो यह दुनिया है,  
हमारे खून में बगावत की रवानी बाकी है।

- डॉ सत्यवान

# बुद्ध के देश में युद्ध, कितनी शांति कितना

**संजीव**

आतंकवाद और कट्टर धार्मिक विचारधारा से उपजा पाकिस्तान किसी भी भरोसे के काबिल नहीं है। भारत में स्वतंत्रता के बाद से बुद्ध की शांति के सिद्धांतों के अनुरूप हमेशा शांति बनाए रखने का प्रयास किया है और पूरे विश्व को सदैव शांति का संदेश दिया है। बुद्ध के देश भारत में अशांति का माहौल भारतीय सरकार और भारतीय सेना कभी बर्दाश्त नहीं करेगी। यह स्पष्ट संदेश पड़ोसी पाकिस्तान के साथ-साथ बांग्लादेश, चीन और पूरे विश्व को दे दिया गया है। जब-जब पाकिस्तान ने भारत में अशांति पैदा करने का प्रयास किया है तब तब पाकिस्तान को हमेशा मुंह तोड़ जवाब ही मिला है और उसके बाद पाकिस्तान हमेशा क्षमा याचना की प्रार्थना करता रहा है। अब 22 अप्रैल को उसने पहलगाम में 27 निर्दोष भारतीयों की हत्या करके बुद्ध के देश भारत को उद्वेलित कर दिया भारत ने उसे घर में घुस के मारने का प्रण लिया और भारत में 23 मिनट में उसके 9 आतंकवादी केंद्रों को तहस-नहस कर दिया इसके अतिरिक्त भारत की वायु सेना ने पाकिस्तान के 9 वायु सैनिक अड्डों को तबाह एवं नेस्त नाबूत कर दिया है। भारत ने पहलगाम में हुई हत्याओं के जवाब में पाकिस्तान के लगभग 100 आतंकवादियों को मार गिराया इसके अलावा उसके 40 सैनिक मारे गए।

भारत ने लगभग 9 कुख्यात आतंकवादियों को मौत के घाट उतार दिया है। भारत में 9 और 10 तारीख को ताबड़तोड़ हवाई हमले किए एवं पाकिस्तान को घुटनों पर लाकर रख दिया। पाकिस्तान के डीजीएमओ ने भारत के सक्षम प्राधिकारियों से निवेदन कर युद्ध विराम के लिए निवेदन किया है जिसे भारत ने अपनी शर्तों पर स्वीकार कर लिया। सीजफायर के तुरंत बाद पाकिस्तानियों ने कश्मीर और राजस्थान में युद्ध विराम का उल्लंघन कर अपने ड्रोन से नागरिकों के रिहायशी इलाकों में आक्रमण किया जिसे भारत की वायुसेना में नाकाम कर दिया है। भारत सदैव शांति का पक्षधर रहा है एवं उसने पूरे विश्व में शांति का संदेश दिया पर हमारा आतंकवादी पड़ोसी पाकिस्तान अपनी हरकतों से कभी बाज नहीं आ पाया है अब उसकी कमर टूट चुकी भारत की वायु सेना, थल सेना एवं जल सेना ने लाहौर कराची इस्लामाबाद एवं पाकिस्तान के हर क्षेत्र में इतने ताबड़तोड़ हमले किए कि पाकिस्तान के हुक्मरान और वहां की सेना लगभग रोने लग गई और युद्ध विराम की याचिका करने लगी है। पाकिस्तान के पुराने इतिहास को देखा जाए तो वह हमेशा धोखेबाजी,मक्कारी और आतंकवादी गतिविधियों से कभी बाज नहीं आया है। ऐसे में पाकिस्तान पर भारत कैसे विश्वास कर सकता है और इसी के फल स्वरुप माननीय प्रधानमंत्री ने स्पष्ट रूप से कह दिया है कि अब गोली के बदले गोल दागा जाएगा और यदि युद्ध विराम का उल्लंघन होगा तो इसे एक्ट आफ वार ही माना जाएगा।

## विचार

# विराट का टेस्ट संन्यास हर रन था जुनून

**संजय सक्सेना**

महान क्रिकेट खिलाड़ी और हर फारमेट में भारतीय क्रिकेट टीम की कप्तानी कर चुके रोहित शर्मा के बाद उनके हम सफर एवं समकक्ष एक और बड़े खिलाड़ी विराट कोहली ने भी 14 वर्षों के बाद टेस्ट क्रिकेट से सन्यास ले लिया है। इसी के साथ भारतीय क्रिकेट में एक सदी का अंत हो गया, एक युग पर पूर्णविराम लग गया। जब विराट कोहली ने टेस्ट क्रिकेट से सन्यास लेने की घोषणा की, तो न केवल क्रिकेट जगत, बल्कि करोड़ों भारतीय फैंस की आंखें नम हो गईं। टेस्ट क्रिकेट, जिसे क्रिकेट का सबसे शुद्ध रूप कहा जाता है, वहां कोहली ने खुद को एक योद्धा की तरह साबित किया।विराट कोहली जुनून, अनुशासन और आक्रामकता के प्रतीक भर नहीं थे। उनकी विदाई सिर्फ एक खिलाड़ी का जाना नहीं है, यह एक भावना का अंत है। विराट कोहली का टेस्ट करियर 2011 में वेस्टइंडीज के खिलाफ शुरू हुआ। शुरूआती असफलताओं के बावजूद, उन्होंने जल्द ही दिखा दिया कि उनके अंदर खास बात है। ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 2012 की श्रृंखला में उनका शतक, इंग्लैंड में 2018 में पारी दर पारी लड़ना, और दक्षिण अफ्रीका में सीरीज जीतने की जिद को उन्होंने टेस्ट क्रिकेट को अपना रण बना लिया था। कप्तानी के तौर पर भी कोहली ने भारत को नई ऊंचाइयों पर पहुंचाया। उन्होंने 68 टेस्ट में कप्तानी की, जिनमें से 40 में भारत को जीत दिलाई। यह एक भारतीय कप्तान के रूप में सर्वाधिक है। विदेशी धरती पर भारत की टेस्ट जीत, विशेषकर ऑस्ट्रेलिया में 2018 और इंग्लैंड में चुनौतीपूर्ण ड्रॉ, कोहली की आक्रामक नेतृत्व शैली की पहचान बन गई। कोहली के टेस्ट करियर के आंकड़े शानदार हैं। 113 टेस्ट, 8845 रन, 29 शतक और 29 अर्धशतक विराट के नाम हैं। लेकिन जो चीज उन्हें आंकड़ों से ऊपर उठाती है, वह है उनकी मानसिक दृढ़ता और खेल के प्रति निष्ठा। विराट ने टेस्ट क्रिकेट को ताज की तरह पहना। जिस दौर में टी 20 और आईपीएल के चकाचौंध ने युवाओं का ध्यान खींचा, कोहली टेस्ट को ह्यबेस्ट फॉर्मेटह्न मानते रहे। वह अक्सर कहते थे कि अगर आपको एक असली बल्लेबाज बनना है, तो टेस्ट क्रिकेट में खुद को साबित करना होगा। यह कहना अतिशियोक्ति नहीं है कि कोहली सिर्फ एक बल्लेबाज नहीं, बल्कि एक लीडर थे। उनकी आक्रामकता ने टीम इंडिया को नया तेवर दिया। उन्होंने खिलाड़ियों को डर से नहीं, प्रेरणा से नेतृत्व किया। जसप्रीत बुमराह, मोहम्मद शमी जैसे गेंदबाजों को टेस्ट में हथियार बनाना, और अजिंक्य रहाणे, चेतेश्वर पुजारा जैसे खिलाड़ियों पर भरोसा करना कोहली की रणनीतिक सूझबूझ का हिस्सा था। विराट ने फिटनेस संस्कृति को भारतीय टीम में जड़ से बदल दिया। ह्ययो-यो टेस्टह्न को अनिवार्य करना, खुद को हर मैच के लिए तैयार रखना, और दूसरों से भी वही उम्मीद रखना, यही विराट का मानक था। उनके लिए भारतीय टीम सिर्फ एक जर्सी नहीं थी, वह एक जज्बा था। विराट ने जब अपने सोशल मीडिया पोस्ट में टेस्ट सन्यास की घोषणा की, तो शब्दों से ज्यादा भावनाएं थीं। उन्होंने लिखा, यह खेल मुझे सब कुछ दे गया, लेकिन अब समय है कि मैं अगली पीढ़ी को स्थान दूं। मैंने अपना दिल और आत्मा इस प्रारूप को दिया है। अब मुझे अपने जीवन का नया अध्याय शुरू करना है। फैंस के लिए यह खबर बिजली की तरह थी। चाहे चेन्नई हो या मेलबर्न, लॉर्ड्स हो या कोलकाता, हर मैदान जहां विराट ने गगनभेदी गर्जना की, आज शांत था। स्टेडियम की भीड़, जिनके ह्लकोहली, कोहलीह्व के नारे आसमान गूंजते थे, अब एक आखिरी बार खड़े होकर सलाम कर रही थी। खैर,बात विराट के सन्यास के बाद के टेस्ट क्रिकटे की कि जाये तो टेस्ट मैच से विदाई के बाद भी विराट कोहली भारतीय क्रिकेट से दूर नहीं होंगे। वह युवाओं के लिए प्रेरणा रहेंगे, मैदान पर नहीं तो उनके दिलों में। उनकी जीवटता, संघर्षशीलता और ह्यकभी न हार माननेह्न की भावना, अगली पीढ़ी के लिए मार्गदर्शक रहेगी।


# एक्शन इंडिया दैनिक

**भगवान शंकर जी के ग्यारहवें रुद्रावतार हनुमान जी (मेंहदीपुर, श्री बाला जी) के संरक्षण में संचालित किया जाता है। समाचार-पत्र का यह अंक भी उन्हीं के चरणों में श्रद्धापूर्वक समर्पित है।**

**आरएनआईः DELHIN / 2006 / 19302**

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक एवं संपादक रवि भारद्वाज, एक्शन बालाजी हाउस, बी-244, मजलिस पार्क, लेन-3, राकेश भारद्वाज चौक के नजदीक, दिल्ली-33 ने मारुतिनंदन प्रिंटर्स एंड पब्लिशर्स, शक्ति कॉम्प्लेक्स, 6/18, समयपुर इंडस्ट्रियल एरिया, दिल्ली-110042 से छपवाकर प्रकाशित किया।

"एक्शन इंडिया" में प्रकाशित लेखों में व्यक्त किये गये विचार एवं दृष्टिकोण संबंधित लेखक के हैं। संपादक केवल पीआरबी एक्ट के तहत ही उत्तरदायी। किसी भी विवाद का न्यायिक क्षेत्र दिल्ली ही होगा।

**संस्थापक : श्रद्धेय राकेश भारद्वाज जी**
**समूह संपादक : रवि भारद्वाज ( 9999889104)**
**मेट्रो संपादक : दीपक कांडपाल (8447314925)**
ई-मेल : actionindianews@gmail.com



### वैधानिक सूचना

पाठकों को सलाह है कि एक्शन इंडिया, समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के आधार पर कोई निर्णय लेने से पहले विज्ञापन में प्रकाशित उक्त उत्पाद या सेवा के बारे में आवश्यक जांच-पड़ताल कर लें। समाचार पत्र प्रबंधक किसी भी विज्ञापन में गुणवत्ता, सेवा आदि के विवरण के बारे में विज्ञापनदाता द्वारा किए गए दावे या उल्लेख की पुष्टि या समर्थन नहीं करता है। अतः समाचार पत्र उक्त विज्ञापनों के बारे में किसी प्रकार से उत्तरदायी नहीं होगा।


## चिंतन

# मूल्यपरक आदर्श पत्रकारिता के जनक देवर्षि नारद

**सुशील कुमार 'नवीन'**

**वैशाख** कृष्ण पक्ष द्वितीया 13 मई को देवर्षि नारद जयंती है। देवर्षि, ब्रह्मनंदन, वीणाधर, सरस्वतीसुत और कलिप्रिय आदि नाम से जाने वाले महर्षि नारद ब्रह्मांड के प्रथम संदेशवाहक और आद्य पत्रकार हैं।
श्रुतचारित्रयोजातो यस्याहन्ता न विद्यते।
अगुप्तश्रुतचारित्रं नारदं तं नमाम्यहम् ।
जो ज्ञान और चरित्र से उत्पन्न हुए हैं, जिनमें अहंकार नहीं है। जो अपने ज्ञान और चरित्र को नहीं छिपाते, ऐसे हैं नारद मुनि।

सूचना प्रौद्योगिकी के काल में जन्म लेने वाले हम लोगों के लिए आज विश्व के किसी भी कोने में संपर्क करना बड़ा सहज है। प्राचीनकाल में सूचना, संवाद, संचार का प्रमुख साधन मौखिक ही होता था। वो भी या तो सामने हो, या किसी संदेशवाहक के माध्यम से संदेश पहुंचाया जाए। समय परिवर्तन हुआ तो मौखिक के साथ-साथ लिखित संदेशों का आदान-प्रदान शुरू हुआ। तीर्थ, यज्ञादि बड़े कार्यक्रमों में एकत्रीकरण भी संदेशों के लिए प्रयोग होते थे। आज समय बदल चुका है। ऐसी स्थिति में नारद जयंती पर जगह-जगह होने वाले कार्यक्रम राष्ट्रीय दृष्टिकोण से मीडिया के प्रबोधन में प्रमुख भूमिका निभा रहे हैं।

भारतीय प्राचीन ज्ञान परंपरा में विभिन्न ग्रंथों में महर्षि नारद का उल्लेख पढ़ने को मिलता है। शास्त्रों में कहा गया कि वे ब्रह्मा जी के मानस पुत्र है, भगवान विष्णु जी के भक्त और बृहस्पति जी के शिष्य है। इन्हें एक लोक कल्याणकारी संदेशवाहक और लोक-संचारक के रूप में भी विशेष तौर पर जाना जाता है।
देवर्षि नारद जी के लिए आचार्य पिशुनः का उल्लेख कौटिल्य के अर्थशास्त्र में कई बार आया है। इसके अतिरिक्त संस्कृत के शब्दकोशों में भी आचार्य पिशुनः का अर्थ देवर्षि नारद, सूचना देने वाला, संचारक, सूचना पहुंचाने वाला, सूचना को एक स्थान से दूसरे स्थान तक देने वाला है। आचार्य का अर्थ, गुरु, शिक्षक, यज्ञ का मुख्य संचालक, विद्वान आदि है। इन दोनों शब्दों का अर्थ हुआ, सूचना देने वाला विद्वान अथवा विज्ञ पुरुष। इस अर्थ का संयुक्त उपयोग संस्कृत साहित्य में जिसके लिए किया गया, वे हैं देवर्षि नारद जी।

# चेतना शून्य पाकिस्तानः आत्म विनाश की ओर

**डा मनमोहन प्रकाश**

**आतंकवाद,** कट्टरता और आत्मवंचना में जकड़ा हमारा पड़ोसी राष्ट्र पाकिस्तान आज बहुआयामी संकटों से घिरा हुआ है। वह आर्थिक रूप से लगभग दिवालिया, राजनीतिक रूप से अस्थिर, सामाजिक रूप से विखंडित और कूटनीतिक रूप से अलग-थलग पड़ चुका है। अब वह न तो आत्मविश्लेषण की दिशा में अग्रसर हो पा रहा है, न ही सुधार की कोई ठोस पहल कर पा रहा है। यह और भी विडंबनापूर्ण है कि उसके तथाकथित सहयोगी – जैसे चीन और तुर्की – भी स्वार्थ से प्रेरित उसे ऐसा दर्पण दिखाते हैं जिसमें असली चेहरा नहीं दिखाई देता बल्कि जैसा वह देखना चाहता है वही दिखता है। इस तरह पाकिस्तान को भारत विरोधी उत्तेजना से भरता रहता है। इसीलिए पाकिस्तान आत्मप्रवंचना से बाहर ही नहीं निकल पा रहा है। पाकिस्तान केवल भारत-विरोध की आग में नहीं जल रहा, बल्कि वह भीतर से भी गंभीर सामाजिक और राजनीतिक दरारों से त्रस्त है। देश की बागडोर निर्वाचित सरकार के हाथों में नहीं, बल्कि रावलपिंडी स्थित सेना मुख्यालय के जनरलों के हाथों में है। प्रत्येक प्रधानमंत्री - चाहे इमरान खान हों या शाहबाज शरीफ - सेना की छाया से बाहर सोचने तक की स्वतंत्रता नहीं रखते। वर्तमान में पाकिस्तान का शासन-तंत्र जनता और लोकतांत्रिक संस्थाओं में विश्वास की भारी कमी से जूझ रहा है। न्यायपालिका और मीडिया स्वतंत्रता की भावना से नहीं, भय और दबाव के वातावरण में कार्य कर रहे हैं। इमरान खान की गिरफ्तारी और उसके पश्चात फैली हिंसा यह स्पष्ट कर देती है कि देश में सत्ता का संघर्ष अब सड़कों पर उतर आया है। बलूचिस्तान, खैबर पख्तूनख्वा और सिंध जैसे प्रांतों में अलगाववादी आंदोलनों ने उग्र रूप ले लिया है। बलूच राष्ट्रवादी संगठनों द्वारा पाकिस्तानी सेना पर लगातार हमले इस बात के प्रमाण हैं कि राष्ट्रीय एकता अब केवल एक औपचारिक अवधारणा बनकर रह गई है। इसके साथ ही, पंजाब और शेष पाकिस्तान के बीच का सामाजिक असंतुलन भी विभाजनकारी प्रवृत्तियों को हवा दे रहा है। धार्मिक अल्पसंख्यकों - विशेष रूप से अहमदिया, हिंदू, ईसाई और शिया समुदायों - पर लगातार हो रहे हमले पाकिस्तान के सामाजिक ताने-बाने को भीतर से क्षत-विक्षत कर रहे हैं।

## न्यूज फ्लैश

### पहल हम करते नहीं इतिहास दिखा देंगे..



**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल।** सांझा साहित्य मंच की मासिक काव्य गोष्ठी, कर्ण पार्क, नजदीक पुराना बस अड्डा में आयोजित की गई, जिसकी अध्यक्षता हरबंस लाल पथिक ने की। मुख्य अतिथि पानीपत से कवि कमलेश कुमार पालीवाल कमल रहे।

काव्य गोष्ठी के संयोजक कृष्ण कुमार निर्माण ने बताया कि सबसे पहले काव्य गोष्ठी में भारतीय सेना के शौर्य और पराक्रम को सलाम किया गया। उसके बाद मदर्स डे पर चर्चा की गई। गोष्ठी के आगाज में मनोज मधुरभाषी ने कहा-भारत के पीठ पीछे वार बहुत करते हैं, दहकते अंगारों से सामने बहुत घबराते हैं।

इंद्री से पधारे जनवादी कवि दयाल चंद जास्ट ने अपना कलाम हरियाणवी में यूँ पढ़ा कि विषैली धरती होती जावै, कुछ तो इसपे विचार करो। भारी संकट आण पड़ेगा, इस खतरे की पहचान करो। कतलाहेड़ी से युवा राष्ट्रवादी कवि प्रवीण जन्नत बोले कि बहरों के कान खोलने को धमाका बहुत जरूरी है।
आंखों वाले अंधों से सदा बखूबी दूरी है।। वरिष्ठ गीतकार नरेश लाभ ने कहा कि सच्ची बातें जब करें, दिल को रखना साफ, रख आईना सामने, करे आप इंसाफ ।

वरिष्ठ कवि जय भारद्वाज तरावड़ी ने कहा झोल है तेरे तकव्वुर में सदा खोट है, अब समझ आया कि तेरी हर अदा में खोट है। कमलेश पालीवाल कमल बोले कि कोई जुस्तजू नहीं है कोई आरजू नहीं है।
तेरा दिल रहे सलामत मेरे दिल में क्या नहीं है। सांझा साहित्य मंच के महासचिव सतविन्द्र कुमार राणा ने कहा कि कांटों पर भी वास हो, पर मुख पर हो हर्ष। जीना पुष्प समान हो, पल जी लें या वर्ष।।

असंध से पधारे कवि भारत भूषण वर्मा ने अपने विचार देश भक्ति कविता के रूप में रखते हुए कुछ यों कहा कि- पहल हम करते नहीं, इतिहास ये दिखा देंगे। हम से टकराने वाले तुझे खाक में मिला देंगे। सभी प्रस्तुत रचनाओं पर अध्यक्ष की ओर से टिप्पणी करते हुए कहा गया कि रचनाकर्म करने से पहले अध्ययन जरूरी है। अच्छा वक्ता तभी बन सकता है, जब अन्य रचनाओं को ध्यान से सुना जाए और निरंतरता में पढ़ा जाए। सीखना ताउम्र जारी रहता है।

अपनी प्रस्तुति में हरबंस लाल पथिक बोले- अश्क बहते रहे आहें भरते रहे, दर्द की हद से आगे गुजरते रहे, मौत आएगी इक दिन, न आई मगर रोज जीते रहे रोज मरते रहे। दर्जन भर पुस्तकों के रचनाकार कृष्ण कुमार निर्माण ने कहा कि..माँ से बढकर धरती पर कोई तीर्थ स्थान नहीं। सच पूछो तो माँ से बढकर होता भगवान नहीं। इस काव्य गोष्ठी में शिवम कृष्ण, समर्पिता कृष्ण भी उपस्थित रहे।

### स्टुडेंट की टांग पर चढ़ा बस का पहिया

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल।** जिले में बस में चढ़ते वक्त बीटेक का स्टूडेंट नीचे गिर गया। बस का पहिया स्टूडेंट की बाईं टांग पर चढ़ गया। इस हादसे में छात्र गंभीर रूप से घायल हो गया। उसके दोस्तों ने तुरंत उसे अस्पताल पहुंचाया, जहां ऑपरेशन के बाद उसका इलाज चल रहा है। घटना के बाद ड्राइवर मौके से बस समेत फरार हो गया। पीड़ित स्टूडेंट ने बस ड्राइवर पर लापरवाही का आरोप लगाया है। पुलिस ने स्टूडेंट की शिकायत के आधार पर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। हादसा मेरठ रोड पर हुआ। करनाल निवासी बसंत विहार निवासी दीक्षांत देशवाल बसताड़ा के कॉलेज में बीण्टेक फस्ट ईयर का स्टूडेंट है। शनिवार को दीक्षांत देशवाल अपने दोस्त आदित्य और अमरदीप के साथ आरपीआइआईटी बसताड़ा कॉलेज जाने के लिए निकला था। तीनों मेरठ चौक पहुंचे, जहां वे बस में चढ़ रहे थे। दीक्षांत जैसे ही बस में चढ? लगा ड्राइवर ने लापरवाही से बस को तेजी से चला दिया।

# प्रदेश सरकार जीरो टॉलरेंस की नीति पर कर रही है कामः रणबीर गंगवा

## जिला लोक संपर्क एवं कष्ट निवार समिति की बैठक में 5 शिकायतों का हुआ निपटारा

**प्राथमिकता**

▶▶ आम जनता की समस्याओं का समाधान तय समय सीमा के अंदर और प्राथमिकता के आधार पर करें



**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल।** हरियाणा के जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी एवं लोक निर्माण (भवन व सडकें) मंत्री रणबीर सिंह गंगवा ने कहा कि प्रदेश सरकार जीरो टॉलरेंस की नीति पर काम कर रही है, भ्रष्टाचार करने वालों के खिलाफ प्रदेश सरकार पूरी तरह से सख्त है और भ्रष्टाचारी को किसी भी सूरत में बख्शा नहीं जाएगा। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में प्रदेश सरकार द्वारा नॉन-स्टॉप विकास कार्य तेज गति से करवाए जा रहे हैं। उन्होंने अधिकारियों व कर्मचारियों के बारे में बोलते हुए कहा कि आम जनता की समस्याओं का समाधान तय समय सीमा के अंदर और प्राथमिकता के आधार पर करें। किसी भी व्यक्ति को बेवजह परेशान न किया जाए।

यह बात मंत्री रणबीर गंगवा ने सोमवार को स्थानीय पंचायत भवन में जिला लोक संपर्क एवं कष्ट निवारण समिति की बैठक में रामनगर निवासी मनिंदर सिंह की फर्जी बीपीएल कार्ड बनाकर राशन हड़पने से संबंधित मामले की सुनवाई के दौरान कही। बैठक में रामनगर निवासी मनिंदर सिंह की शिकायत खाद्य आपूर्ति विभाग से संबंधित थी।

इस शिकायत के विषय में करनाल के विधायक जगमोहन आनंद ने भी संबंधित विभाग की शिकायत को लेकर मंत्री के सामने अपनी बात रखी। मंत्री रणबीर गंगवा ने इस शिकायत पर कड़ा संज्ञान लेते हुए सख्त शब्दों में कहा कि ऐसे परेशान करने वाले विभाग के अधिकारी और संबंधित राशन डिपो की जांच उच्च अधिकारी से करवाई जाए। इस संबंध में उपायुक्त ने कहा कि एसडीएम करनाल से इस मामले की जांच करवाई जाएगी।

### बुद्ध पूर्णिमा के पर्व पर गौमाताओं को चारा, दलिया व गुड़ खिलायाः दिलबाग सिंह



**टीम एक्शन इंडिया**
**सोनीपत**

कामी रोड पर स्थित गौशाला में गौभक्त टीम ने जाकर गौमाताओं को 23 कट्टे हरा चारा , 2 किलोग्राम गुड़ व 3 किलोग्राम दलिया खिलाया । इसके बाद बीमार गौमाताओं के बाड़े में जाकर सर्वप्रथम गोबर उठाया , झाड़ू लगाया ,शाम का चारा निकाला, गौमाताओं की कमर पर खुर्रा फेरा ,गौमाताओं के छोटे-छोटे बच्चे को बिस्किट खिलाएं। दिलबाग सिंह हिंदी प्रवक्ता ने बताया कि यह त्यौहार वैशाख माह की पूर्णिमा को मनाया जाता है बुद्ध पूर्णिमा के दिन ही गौतम बुद्ध का जन्म हुआ था। इस दिन उन्होंने ज्ञान की भी प्राप्ति हुई थी और इसी दिन उनका महानिर्वाण भी हुआ था ।
गीता हिंदी अध्यापिका ने संदेश दिया कि इस दिन बाल और नाखून नहीं काटने चाहिए व न हीं महिलाओं को बाल धोने चाहिए इससे कुंडली में बृहस्पति कुपित होता है दुर्भाग्य का आगमन होता है बुद्ध पूर्णिमा वाले दिन ऐसे कार्यों से बचना चाहिए ।
सरोज जी ने बताया कि विशेष दिन की बजाय सामान्य दिनों में भी गौमाताओं की सेवा करनी चाहिए। प्रत्येक घर में खाना बनाते समय प्रथम रोटी गाय की व अंतिम रोटी कुत्ते की निकालनी चाहिए।

### पलवल: युवक ने किया सुसाइड, सुसाइड नोट में ठहराया जिम्मेदार

**पलवल/टीम एक्शन इंडिया**

जिले के हसनपुर थाना क्षेत्र के माहौली गांव में एक युवक ने आत्महत्या करने का मामला सामने आया है। मृतक की पहचान कालू उर्फ भविष्य के रूप में हुई है। मौके से मिले सुसाइड नोट में उसने गांव के ही एक व्यक्ति राजेंद्र को अपनी मौत का जिम्मेदार ठहराया है। मामले की सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमॉर्टम के लिए सामान्य अस्पताल भिजवाया और जांच शुरू कर दी है।
मृतक के भाई जयदीप ने सोमवार को बताया कि उसने मंदिर के पास एक बाइक और उसके पास एक युवक का शव देखा।

## क्षमा, संयम एवं त्याग बुद्धत्व का सार हैः राजीव जैन

**आश्वासन**

▶▶ राजीव जैन ने गुरु गोरखनाथ के नाम पर चौक का निर्माण करवाने का आश्वासन दिया



**टीम एक्शन इंडिया**
**सोनीपत,**

गुरु गोरखनाथ नाथ संप्रदाय के योगी एवं महान संत थे जिन्होंने पूरे देश का भ्रमण कर सामाजिक विषयों पर अनेक ग्रंथो की रचना की, जिन्हें पढ़कर आज पूरे देश का कल्याण हो रहा है। गुरु गोरखनाथ को भगवान शिव का अवतार माना जाता है इसलिए वह कल्याणकारी संत थे।

उक्त विचार गुरु गोरखनाथ प्रकट दिवस के अवसर पर नगर निगम मेयर राजीव जैन ने जोगी धर्मशाला में आयोजित कार्यक्रम में बधाई देने के बाद व्यक्त किये । इस अवसर पर हवन यज्ञ का एवं भंडारे का भी आयोजन किया गया और जोगी समाज के नागरिकों ने मुख्य अतिथि का फूल मालाओं से स्वागत किया। राजीव जैन ने गुरु गोरखनाथ के नाम पर चौक का निर्माण करवाने का आश्वासन दिया।

**महात्मा बुद्ध की जयंती धूमधाम से मनाई गई।**

बुद्ध पूर्णिमा के अवसर पर लहराड़ा गांव के रविदास भवन में आयोजित भगवान बुद्ध की जयंती के अवसर पर भगवान बुद्ध की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित करने के बाद राजीव जैन ने कहा कि क्षमा, संयम एवं त्याग बुद्धत्व का सार है इन्हें हमें अपनी दिनचर्या का हिस्सा बनाना चाहिए। भगवान बुद्ध ने हमें मानवता के प्रति करुणा, लाचारो के प्रति स्नेह, यहां तक की पशु पक्षियों के प्रति भी प्रेम व स्नेह का भाव रखना चाहिए। कार्यक्रम में उमेद सिंह प्रधान रामकुमार दीवान, चरण सिंह जोगी, आर के पोरिया, ओम प्रकाश जोगी, प्रीतम बोध, करतार, तिलकराज, सतबीर नंबरदार, ब्रह्म सिंह, राजबाला चौहान, कारण सिंह चौहान, राजकुमार रंगा आदि उपस्थित रहे।

### शाहनवाज अब्बासी एंटी करप्शन फाउंडेशन ऑफ इंडिया के इंटरनेशनल चीफ इंचार्ज नियुक्त

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल।** एंटी करप्शन फाउंडेशन ऑफ इंडिया के नैशनल सुप्रीमो नरेंद्र अरोड़ा ने इंटरनेशनल टीम का विस्तार करते हुए उत्तर प्रदेश के युवा समाजसेवी एमडी शाहनवाज अब्बासी को फाउंडेशन का इंटरनेशनल चीफ इंचार्ज, विजिलेंस एंड क्राइम सेल नियुक्त किया। अब्बासी इससे पहले राष्ट्रीय टीम में सक्रिय थे और राष्ट्रीय पदाधिकारी के रूप में कार्य कर रहे थे। उनके भ्रष्टाचार उन्मूलन के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्यों को मद्देनजर रखते हुए उन्हें इंटरनेशनल पदाधिकारी के रूप में पदोन्नत किया गया है। नैशनल सुप्रीमो नरेन्द्र अरोड़ा ने एमडी शाहनवाज अब्बासी को नियुक्ति पत्र सौंपकर पद की गरिमा में रहकर भ्रष्टाचार उन्मूलन जागरूकता के लिए कार्य करने की शपथ दिलाई। एमडी शाहनवाज अब्बासी ने कहा कि वह अपने पद की गरिमा में रहकर फाउंडेशन के भ्रष्टाचार उन्मूलन जागरूकता के उद्देश्यों को जन-जन तक लेकर जायेंगे और अपनी टीम का विस्तार करेंगे। उन्होंने कहा कि वह फाउंडेशन के चैरिटी प्रोजेक्ट में विशेष भूमिका निभाएंगे। नरेंद्र अरोड़ा ने कहा कि एमडी शाहनवाज अब्बासी उत्तर प्रदेश के शामली जिले के विख्यात युवा समाजसेवी हैं, जो कई वर्षों से समाज सेवा के कार्य कर रहें हैं।

## चौंकी परिसर में शिकायत लेकर आए छात्र पर हमला करने का एक और आरोपी गिरफ्तार

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**

**कुरुक्षेत्र** : जिला पुलिस ने पुलिस चौंकी में शिकायत लेकर आए छात्र पर हमला करने तथा पुलिस चौंकी में तोड़फोड़ करने के एक और आरोपी को गिरफ्तार किया है। केयूके थाना के अंतर्गत थर्ड गेट चौंकी की टीम ने शिकायत लेकर आए छात्र पर हमला करने तथा पुलिस चौंकी में तोड़फोड़ करने के मामले में एक और आरोपी गुरमीत वासी छौत जिला कैथल को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है ।
जानकारी देते हुए पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि 5 नवम्बर 2019 को एसपीओ बलविन्द्र सिहं थर्ड गेट कुरूक्षेत्र ने थाना केयूके मे दी अपनी शिकायत मे बताया था कि 4/5 नवम्बर को वह थर्ड गेट चौंकी मे रात्री डयूटी पर तैनात था। समय करीब 11-30 बजे एक लडका चेतन्य वासी पंचकूला जो यूनिवर्सिटी का छात्र है अपने साथियों के साथ पुलिस चौंकी मे एक शिकायत देने के लिए आया हुआ था। कुछ समय बाद कारों मे कई लडके आए और आते ही उन्होने उन लडको पर गडांसी व डण्डे-बिन्डों से हमला बोल दिया। आरोपियों ने चौंकी का दरवाजा तोड़कर चौंकी में घुसकर लडकों पर जान से मारने की नीयत से हमला किया। मौके पर और पुलिस कर्मचारियों के आने पर आरोपी जान से मारने की धमकी देकर मौका से भाग गए। जिसकी शिकायत पर थाना केयूके में विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज करके जांच की गई। दिनांक 11 नवम्बर 19 को पुलिस टीम ने मामले में शामिल आरोपी दिलबाग उर्फ दीपू, प्रवीण कुमार, सुरेश कुमार उर्फ काका, प्रवीण कुमार, जगबीर सिंह उर्फ टीटू व कपिल देव वासीयान जिला कैथल को गिरफ्तार कर लिया था। दिनांक 17 दिसम्बर 19 को आरोपी नसीब वासी जींद व राहुल वासी जिला कैथल को गिरफ्तार कर लिया था। दिनांक 14 मार्च 20 को आरोपी रविन्द्र व रोहित वासीयान जिला कैथल को गिरफ्तार कर लिया था। दिनांक 7 जनवरी 21 को आरोपी अमित वासी जिला कैथल को गिरफ्तार कर लिया था।



## जाट धर्मशाला कुरुक्षेत्र में नवनियुक्त कार्यकारिणी का शपथ ग्रहण कार्यक्रम हुआ आयोजित

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**

**कुरुक्षेत्र** : आज जाट धर्मशाला कुरुक्षेत्र में नवनियुक्त कार्यकारिणी का शपथ ग्रहण कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमें नवलियुक्त कार्यकारिणी ने जाट समाज के सामने पद व गोपनीयता की शपथ ली।
नवनियुक्त कार्यकारिणी ने पूर्व प्रधान व कार्यकारिणी को पगड़ी व शाल पहनाकर सम्मानित किया गया।
कार्यक्रम की अध्यक्षता डॉ सुरेश( आर ओ चुनाव कार्यालय कुरुक्षेत्र) ने की। कार्यक्रम में एक मंच से सभी गणमान्य व्यक्तियों ने अपने विचार साझा किए। जाट धर्मशाला के प्रधान डॉ कृष्ण श्योकंद ने कहां कि जाट समाज शिक्षा स्वास्थ्य खेल और हर उस क्षेत्र में अपनी भूमिका निभाएगा जहां समाज की जरूरत होगी। डॉ कृष्ण ने बताया कि संस्था ने स्वास्थ्य के क्षेत्र में पहला कदम बढ़ाते हुए 36 बिरादरी के जरूरतमंद परिवारों की मदद करने के उद्देश्य से एलएनजेपी सरकारी अस्पताल कुरुक्षेत्र में दाखिल मरीजों और उनके सहायकों के लिए दोपहर के भोजन की शुरूआत कर दी गई है।



### पलवल: कार से स्मैक तस्कर को किया गिरफ्तार

**टीम एक्शन इंडिया**
**पलवल**

जिले में पुलिस की डिटेक्टिव स्टाफ टीम ने एक नशा तस्कर को गिरफ्तार किया है। आरोपी के पास से ५ लाख १० हजार कीमत की स्मैक बरामद हुई है। पकड़े गए आरोपी से पुलिस की टीम द्वारा पूछताछ की जा रही है, उसके बाद उसे कोर्ट में पेश कर आगामी कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।सदर थाना प्रभारी धर्मपाल ने सोमवार को जानकारी देते हुए बताया कि डिटेक्टिव स्टाफ की टीम पलवल-हथीन रोड पर केएमपी पुल के पास गश्त कर रही थी।

## कुलपति वैद्य प्रोफेसर करतार सिंह धीमान ने किया बैकेट चैलेंज स्वीकार

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**

**कुरुक्षेत्रः** आज कुरुक्षेत्र में अनेक स्थानों पर नशे के विरुद्ध कार्यक्रम आयोजित किये गए जिसमें आयुष विश्वविद्यालय कुरुक्षेत्र एवं शहर के विभिन्न सेक्टरों में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए। दो बार हरियाणा प्रान्त में साईक्लोथॉन यात्रा को सफलतापूर्वक पूर्ण कर चुके हरियाणा राज्य नारकोटिक्स कण्ट्रोल के जागरूकता कार्यक्रम एवं पुनर्वास प्रभारी डॉ. अशोक कुमार वर्मा कुरुक्षेत्र की सड़कों पर साइकिल लेकर निकले और लोगों को नशे के विरुद्ध जागरूक किया। वे आयुष विश्वविद्यालय पहुंचे और कुलपति वैद्य प्रोफेसर करतार सिंह धीमान से भेंट कर उन्हें बकेट चैलेंज से जोड़ा। नशा मुक्त अभियान को सफल करने के साथ साथ संस्थान और अन्य स्थानों पर भविष्य में अनेक कार्यक्रम आयोजित करने की योजना तैयार की। आयुष विश्वविद्यालय कुरुक्षेत्र के कुलपति ने बकेट चैलेंज को स्वीकार करते हुए कहा- नशा मुक्त जीवन नायब जीवन। उन्होंने कहा कि वे नशा मुक्त जीवन का संकल्प लेते हैं और अपने संस्थान के साथ-2 अन्य स्थानों पर भी इस अभियान को लेकर साथ चलेंगे। ब्यूरो अधिकारी डॉ. अशोक कुमार वर्मा ने कुलपति का आभार व्यक्त किया और बताया कि बताया कि जिस प्रकार बाल्टी के दूषित जल को हम अपने दैनिक जीवन में किसी भी प्रयोग में नहीं लाते हैं, जैसे स्नान करना, बर्तन धोना, सेवन करना आदि। ठीक उसी प्रकार नशे की तुलना दूषित जल से करते हुए लोगों को इस अभियान से जोड़कर उन्हें नशे को जीवन से बाहर फेंक देने के लिए प्रेरित कर रहे हैं।



## श्रमिकों को नशे के खिलाफ जानकारी देकर जागरूक किया

**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत , ( कमाल हुसैन )**

जिला पुलिस द्वारा नशे के खिलाफ चलाई गई मुहिम के तहत पुलिस टीम ने सोमवार को ब्रहमकुमारीज संस्थान के साथ संयुक्त रूप से जीटी रोड स्थित कपूर इंडस्ट्रीज में श्रमिकों को नशे के दुष्परिणामों की जानकारी देकर जागरूक किया।
अभियान के जिला नोडल अधिकारी उप पुलिस अधीक्षक समालखा नरेंद्र कादियान ने बताया कि नशा व्यक्ति के शरीर के लिए तो हानिकारक है ही, साथ में यह अपराध करने का मुख्य कारण भी बनता है।
नशे की शुरूआत पहले मजे और मित्रों के साथ जश्न से होती है। धीरे-धीरे नशे के अंधकार जाल में फंसता चला जाता है। जो व्यक्ति नशे की गर्त में फस जाता है वह नशा पूर्ति के लिए पैसे ना होने पर अपराधिक वारदातों को अंजाम देने लग जाता है।
नशा करने वाले व्यक्ति को लगता है कि नशा करके उसके सारे दुखों पर पूर्ण विराम लग जायेगा। लेकिन वास्तव में यह सोच गलत है।
कुछ लोग अपने दुखों को भूलने की बात कहते हुए नशे का सहारा लेते है। जिससे शरीर का नुकशान होने के अतिरिक्त पैसों की भी बबार्दी होती है। नशा करने वाले व्यक्ति का ध्यान अपराध की तरफ बढ़ता है। युवाओं को नशे की गर्त से बचाने के लिए हरियाण पुलिस लगातार प्रयासरत है। पुलिस स्कूल, कॉलेज, फैक्टरी, गांव व कॉलोनियों में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित कर आमजन व विद्यार्थियों को नशे के खिलाफ जागरूक कर रही है।
समालखा ब्रहमकुमारी सेवा केंद्र की संचालिका किरण व सहयोगी ममता ने श्रमिकों को नशे के सेवन से होने वाले मानसिक, शारीरिक और सामाजिक नुकसान के बारे में विस्तार से बताया। उन्होंने बताया कि नशा हमारे शरीर की शक्ति को खत्म कर उसे बीमारियों का घर बना देता है। अगर शरीर को नशे की लत पड़ जाती है तो वह इतनी आसानी से नहीं छूटती। नशा अच्छे भले शरीर को कंकाल बना देता है, इसलिए हमे स्वयं भी और दूसरों को भी इससे दूर रहने के लिए प्रेरित करना चाहिए। जागरूकता और आत्म-नियंत्रण ही इससे बचने का सबसे कारगर तरीका है।
इस दौरान श्रमिकों को शपथ दिलाई गई कि वे स्वयं नशे से दूर रहेंगे और दूसरों को भी इसके खिलाफ जागरूक करेंगे।



## विश्वविद्यालय के उत्थान में शिक्षकों व कर्मचारियों की अहम भूमिकाः प्रो. सोमनाथ सचदेवा

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**

**कुरुक्षेत्र** : कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के एक शिक्षक व छह गैर-शिक्षक कर्मचारियों की सेवानिवृत्ति पर प्रशासन की ओर से विदाई पार्टी का आयोजन किया गया। इस अवसर पर कुलपति प्रो. सोमनाथ सचदेवा ने कहा कि विश्वविद्यालय के उत्थान में शिक्षकों व कर्मचारियों की अहम भूमिका होती है। शिक्षक व कर्मचारी शिक्षण संस्थान का मजबूत आधार होते हैं जो संस्थान के विकास में महत्वपूर्ण योगदान देते हैं।
इस अवसर पर कुलपति प्रोफेसर सोमनाथ सचदेवा ने सेवानिवृत्त हुए शिक्षकों व कर्मचारियों से औपचारिक बातचीत की। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय शिक्षकों व कर्मचारियों के हितों के लिए सदैव सकारात्मक दृष्टिकोण रखेगा तथा भविष्य में भी सेवानिवृत्त शिक्षकों व कर्मचारियों के अनुभव विश्वविद्यालय के काम आएंगे। उन्होंने विश्वविद्यालय में बेहतर सुविधाएं प्रदान करने के लिए उनके सुझाव लिए व उनके अच्छे स्वास्थ्य की कामना की। इस मौके पर सेवानिवृत्त शिक्षकों व कर्मचारियों ने अपने विचार व अनुभव सांझा किए।



## न्यूज फ्लैश

### मुख्यमंत्री राहत कोष से इलाज के लिए आर्थिक सहायता लेने की प्रक्रिया हुई सरल: डीसी

**पानीपत, ( कमाल हुसैन )** डीसी डॉक्टर विरेन्द्र कुमार दहिया ने बताया कि हरियाणा सरकार द्वारा आमजन को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध करवाने के दृष्टिगत मुख्यमंत्री राहत कोष के तहत चिकित्सा आधार पर वित्तीय सहायता प्राप्त करने वालों को सरल पोर्टल पर सुविधा प्रदान की जा रही है। इससे यह प्रक्रिया और अधिक सरल एवं आसान हो गयी है। उन्होंने बताया कि अब आर्थिक सहायता के लिए प्रार्थी आवेदक सरल पोर्टल के माध्यम से सुविधा का लाभ प्राप्त कर सकते हैं। मुख्यमंत्री राहत कोष से मिलने वाली आर्थिक सहायता की राशि सीधे आवेदक या लाभार्थी के बैंक खाते में ट्रांसफर की जाएगी।

डीसी ने बताया कि आवेदक अपनी पीपीपी यानी परिवार पहचान पत्र आईडी के माध्यम से सरल पोर्टल पर आवेदन कर सकते हैं। इस प्रक्रिया को पूर्ण करने के लिए आवेदकों को अपने चिकित्सा बिल, ओपीडी बिल आदि जैसे अन्य संबंधित दस्तावेजों को अपलोड कर मुख्यमंत्री राहत कोष (सीएमआरएफ) से चिकित्सा आधार पर वित्तीय सहायता के लिए आवेदन कर सकते हैं। डीसी ने कहा कि योजना में किए गए बदलावों के तहत यदि कोई बीमारी आयुष्मान भारत जन आरोग्य योजना में कवर नहीं हो रही है, तो आयुष्मान योजना के लाभार्थियों को भी इस योजना के तहत लाभ मिलेगा। मुख्यमंत्री राहत कोष के अंतर्गत आर्थिक सहायता के लिए जिला स्तरीय कमेटी का गठन किया गया है, जिसमें संबंधित एमपी, संबंधित एमएलए, उपायुक्त, सिविल सर्जन, नगर परिषद व नगर पालिकाओं के अध्यक्ष, जिला परिषद के चेयरमैन, पंचायत समिति के चेयरमैन को सदस्य और नगराधीश को नोडल अधिकारी बनाया गया है। डीसी डॉ. विरेन्द्र कुमार दहिया ने आवेदन मंजूरी की पूरी प्रक्रिया की जानकारी देते हुए बताया कि जैसे ही आवेदक आर्थिक सहायता प्राप्त करने के लिए पोर्टल पर अपना आवेदन डालेगा वैसे ही आवेदन को संबंधित क्षेत्र के सांसद, विधायक, अध्यक्ष जिला परिषद, अध्यक्ष ब्लॉक समिति, मेयर/एमसी के अध्यक्ष के पास भेजा जाएगा और ये जनप्रतिनिधि पांच दिन के भीतर अपनी सिफारिशों के साथ डीसी कार्यालय को भेजेंगे। उसके उपरांत आवेदन को डीसी कार्यालय द्वारा संबंधित तहसीलदार को आवेदक की चल – अचल संपत्ति की वेरिफिकेशन तथा सिविल सर्जन को मेडिकल दस्तावेजों के सत्यापन के लिए भेजा जाएगा। इस पूरी प्रकिया में संपत्ति की वेरिफिकेशन के लिए चार दिन व सिविल सर्जन कार्यालय से जुड़े सत्यापन कार्य के लिए पांच दिन की समयसीमा निर्धारित की गई है। उन्होंने बताया कि उपरोक्त दोनों विभागों से मिली रिपोर्ट्स को उपायुक्त की संस्तुति के साथ कमेटी के सदस्य सचिव को भेजा जाएगा, जिसे वे सीनियर एकाउंट अधिकारी को भेजेंगे। इसके बाद स्वीकृत की गई राशि सीधे लाभार्थी के खाते में भेज दी जाएगी।

### पेड़ से टकराई कार, दो की मौत

**जींद।** कैथल रोड पर आई 20 कार पेड़ में जा घुसी। जिससे कार में सवार पांच युवकों में से दो की मौत हो गई जबकि तीन लोग घायल हो गए। घायलों को जींद के प्राइवेट अस्पताल में दाखिल करवाया गया है। घटना की सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और स्थिति का जायजा लिया। पुलिस ने मृतकों के शवों को कब्जे में ले नागरिक अस्पताल के शव गृह में रखवा दिया है। सोमवार को नागरिक अस्पताल में काफी संख्या में ग्रामीण पहुंचे और मृतक परिजनों को ढांढस बंधाया। जानकारी के अनुसार रविवार देर शाम को जींद निवासी अमित, सन्नी, किठाना निवासी अजय, नगूरां निवासी हिमांशु उर्फ हैप्पी, जुलानी निवासी हरदीप रात को 9 बजे के करीब आई 20 कार में सवार होकर कैथल की तरफ जा रहे थे। चांदपुर से शामदो गांव के बीच उनकी गाड़ी अनियंत्रित होकर सड़क किनारे खड़े सफेदे के पेड़ में जा घुसी। इसमें पांचों गंभीर रूप से घायल हो गए। आसपास से गुजर रहे वाहन चालकों ने हादसा देख कर एंबुलेंस को सूचना दी। इसके बाद घायलों को जींद के सिविल अस्पताल लाया गया।

# नारायणगढ़ विधानसभा क्षेत्र के विकास कार्यों में कोई कमी नहीं आने दूंगा: सैनी

**सीएम ने आश्वासन दिया है कि वे नारायणगढ़ विधानसभा क्षेत्र के विकास कार्यों में कोई कमी नहीं आने देगें**

**विकास पर बल**

**पवन सैनी ने नारायणगढ़ विधानसभा क्षेत्र के विकास कार्यों को लेकर रखीं अहम मांगे रखीं**



**टीम एक्शन इंडिया**
**मनीष कुमार**
**अम्बाला/नारायणगढ़:** पूर्व विधायक डॉ. पवन सैनी ने मुख्यमंत्री नायब सिंह सिंह सैनी से की मुलाकात की, नारायणगढ़ विधानसभा क्षेत्र के विकास कार्यों को लेकर रखीं अहम मांगें। डॉ. पवन सैनी ने बताया कि वैसे तो मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी को नारायणगढ़ विधानसभा क्षेत्र की मांगों एवं विकास कार्यो से सम्बंधी पूरी जानकारी है, क्योंकि पूर्व में मुख्यमंत्री ने यहां से विधायक एवं राज्य मंत्री रहते अनेको विकास के कार्य करवाये है और क्षेत्र को विकास को गति दी है। डॉ. पवन सैनी का कहना है कि मुख्यमंत्री नायब सैनी के पास अब बतौर सीएम पूरे प्रदेश की जिम्मेवारी है और ऐसे में उनकी जिम्मेवारी बढ जाती है कि वे सीएम से मिल कर क्षेत्र के लोगों की मांगे एवं विकास कार्य उनके सामने रख उन्हें पूरा करवाये। उन्होंने कहा कि उनका प्रयास है कि भगवान नारायण की नगरी नारायणगढ़ विधानसभा हर क्षेत्र में अग्रणी हलका बने इसके लिए उन्होंने सीएम से मिल कर यहां की डिमांड रखी है। सीएम ने उन्हें आश्वासन दिया है कि वे नारायणगढ़ विधानसभा क्षेत्र के विकास कार्यों में कोई कमी नहीं आने देगें। डॉ. पवन सैनी ने बताया कि मुख्यमंत्री के सामने उन्होंने नारायणगढ़ विधानसभा क्षेत्र की 30 सडके जो लगभग 34 करोड़ से बनेगी उनकी डिमांड रखी है जिनकी अप्रूव्ल जल्द मिल जाएगी। अप्रूव्ल मिलने के बाद इन सडकों का नवीनीकरण एवं सुदृढीकरण का कार्य जल्द शुरू होगा। पूर्व विधायक डॉ. पवन सैनी ने बताया कि सीएम से मुलाकात के दौरान उन्होने नारायणगढ़ विधानसभा क्षेत्र के विकास से संबंधित विभिन्न मुद्दों पर विस्तृत चर्चा की। इस दौरान डॉ. सैनी ने मुख्यमंत्री के समक्ष नारायणगढ़ क्षेत्र के नागरिकों की अनेक मूलभूत आवश्यकताओं को रखा, जिनमें प्रमुख रूप से नारायणगढ़ में पॉलिटेक्निक संस्थान की स्थापना - जिससे क्षेत्र के युवाओं को तकनीकी शिक्षा प्राप्त करने के बेहतर अवसर मिल सकें।

**परिवहन विभाग की सुविधाओं का विस्तार** – स्थानीय स्तर पर परिवहन विभाग के डिपो की स्थापना की मांग रखी गई ताकि लोगों को ओर अधिक बेहतर यातायात सुविधा मिल सके।

**गांवों में खेल ग्राउंड एवं व्यामशालाओं का निर्माण** - युवाओं को खेलों में प्रोत्साहित करने और स्वस्थ जीवनशैली को बढ़ावा देने के उद्देश्य से यह मांग की गई। इसके अलावा भी क्षेत्र की कई अन्य मांगे एवं विकास कार्य सीएम के सामने रखे गए है।

**क्षेत्र की सडकों का नवीनीकरण एवं मरम्मत कार्य** – कई गांवों और शहरी क्षेत्रों में सडकों को दुरुस्त करने की आवश्यकता बताई गई। ग्रामीण विकास के लिए गांवों को ग्रांट उपलब्ध करवाने का अनुरोध किया। मुख्यमंत्री ने पूर्व विधायक डॉ. पवन सैनी को भरोसा दिलाया कि क्षेत्र की जनता की सभी मांगों पर शीघ्र सकारात्मक कार्यवाही की जाएगी।

## गुरू गोरख नाथ महाराज का प्रकट दिवस धूमधाम से मनाया



**समारोह**

**गुरु गोरखनाथ को गोरक्षनाथ के नाम से भी जाना जाता हैं, वे नाथ संप्रदाय के प्रमुख योगी और संत थे**

**टीम एक्शन इंडिया**
**समालखा, (कुलदीप सिंह )** सोमवार को गांव देहरा में महायोगी गुरू गोरख नाथ महाराज का प्रकट दिवस बड़ी धूमधाम से मनाया गया। प्रकट दिवस समारोह के मौके पर शिव अवतारी गुरु गोरखनाथ के मंदिर और धूना स्थल पर हवन-यज्ञ एवं पूजा-अर्चना करते हुए भक्त नफे नाथ ने कहा कि गुरु गोरखनाथ को गोरक्षनाथ के नाम से भी जाना जाता हैं, वे नाथ संप्रदाय के प्रमुख योगी और संत थे। गोरखनाथ ने योग, ध्यान, और आत्म-मुक्ति पर बल दिया और अपने अनुयायियों को नैतिक जीवन जीने और मोक्ष प्राप्त करने का मार्ग दिखाया। देहरा के गुरु गोरखनाथ मंदिर के संचालक विनोद भक्त ने कहा कि गोरखनाथ, गुरु मत्स्येन्द्रनाथ के सबसे प्रसिद्ध और प्रमुख शिष्यों में से एक थे, जिन्होंने हठयोग की परंपरा को आगे बढ़ाने का काम किया। विनोद भक्त ने कहा कि गोरखनाथ का मानना था कि सिद्धियों के पार जाकर शून्य समाधि में स्थित होना ही योगी का परम लक्ष्य होना चाहिए।

## सीमा पर युद्धविराम के मद्देनजर स्थिति धीरे-धीरे सामान्य हो रही- डीसी

**टीम एक्शन इंडिया**
**मनीष कुमार**
**अम्बाला:** उपायुक्त अजय सिंह तोमर ने बताया कि सीमा पर युद्धविराम के मद्देनज? स्थिति धीरे-धीरे सामान्य हो रही है। अतः सडकों की लाइटें और बाजार सामान्य दिनों की तरह खुले रहेंगे। हालांकि, नागरिकों से अनुरोध है कि रात के समय घर के बाहर लगी लाइट्स के लिए जनरेटर या इन्वर्टर का प्रयोग न करें। वे घर के अंदर की लाइट्स के लिए डायरेक्ट सप्लाई, जनरेटर या इन्वर्टर का उपयोग कर सकते हैं। उपायुक्त ने यह भी कहा कि ड्रोन उड़ाने पर पूर्णतः प्रतिबंध है,यदि कोई भी नियमों की अवहेलना करता है तो सख्त कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। उन्होने यह भी कहा कि किसी भी अफवाह पर ध्यान न दें। केवल जिला प्रशासन के सोशल मीडिया अकाउंट्स द्वारा दी गई सूचनाओं और निदेर्शों का पालन करें।

बॉक्सः- उपायुक्त ने यह भी बताया कि आपदा से बचाव बारे जिला प्रशासन की ओर से अम्बाला शहर नई अनाज मंडी व अम्बाला छावनी एसडी कालेज में वलंटियर्स के लिए ट्रेनिंग कैंप कम रजिस्ट्रेशन कैंप का आयोजन किया गया।

## एचएसजीपीसी सदस्य सिमरनजीत का गांव मूनक में किया गया स्वागत

**पर्यावरण संदेश**

**सदस्य मनोनीत किए जाने पर मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी का आभार जाहिर किया**



**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत, ( कमाल हुसैन )**
**हरियाणा** सिख गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के सदस्य मनोनीत होने की रेस में कमेटी के संयुक्त सचिव रहे गुलाब सिंह मूनक की पत्नी सिमरनजीत कौर ने बाजी मारी है। सदस्य मनोनीत होने के इच्छुक कई थे, लेकिन किसी ने भी खुलकर अपनी दावेदारी पेश नहीं की थी। भाजपा के वरिष्ठ नेताओं के पास भी सदस्य मनोनीत होने की इच्छा जताई थी। फिर भी सिमरन कौर को ही सदस्य मनोनीत कर दिया। इसकी जीत के कारण गांव मूनक में खुशी की लहर और बधाई देने वालों का तांता उनके घर लग गया। करनाल जिले का एक सदस्य ही मनोनीत किया गया। ग्रामीणों में इस बात की खुशी है कि वह भी हमारे गांव मूनक का है। सभी सरकार का भी धन्यवाद कर रहे हैं। वह लगातार 10 साल तक पैक्स सोसाइटी मूनक की चेयरमैन भी रह चुकी है और ब्लाक समिति की सदस्य भी रह चुकी है। उन्होंने कहा कि वह कमेटी के प्रति समर्पित रहते हुए कार्य करेगी और कमेटी के उद्देश्यों को पूरा करने के लिए प्रतिबद्ध रहेंगी। उन्होंने सदस्य मनोनीत किए जाने पर सीएम नायब सिंह सैनी का आभार जाहिर किया।सिमरनजीत कौर के पति गुलाब सिंह की भाजपा में अच्छी पैठ है। वह पिछले 23 साल से पार्टी से जुड़े रहे हैं। इस दौरान उन्हें अलग अलग पदों पर कार्य करने का जिम्मा भी मिला। वह भाजपा के प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य रह चुके हैं। भाजपा युवा मोर्चा के जिला उपाध्यक्ष व मोर्चा के प्रदेश सचिव की जिम्मेदारी भी संभाल चुके हैं। वह मार्केटिंग बोर्ड असंध के चेयरमैन की जिम्मेदारी भी संभाल चुके हैं। इस समय वह सहकारी बैंक करनाल के निदेशक है। 2014 से लेकर अब तक वह कष्ट निवारण समिति करनाल के सदस्य हैं और इस पद पर रहते हुए वह लोगों की कई समस्याओं का समाधान करवा चुके हैं।

## आपदा से बचाव के लिए हिदायतों एवं सावधानियों आवश्यक- एसडीएम

**टीम एक्शन इंडिया**
**मनीष कुमार**
**अम्बाला:** एसडीएम अम्बाला शहर दर्शन कुमार ने कहा कि किसी भी आपदा से बचाव के लिए हिदायतों एवं सावधानियों बारे जागरूकता बेहद आवश्यक है। इसी के तहत उपायुक्त अजय सिंह तोमर के मार्गदर्शन में अम्बाला शहर अनाज मंडी में वलंटियर्स के लिए ट्रेनिंग कैंप कम रजिस्ट्रेशन कैंप का आयोजन किया गया है जिसमें वलंटियर के साथ-साथ उपस्थित सभी को महत्वपूर्ण



जानकारी दी गई है। एसडीएम दर्शन कुमार ने बताया कि वलंटियरस के लिए आयोजित इस कैंप में युवाओं के साथ-साथ महिलाओं व अन्य ने आगे आकर जो महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है उसके लिए वे बधाई के पात्र हैं। उन्होंने कहा कि आज आयोजित इस कैंप में काफी संख्या में युवाओं ने भी भाग लिया है।

**मार्गदर्शन**

**दिन के समय यदि कोई ऐसा हादसा होता है तो उस समय हमें प्रयास करना चाहिए कि हम घरों पर ही रहें**

उन्होंने इस मौके पर उपस्थित सभी को यह भी आहवान किया कि जब भी यदि किसी आपदा में वलंटियरस की जरूरत पड़ेगी और जिन लोगों ने अपना रजिस्ट्रेशन करवाया है वे प्रशासन का सहयोग अवश्य करें। प्रशासन द्वारा जारी हिदायतों की अनुपालना करने में आम लोगों का सहयोग बेहद आवश्यक है। एसडीएम ने कहा कि हवाई हमले के दौरान सबसे पहले सायरन बजता है और वह 5 मिनट तक बजेगा, अलर्ट बंद होने पर सायरन 2 मिनट तक बजेगा। दिन के समय यदि कोई ऐसा हादसा होता है तो उस समय हमें प्रयास करना चाहिए कि हम घरों पर ही रहें, बालकनी से दूर रहें, छतों पर जाने से बचें।

## लोकसभा विधानसभा चुनाव के साथ होने से बचेगा हजारों करोड़ रूपया: गजेंद्र

**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत, ( कमाल हुसैन )**
**देश** लोकसभा व विधानसभा सभा चुनाव अलग अलग होने से बहुत सारा धन-व्यय करना पड़ता हैं। यदि लोकसभा व विधानसभा चुनाव एक साथ होंगे तो देश का हजारों करोड़ रुपया बचेगा। जिसे देश के स्वास्थ्य, शिक्षा,रक्षा, सुरक्षा के साथ साथ मुलभुत ढांचे पर खर्च होंगे जिससे देश तेजी से विकास करेगा।



ये शब्द भाजपा सदस्यता अभियान के प्रदेश प्रमुख एवं केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल के प्रतिनिधि गजेंद्र सलूजा ने अपने लघु सचिवालय स्थित अपने कार्यलय मे लोगो को सम्बोधित करते हुए कहे। गजेंद्र सलूजा ने कहा कि देश को 2047 तक विकसित राष्ट्र बनाने के लिए एक राष्ट्र एक चुनाव जरूरी हैं।

गजेंद्र सलूजा ने कहा कि एक राष्ट्र एक चुनाव से लोकतंत्र मजबूत होगा। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए एक राष्ट्र एक चुनाव के जिला संयोजक ईश कुमार राणा ने कहा की एक राष्ट्र एक चुनाव संविधान की भावना व डा भीम राव भीम राव अम्बेडकर की भावना हैं।

## कानून-व्यवस्था बनाए रखने को पुलिस कर्मियों ने की मॉक ड्रिल

**फतेहाबाद।** पुलिस लाइन फतेहाबाद में सोमवार को जनरल परेड एवं मॉक ड्रिल का आयोजन किया गया। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक सिद्धांत जैन ने परेड का गहन निरीक्षण किया तथा पुलिसकर्मियों की शारीरिक व मानसिक फिटनेस सुनिश्चित करने हेतु दौड़ एवं परेड का संचालन करवाया। कानून-व्यवस्था को सुदृढ़ बनाए रखने के उद्देश्य से, पुलिस लाइन में दंगा नियंत्रण इकाइयों को आपातकालीन परिस्थितियों से निपटने के लिए मॉक ड्रिल की गई। कराया गया। इस अभ्यास में पुलिस बल को व्यवहारिक प्रशिक्षण प्रदान किया गया।

## अवैध अतिक्रमण को हटाया जाएगा: उपायुक्त

**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत, ( कमाल हुसैन )**
उपायुक्त डॉक्टर विरेंदर कुमार दहिया ने सोमवार को जिला सचिवालय के प्रथम तक पर स्थित सभागार में पानीपत ग्रामीण के सरपंचों, ग्राम सचिवों के साथ बैठक कर आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उपायुक्त ने कहा कि सरकार द्वारा ग्रामीण क्षेत्र के विकास को लेकर संचालित की जा रही योजनाओं को और गति देने की आवश्यकता है। इस पर सभी को गंभीरता से कार्य करना होगा। उपायुक्त ने सरपंचों की समस्याओं को भी सुना व उन्हें दूर करने का आश्वासन भी दिया।

उपायुक्त ने कहा कि बारिश का मौसम नजदीक है सभी नाले व



गालियों की सफाई रखना हमारी नैतिक जिम्मेदारी है। इसमें किसी भी तरह की कोताही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। सफाई कर्मचारी गांव की सफाई रखना सुनिश्चित करें। उपायुक्त ने सरपंचों को निर्देश दिए कि वो गांव की साफ सफाई को लेकर सफाई कर्मचारियों को इस कार्य के लिए सूचित कर सफाई पर निगरानी बरते। वे गांव में जाकर स्वयं सफाई का निरीक्षण भी करेंगे। उपायुक्त ने सभी 16 गांव के सरपंचों को निर्देश दिए कि ग्राम पंचायत की भूमि पर जो अवैध अतिक्रमण है उसे हटाया जाएगा। सभी ग्राम सचिवों को सरपंचों का सहयोग करना होगा।

उपायुक्त ने कहा कि गांव की

**अभियान**

**ग्रामीण क्षेत्र के विकास को लेकर संचालित की जा रही योजनाओं को और गति देने की आवश्यकता**

गलियों में जो ग्रामीण भैंसों को बांधकर गांव की सफाई की अनदेखी करते हैं व गंदगी को बढ़ावा देते हैं ऐसे लोगों पर कार्यवाही होगी। उपायुक्त ने कहा कि शहरो की तरह गांव को भी पॉलिथीन मुक्त करना है इसके लिए आज से ही प्रयास करने होंगे। वे गांव में जाकर खुद निरीक्षण करेंगे वह सफाई का मुआयना करेंगे।

## आपदा से निपटने के लिए वॉलिंटियर्स के लिए ट्रेनिंग कैंप आयोजित

**टीम एक्शन इंडिया**
**मनीष कुमार**
**अम्बाला:** उपायुक्त अजय सिंह तोमर के मार्गदर्शन में आपदा से बचाव बारे एसडी कालेज अम्बाला छावनी में वलंटियर्स के लिए ट्रेनिंग कैंप कम रजिस्ट्रेशन कैंप का आयोजन किया गया। कैंप में एसडीएम अम्बाला छावनी विनेश कुमार, नगरपालिका अध्यक्ष स्वर्ण कौर, उपाध्यक्ष ललिता प्रसाद, डीएसपी अम्बाला छावनी रमेश कुमार विशेष तौर पर उपस्थित रहे। इस मौके पर काफी संख्या में युवाओं ने आगे आकर रजिस्ट्रेशन करवाया।

ट्रेनिंग कैंप के दौरान एसडीआरएफ, रैडक्रास, पुलिस विभाग, फायर विभाग, होमगार्ड व अन्य ने अपने विभाग से सम्बन्धित महत्वपूर्ण जानकारी एवं जो हिदायतें एवं सावधानियां बरतनी है उस बारे युवाओं को जागरूक किया। इस मौके पर एसडीएम विनेश कुमार ने उपस्थित सभी युवाओं को सम्बोधित करते हुए कहा कि भारत-पाक सीमा पर जो हालात एवं गतिविधियां चल रही हैं, उसको देखते हुए जिला प्रशासन द्वारा वलंटियर्स के लिए आज ट्रेनिंग का आयोजन किया गया है ताकि वे भी अपनी स्वेच्छा से आगे आकर इस कैंप का हिस्सा बन सकें और जब भी उनकी आवश्यकता हो, उनकी सहायता ली जा सके। उन्होंने कहा कि किसी भी आपदा में एक-एक मिनट बहुत महत्वपूर्ण होता है, आज सम्बन्धित टीमों द्वारा मॉक ड्रिल के माध्यम से जो हिदायतें एवं सावधानियां बारे हमें जानकारी दी गई है उसे हमें



स्वयं आत्मसात करना है और दूसरों को भी इसके लिए प्रेरित करना है। ऐसे समय में हमें घबराना नहीं है, सयंम रखना है और अपने-आप को मानसिक और शारीरिक रूप से मजबूत बनाना है। उन्होंने बताया कि जब भी हवाई हमले की आशंका होती है तो उससे पहले सायरन बजता है। उसके मुताबिक यदि दिन के समय सायरन बजता है तो ऐसे समय में कौशिश करें कि हम घर पर ही रहें, बालकनी से दूर रहें। छतों पर न जाएं, यदि आप किसी वाहन के अंदर हैं तो वाहन को पार्क करें और आस पास की इमारतों, अंडर पास या भूमिगत पार्किंग में शरण लें। इसके साथ-साथ यदि रात में कोई आपदा आती है तो उस समय तुरंत लाईट बंद कर दें, जनरेटर व इन्वर्टर से कोई भी बाहर की लाईट न जलाएं, स्ट्रीट लाईटें बंद रखें। खुले क्षेत्रों में मोबाईल फोन व फलैश लाईट या किसी भी प्रकाश उत्सर्जक उपकरण का प्रयोग करने से बचें और यदि वाहन के अंदर है तुरंत वाहन की लाईट बंद कर लें। महत्वपूर्ण जानकारी दी। ऐसे समय में कोई भी यदि आपको मोबाईल पर कोई संदेश/लिंक भेजता है तो उसे डाउनलोड न करें और न ही उसे शेयर करें। भ्रामक प्रचार से दूर रहें, अफवाहों से बचें। ऐसी सावधानियां एवं हिदायतें बरतकर आपदा से काफी हद तक बचाव किया जा सकता है।

## महात्मा बुद्ध ने दी अहिंसा और त्याग को अपनाने की सीख : पवन तनेजा

**टीम एक्शन इंडिया**
**सोनीपत:** बुद्ध पूर्णिमा के उपलक्ष्य में सोमवार को काठ मंडी में भगवान बुद्ध की जयंती मनाई गई। व्यापारियों ने भगवान बुद्ध के उपदेशों पर चलकर प्रेमभावना के मार्ग पर चलने का संकल्प लिया। काठ मंडी टिम्बर एसोसिएशन के प्रधान पवन तनेजा ने भगवान बुद्ध को माल्यार्पण करते हुए कहा कि महात्मा बुद्ध ने किसी भी तरह की हिंसा न करने तथा जीवन में त्याग की भावना को अपनाने की सीख दी। भाजपा मंडल उपाध्यक्षा वीना तनेजा ने मिठाई बाँट कर खुशी जाहिर करते हुए भगवान गौतम बुद्ध की जीवनी पर प्रकाश डाला। असत्य को अपने आचरण



में ना उतारने और सत्य के मार्ग पर चलने का उपदेश दिया। इस मौके पर टिम्बर एसोसिएशन के सलाहकार महेंद्र गोयल, महासचिव चंद्र प्रकाश लूथरा, संदीप कौशिक, विजय पंवार, पवन रिवाड़ीया, हंसराज बंसल, कबूल सिंह राठी, पवन गोयल, गोविंद लाल बत्रा, संजय खतरेजा, मंजीत पांचाल, देवदत्त आर्य, राम चन्द्र बिल्लू, महिपाल, प्रिंस यादव, अरुण गर्ग, शिव कुमार धीमान आदि व्यापारी मौजूद रहे।

# विधायक भड़ाना ने किया 1 करोड़ 4 लाख के विकास कार्यों का शिलान्यास

**हरी झंडी**

शहर के वार्ड 15 मे एक करोड रूपए से भी ज्यादा के विकास कार्यो के निर्माण को हरी झंडी दी।



**टीम एक्शन इंडिया**
**समालखा ( कुलदीप सिंह )**
विधायक मनमोहन भड़ाना ने सोमवार को शहर के वार्ड 15 मे एक करोड रूपए से भी ज्यादा के विकास कार्यो के निर्माण को हरी झंडी दी। चुलकाना रोड पर रेलवे फ्लाईओवर के नीचे गऊशाला के सामने इंटरलॉकिंग टाइल्स से बनने वाली सडक का नारियल फोडा ओर रिबन काटकर निर्माण कार्य का शिलान्यास किया। इस मौके पर विधायक भड़ाना ने कहा कि वह समालखा के विकास को लेकर कृतसंकल्पित है। शहर सुन्दर व स्वच्छ बनाना ही उनका उदेश्य है। विकास कार्यो मे समालखा को पिछडने नही दिया जाएगा।

वही पालिका सचिव प्रदीप खर्ब ने बताया कि नगर पालिका द्वारा 15 वार्ड मे 1 करोड 4 लाख रुपए के विकास कार्य के टैंडर छोडे गए है। जिसके अंतर्गत चुलकाना रेलवे फ्लाईओवर के दोनो तरफ यानि 20 लाख की लागत से गऊशाला के सामने की सडक तथा 20 लाख से दूसरी ओर मिस्त्री असगर की दुकान के आगे की सडक इंटरलॉकिंग टाइल्स से बनाई जाएगी। जबकि 64 लाख रूपए की लागत से रेलवे लाइन व जन स्वास्थ्य विभाग के एसटीपी प्लांट के मध्य भाना बाबा की कुटिया से आगे 8 नम्बर ड्रेन तक 12 फीट चौडा ओर 800 मीटर लम्बा नाला का निर्माण किया जाएगा।

इससे पहले वार्ड 15 से पार्षद प्रतिनिधि एवं पूर्व पार्षद सुरेश झंडा,पालिका उपाध्यक्ष प्रतिनिधि सतपाल शर्मा,पार्षद प्रतिनिधि विपिन छाबडा,पार्षद संजय गोयल,विनोद वाल्मीकि, मनीष बेनीवाल,अजय शर्मा व राजेश ठाकुर ने विधायक मनमोहन भड़ाना का फूल मालाओ से स्वागत किया।

*शिलान्यास के समय चेयरमैन गायब*वार्ड 15 मे चुलकाना फ्लाईओवर के नीचे विधायक मनमोहन भडाना जब विकास कार्यो का शिलान्यास करने पहुचें तो उनके साथ पालिका उपाध्यक्ष के प्रतिनिधि सतपाल शर्मा व आधा दर्जन पार्षद तथा उनके प्रतिनिधि तो मौजूद रहे।

# मंत्री रणबीर गंगवा ने 23 करोड़ 75 लाख के विकास कार्यों की दी स्वीकृति

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**
**करनाल।** हरियाणा के लोक निर्माण एवं जन-स्वास्थ्य अभियांत्रिकी मंत्री रणबीर गंगवा ने कहा कि विकास कार्यों में किसी प्रकार की कोई कमी नहीं आनी चाहिए, जो विकास कार्य नही हो सकता है, इस बारे संबंधित जनप्रतिनिधि अवगत कराएं, ताकि नये कार्य स्वीकृत करवाए जा सकें।



मंत्री रणबीर गंगवा सोमवार को स्थानीय पंचायत भवन में स्थापित विकास सदन में जिला विकास एवं निगरानी समिति की बैठक में बोल रहे थे। अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दे रहे थे। बैठक में मंत्री का पहुंचने पर उपायुक्त उत्तम सिंह ने पुष्पगुच्छ देकर स्वागत किया। बैठक में मंत्री ने वित्त वर्ष 2025-26 के लिए 23 करोड़ 75 लाख रुपये के विकास कार्यों की स्वीकृति दी और कहा कि डी-प्लान का पैसा लैप्स न होने दें। उन्होंने अधिकारियों को कहा कि सरकार के पास पैसों की कोई कमी नहीं है, विकास कार्यों में गुणवत्ता पर विशेष ध्यान दिया जाए।

बैठक में उपायुक्त उत्तम सिंह ने मंत्री को अवगत कराया कि गत वित्त वर्ष के दौरान जिला में डी.प्लान के तहत 377 विकास कार्य स्वीकृत किए गए थे जिनमें से 335 विकास कार्य पूरे हो चुके हैं तथा शेष कार्यों को भी जल्द पूरा करवाया जाएगा। उन्होंने विश्वास दिलाया कि डी-प्लान के अंतर्गत जो राशि विकास कार्यों के लिए मिली है, उन विकास कार्यो को तय समय सीमा में पूरा करवाया जाएगा।

## न्यूज फ्लैश

### छुट्टियां मनाने आया युवक नहर में डूबा

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**
**करनाल।** जिले के मूनक हेड पर दिल्ली पैरलल नहर में नहाने उतरे 20 वर्षीय युवक की डूबने से मौत हो गई। मृतक की पहचान बहादुरगढ़ निवासी गौरव पुत्र सत्यवान के रूप में हुई है। गौरव पिछले हफ्ते ही बल्ला गांव में अपनी मां की मौसी के घर छुट्टियां मनाने आया था। रविवार दोपहर को वह अपने मामा बृजलाल और उनके एक साथी के साथ मुनक हेड पहुंचा, जहां नहाने के दौरान वह पानी की गहराई में फंस गया।

गौरव के डूबते ही मामा बृजलाल ने तुरंत उसे बचाने का प्रयास किया, लेकिन वह नजरों से ओझल हो चुका था। मामा ने आसपास के लोगों से मदद मांगी, लेकिन युवक का कहीं पता नहीं चल पाया। तत्काल पुलिस को सूचना दी गई और प्रशासन की ओर से गोताखोरों की टीम को बुलाया गया।

सूचना मिलते ही पुलिस और गोताखोर मौके पर पहुंचे। सर्च ऑपरेशन शुरू किया गया, जो करीब एक घंटे तक चला। आखिरकार गौरव का शव घटनास्थल से करीब डेढ़ किलोमीटर दूर नहर से बरामद हुआ। शव को बाहर निकालते ही पूरे परिवार में कोहराम मच गया।

गौरव हाल ही में 12वीं की परीक्षा देकर निश्चिंत हुआ था और गर्मियों की छुट्टियों के लिए अपनी मां की मौसी के घर बल्ला गांव आया हुआ था। वह पढ़ाई के बाद थोड़ा समय मामा के साथ बिताना चाहता था। परिवार के अनुसार, गौरव शुरू से ही शांत और समझदार स्वभाव का था। किसी को अंदाजा नहीं था कि ऐसी कोई घटना हो जाएगी। गौरव की मौत की खबर मिलते ही बहादुरगढ़ स्थित उसके घर पर मातम पसर गया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर करनाल के कल्पना चावला मेडिकल कॉलेज में भिजवाया। पोस्टमॉर्टम के बाद आज शव परिजनों को सौंप दिया दिया जाएगा। पुलिस ने बताया कि युवक की मौत नहर में डूबने से हुई है। फिलहाल आगे की कार्रवाई की जा रही है।

### राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, महिला कुरुक्षेत्र में जॉब फेयर का आयोजन 14 मई को

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**
**कुरुक्षेत्र :** राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, महिला कुरुक्षेत्र में व्यवसाय सिविगं टेक्नोलॉजी, कोपा, बेसिक कॉस्मेटोलॉजी, ड्राफ्ट्समैन सिविल तथा मैकेनिकल, एसओटी, ड्रेस मेकिंग, फैशन टेक्नोलॉजी तथा फिटर, वेल्डर, इलेक्ट्रीशियन, इंस्ट्रयूमेंट मैकनिकल से आईटीआई पास/अपीयर छात्राओं को आत्मनिर्भर बनाने और स्थाई रोजगार मुहैया करवाने के लिए 14 मई 2025 को राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, महिला कुरुक्षेत्र में जॉब फेयर करवाया जा रहा है।

इस संस्थान में व्यवसाय सिविगं टेक्नोलॉजी, कोपा, बेसिक कोसमेटोलॉजी, ड्राफ्ट्समैन सिविल तथा मैकनिकल, एसओटी, ड्रसमैकिंग, फैशन टैक्नोलॉजी तथा फीटर, वैल्डर, इलेक्ट्रीशियन, इंस्ट्रयूमेंट मैकेनिकल आईटीआई पास/ अपीयर छात्राओं को शिक्षुता व स्थाई जॉब हेतु व्यवसाय अनुसार लेने के लिए भारत की सबसे बड़ी मल्टीनेशनल कंपनी वर्धमान ग्रुप बद्दी हिमाचल के एचआर व उनकी टीम द्वारा 14 मई 2025 को सुबह 9 बजे इंटरव्यू लिया जाएगा।

इस कंपनी में शिक्षुता का सटाई फंड, रेगुलर जॉब की सैलरी 15 हजार रुपए प्रति महीना के साथ ओवर टाईम की सुविधा भी दी जाएगी। कंपनी में रहने के लिए मुफ्त सुविधा के साथ खाना की सुविधा 1800 रुपए प्रति महीना खर्च आएगा। कंपनी में ड्रेस, कैंटीन व बस की सुविधा, मुफ्त इलाज, भविष्य निधि फंड, पेंशन योजना, बोनस एवं ग्रेच्युटी भी दी जाएगी। इस कैम्पस इंटरव्यू से सम्बधित कोई भी जानकारी लेने के लिए शिक्षुता एवं प्लेसमेंट सेल के इंचार्ज जसवंत राय के मो. 94166-57560 पर सम्पर्क कर सकते है।

# 4 प्रोबेशनर डीएसपी का दीक्षांत समारोह

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**
**करनाल।** हरियाणा पुलिस अकादमी मधुबन में सोमवार को प्रोबेशनर डीएसपी बैच संख्या-23 का दीक्षांत समारोह हुआ। इसमें चार प्रोबेशनर डीएसपी ने प्रशिक्षण पूरा कर संविधान के प्रति सत्यनिष्ठा, ईमानदारी और निष्पक्षता से कर्तव्य पालन की शपथ ली। डीएसपी अक्षय कुमार को डीजीपी स्वॉर्ड ऑफ ऑनर से सम्मानित किया गया। पुलिस अकादमी के निदेशक डॉ. अरशिन्दर सिंह चावला ने बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की।



डॉ.चावला ने कहा कि प्रशिक्षण हमारे आत्मविश्वास को बढ़ाता है। जिस प्रकार प्रशिक्षण के दौरान आप तपे हैं, वैसे ही फील्ड में भी जब तपेंगे तो आपका व्यक्तित्व और निखरेगा। यह वर्दी समाज की सेवा करने के अनेक अवसर देती है, और मुझे पूर्ण विश्वास है कि आप इस कर्तव्य को निभाने में सफल रहेंगे। उन्होंने कहा कि बैच प्रोफाइल के अनुसार दो प्रशिक्षु स्नातक व दो स्नातकोत्तर हैं, जो दशार्ता है कि यह बैच योग्य और जागरूक अधिकारियों का है।

अकादमी की पुलिस अधीक्षक पुष्पा ने प्रशिक्षण का प्रतिवेदन प्रस्तुत करते हुए बताया कि बेसिक कोर्स की अवधि 15 अप्रैल 2024 से 26 अप्रैल 2025 तक रही। इस दौरान प्रशिक्षु अधिकारियों को पुलिस पेशेवर प्रशिक्षण के साथ साइबर सिक्योरिटी, नए आपराधिक कानून, स्थानीय एवं विशेष अधिनियमों, व्यावहारिक प्रशिक्षण, आपातकालीन परिस्थितियों में कार्य करने जैसे विषयों पर गहन प्रशिक्षण दिया गया। साथ ही उन्हें मानव अधिकारों, महिला सुरक्षा, कार्यस्थल पर महिलाओं के उत्पीड? की रोकथाम, स्मार्ट पुलिसिंग और समाज के कमजोर वर्गों के साथ संवेदनशील व्यवहार जैसे पहलुओं पर भी प्रशिक्षित किया गया।

दीक्षांत समारोह में बैच में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले प्रोबेशनर डीएसपी अक्षय कुमार को डीजीपी स्वॉर्ड ऑफ ऑनर से सम्मानित किया गया।

वहीं, द्वितीय स्थान पर रहे साहिल ढिल्लो को डीजीपी बैटन प्रदान कर मुख्य अतिथि ने प्रोत्साहित किया। मुख्य अतिथि डॉ. चावला ने सभी प्रशिक्षण पूर्ण करने वाले अधिकारियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि वे हरियाणा पुलिस के गौरव को और अधिक ऊंचाई देंगे।

# परवीन अग्रवाल बने करनाल हार्डवेयर एंड मैन्युफैक्क्ररर्स एसोसिएशन के प्रधान



**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**
**करनाल।** करनाल हार्डवेयर एंड मैन्युफैक्क्ररर्स एसोसिएशन की बैठक होटल ज्वेल्स में आयोजित की गई। इस अवसर पर सभी सदस्यों द्वारा पहलगाम गांव में शहीद हुए लेफ्टिनेंट विनय नरवाल और अन्य को श्रद्धांजलि दी गई। इसके बाद नए प्रधान का चुनाव किया गया। इस पद पर परवीन अग्रवाल को 2025-26 के लिए प्रधान घोषित किया गया।

वर्ष 2024-25 में प्रधान रहे विपिन आहूजा ने अपने द्वार किये गये कार्यों की जानकारी दी। सभी सदस्यों ने उनके कार्यों की चर्चा की।

सभी सदस्यों ने परवीन अग्रवाल का स्वागत किया तथा बधाई दी। अपने पहले संबोधन में परवीन ने कहा कि लोगों ने जिसकी उम्मीद से उन्हें जो जिम्मेदारी दी गई है, वह इसको पूरी तरह निभाएंगे।

# जत्थेदार दादूवाल के सदस्य मनोनीत होने से खुशी की लहर



**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**
**करनाल।** देश के जाने माने पंथ प्रचारक तथा यूएनओ में अध्यात्मिक शांतिदूत जत्थेदार बलजीत सिंह दादूवाल को नव निवर्चाचित हरियाणा सिख गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के सदस्यों द्वारा भारी बहुमत से कमेटी का सदस्य मनौनीत करने पर सिख पंथ में खुशी की लहर देखी जा रही हैं।

गुरु पर्व प्रबंधक कमेटी के प्रधान बरिंदर सिंह तथा महासचिव जत्थेदार इंद्रपाल सिंह ने खुशी व्यक्त की हैं। उन्होंने एचएसजीपीसी के सभी निर्वाचित सदस्यों ने भारी बहूमत से जत्थेदार दादूवाल को सदस्य मनौनीत कर ऐतिहासिक काये किया है। उन्होंने बताया कि पहले दादूवाल प्रधान थे, बाद में उन्हें धर्म प्रचार कमेटी का चेयरमैन बनाया गया। उन्होंने बताया कि जत्थेदार दादूवाल सिंख पंथ के सबसे जानकार और विद्वान हैं। उन्हें सिख पंथ की सभी मान्यताओं की बेहतर समझ हैं।

# किसी भी सूरत में आतंकवाद को नहीं किया जाएगा सहन : रणबीर गंगवा

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**
**करनाल।** हरियाणा के जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी एवं लोक निर्माण (भवन व सडकें) मंत्री रणबीर सिंह गंगवा ने कहा कि आतंकवाद किसी भी सूरत में सहन नहीं किया जाएगा और आतंकवादियों को बख्शा नहीं जाएगा। सरकार आतंकवाद के खिलाफ है, पहलगाम में हुई घटना निंदनीय है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पहलगाम में हुई घटना का बदला लेने के लिए ऑपरेशन सिंदूर चलाकर पाकिस्तान को मुंहतोड़ जवाब दिया है।



रणबीर सिंह गंगवा सोमवार को स्थानीय पंचायत भवन में आयोजित जिला लोक संपर्क एवं कष्ट निवारण समिति की बैठक के बाद पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। उन्होंने कहा कि भारत में आतंकवाद और आतंकवादियों के लिए कोई स्थान नहीं है, प्रधानमंत्री ने ऑपरेशन सिंदूर चलाकर पाकिस्तान के एक साथ नौ आतंकी ठिकानों पर हमला कर पाकिस्तान की कमर तोड? का काम किया है, इसके लिए उन्होंने प्रधानमंत्री का धन्यवाद किया और सेना को बधाई दी।

सीजफायर के सवाल के जवाब में मंत्री ने कहा कि पाकिस्तान की तरफ से सीजफायर की मांग आई थी, हमने सिर्फ आतंकवादियों पर हमला करने का काम किया था। अगर आगे भी पाकिस्तान ने सीजफायर का उल्लंघन किया तो उसका मुंहतोड़ जवाब दिया जाएगा।

# सीजेएम इरम हसन ने सेफ हाऊस का किया निरीक्षण

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**
**करनाल।** जिला एवं सत्र न्यायधीश एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष अजय कुमार शारदा के मार्गदर्शन में मुख्य न्यायिक दण्डाधिकारी एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव इरम हसन ने सोमवार को सेफ हाऊस करनाल का निरीक्षण किया।

उन्होंने सेफ हाऊस में रह रहे 8 जोड़ों से बातचीत की। इस दौरान उन्होंने सेफ हाऊस में प्रदान की जा रही सुविधाओं का निरीक्षण किया और आवश्यक मार्गदर्शन किया।

# कुटा ने वरिष्ठ प्रो. दलीप कुमार को सेवानिवृत्ति पर किया सम्मानित

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**
**कुरुक्षेत्र :** कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय शिक्षक संघ (कुटा) ने सोमवार को विधि विभाग से सेवानिवृत्त वरिष्ठ प्रोफेसर डॉ. दलीप कुमार को उनकी सेवानिवृत्ति के अवसर पर सम्मानित किया। कुटा प्रधान प्रो. दीपक राय बब्बर की अध्यक्षता में कुटा कार्यालय में आयोजित सेवानिवृत्ति सम्मान समारोह में प्रो. दलीप कुमार को विश्वविद्यालय में उनकी उत्कृष्ट सेवाओं के लिए सम्मानित किया गया।



इस अवसर पर कुटा प्रधान प्रो. दीपक राय बब्बर ने कहा कि प्रो. दलीप कुमार ने एक अच्छे शिक्षक के रूप में विश्वविद्यालय को अपनी सेवाएं दी हैं। उन्होंने विश्वविद्यालय में विभागाध्यक्ष, अधिष्ठाता व निदेशक जैसे अहम पदों पर कार्य करते हुए विश्वविद्यालय की बेहतरी के लिए ईमानदारी एवं सकारात्मक दृष्टिकोण से कार्य किया है। उनका स्वभाव बड़ा सरल, शांत एवं जिंदादिल है। हम परमपिता परमात्मा से उनके सुखमय जीवन एवं अच्छे स्वास्थ्य की कामना करते हैं।

इस अवसर पर मंच का संचालन करते हुए कुटा सचिव प्रो. राजपाल ने प्रोफेसर दलीप कुमार द्वारा किए गए शिक्षण व शोध कार्यों पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा प्रो. दलीप कुमार ने विश्वविद्यालय के लिए कठिन परिश्रम और निष्ठा से कार्य किया है।

इस अवसर पर प्रो. दलीप कुमार ने अपने मान-सम्मान के लिए समारोह में उपस्थित सभी शिक्षकों का धन्यवाद किया। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय में उनकी शैक्षिक यात्रा सुखद रही।

इस मौके कुटा संयुक्त सचिव डॉ. मनीषा संधू एवं कोषाध्यक्ष डॉ. सतीश कुमार, कुटा कार्यकारिणी के सदस्य, प्रो. भगवान सिंह चौधरी, प्रो. एसके चहल, प्रो. अरविन्द मलिक, प्रो. परमेश कुमार, प्रो. महाबीर रंगा, प्रो. संजीव अरोड़ा, प्रो. जसविन्द्र, प्रो. सुनील ढुल, डॉ. रामचन्द्र, डॉ. सुनील ढींगरा, डॉ. विक्रम खरब, डॉ. कृष्णा अग्रवाल, डॉ. पूजा, डॉ. आशू धवन, डॉ. कुलदीप, डॉ. रमेश, डॉ. हरविन्द्र सिंह लोंगोवाल, डॉ. धर्मबीर, डॉ. राजरतन, डॉ. धर्मबीर, डॉ. नीरज बातिश, डॉ. अमित कम्बोज, डॉ. जे.के भारद्वाज व अन्य शिक्षक मौजूद रहे।

# सीजेएम इरम हसन ने सेफ हाऊस का किया निरीक्षण, लिया जायजा



**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**
**करनाल।** हरियाणा के सामाजिक न्याय व अधिकारिता मंत्री कृष्ण कुमार बेदी का करनाल आगमन पर स्थानीय पीडब्ल्यूडी रेस्ट हाऊस में भाजपा नेता तथा विभिन्न सामाजिक व धार्मिक संस्थाओं द्वारा बुके देकर व फूल मालाओं के साथ जोरदार स्वागत किया गया। मंत्री कृष्ण बेदी आज यहां जिला सचिवालय में जिला स्तरीय सतर्कता एवं निगरानी समिति की बैठक में अनुसूचित जातिध्जनजाति अत्याचार निवारण अधिनियम के मामलों की समीक्षा करने के लिए पहुंचे थे।

इससे पूर्व लोक निर्माण विभाग के विश्राम गृह में पहुंचने पर कैबिनेट मंत्री कृष्ण कुमार बेदी का नेताओं व सामाजिक संस्थाओं के लोगों ने स्वागत किया।

# प्रशासन और नागरिकों का आपसी तालमेल बनाने का काम करते हैं आपदा मित्र :चेतना चौधरी

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**
**कुरुक्षेत्र,:** जिला राजस्व अधिकारी चेतना चौधरी ने कहा कि आपदा मित्र वालंटियर किसी भी आपदा के समय प्रशासन और नागरिकों का आपसी तालमेल बनाने का काम करते हैं। आपदा का कोई एक रूप नहीं होता है। आपदा कभी बाढ़, कभी आगजनी, कभी भूकंत तो कभी एयर हमले के रूप में आ सकती है। इन स्थितियों से निपटने के लिए आपदा मित्र वालंटियर नागरिकों को जागरूक करने और उनके बचाव करने में अहम भूमिका अदा कर सकते हैं। हम किसी आपदा को आने से नहीं रोक सकते, लेकिन सहयोग के लिए आगे आकर नुकसान को रोक सकते हैं।



जिला राजस्व अधिकारी चेतना चौधरी सोमवार को लघु सचिवालय की नई बिल्डिंग के सभागार में आयोजित आपदा मित्र वालंटियर की ट्रेनिंग कार्यक्रम के दौरान बोल रही थीं। इस कार्यक्रम में आपदा मित्र वालंटियर को फायर विभाग, रेडक्रॉस विभाग और गृहरक्षी विभाग द्वारा प्रैक्टिकल करवाते हुए प्रशिक्षण दिया।

वक्ताओं ने वालंटियर के सभी सवालों के जवाब देते हुए उन्हें प्रशिक्षित किया।

जिला राजस्व अधिकारी चेतना चौधरी ने कहा कि मौजूदा समय में जिला में सभी स्थिति सामान्य है, लेकिन कब किस प्रकार की आपदा आ जाए और कब आएगी। इस बारे में किसी को कोई जानकारी नहीं है। ऐसे में हमें अपनी आपदा मित्र वालंटियर के रूप में तैयार की हुई टीम को दोबारा से सतर्क करने की जरूरत है।

ये वालंटियर आम नागरिकों को जागरूक करते हुए उन्हें सुरक्षा व सहयोग मुहैया करवाएंगे। उन्होंने कहा कि वालंटियर को अपने परिवार, आस-पड़ोसी और सगे-संबंधियों को प्रशासन और सरकार की दिशा-निर्देश को बताकर उन्हें लागू करवाने का काम करें। सेवानिवृत डीआरओ राजबीर धीमान ने कहा कि वर्ष 2023 में जिला के करीब 200 वालंटियरों को आपदा के समय बचाव करने की ट्रेनिंग दी गई थी। जिन्हें आपदा मित्र का नाम दिया गया था। ये वो वालंटियर है, जो आपदा के समय मित्र बनकर सहयोग करेंगे।

आगजनी की घटना होने पर डायल 112 को करें सूचित फायर विभाग के प्रवक्ता ने कहा कि कहीं पर भी आगजनी की घटना होने पर इसकी सूचना तुरंत डायल 112 पर करें। फायर विभाग की गाड़ी आगजनी के दौरान ही सड़क पर निकलती है। कहीं भी फायर विभाग की गाड़ी दिखे तो उसको तुरंत रास्ता दें, ताकि गाड़ी समय पर पहुंचकर आगजनी की घटना पर काबू पा सके। जिन वालंटियर ने ट्रेनिंग ली हुई है वो फायर विभाग की टीम का सहयोग करें।

# आरती के वक्त मंदिर में एसी फटा

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**
**करनाल।** सेक्टर-14 स्थित कृष्ण मंदिर में रविवार रात अचानक आग लगने से हडकंप मच गया। घटना के वक्त मंदिर के पुजारी आरती कर रहे थे। तभी अचानक पहली मंजिल पर रखे एसी से तेज आवाज आई और धुआं निकलने लगा और कुछ ही देर में आग की लपटें दिखाई देने लगीं।

पुजारी व अन्य लोग तुरंत ऊपर की ओर भागे और मदद के लिए चिल्लाने लगे। आग इतनी तेजी से फैली कि कुछ ही मिनटों में वहां रखे गद्दे, रजाई, कंबल, सोफा व चटाई जलकर राख हो गए। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस व फायर ब्रिगेड की गाड़ी मौके पर पहुंच गई। फायर ब्रिगेड की टीम ने आग पर काबू पा लिया।



गनीमत रही कि कोई हताहत नहीं हुआ। कृष्णा मंदिर की पहली मंजिल पर काफी संख्या में रजाइयां और कंबल रखे हुए थे। आग लगने के बाद इन सामानों ने आग को और तेजी से फैलाने का काम किया। आग की गंभीरता को देखते हुए तुरंत फायर ब्रिगेड को सूचना दी गई। आग लगने की सूचना मिलते ही मंदिर के आसपास के लोग मौके पर एकत्रित हो गए। मंदिर परिसर में अफरा-तफरी मच गई। मंदिर के पुजारी ने बताया कि कुछ लोगों ने पानी डालने की कोशिश की, लेकिन आग पर काबू नहीं पाया जा सका।

सूचना मिलते ही फायर ब्रिगेड की गाडि?ां और पुलिस मौके पर पहुंची। फायर ब्रिगेड की टीम ने आग पर काबू पाया। राहत की बात रही कि इस हादसे में कोई जनहानि नहीं हुई।

घटना की जानकारी मिलने के बाद पुलिस भी मौके पर पहुंची।

# आदर्श नगर ग्रीन रेजीडेंट्स वेलफेयर एसोसिएशन ने लगाया स्वास्थ्य जांच शिविर






**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्लीः** आदर्श नगर क्षेत्र के अग्रवाल धर्मशाला में आदर्श नगर ग्रीन रेजीडेंट्स वेलफेयर एसोसिएशन के द्वारा निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। इस मौके पर फोर्टिस हॉस्पिटल के डॉक्टरों की टीम के द्वारा शिविर में आये हुए लोगों के स्वास्थ्य की जांच की गई। इसमें लगभग 253 लोगों ने अपने स्वास्थ्य की जांच करवाई।
इस शिविर में शुगर, बीपी, दांतों की जांच, हड्डियों की जांच, ईसीजी, पीएफटी टेस्ट, सीबीसी टेस्ट और आंखों की जांच सहित कई प्रकार की जांच की गई।
इस शिविर में भारी संख्या में पहुंचकर जनता ने इस शिविर का लाभ उठाया। इस मौके पर आदर्श नगर की कई राजनीतिक और सामाजिक हस्तियां भी इस कार्यक्रम का हिस्सा बनने पहुंची।
**आयुष्मान कार्ड बनवाने का भी लगा स्टॉलः** आपको बतादें कि इस मौके पर पर आदर्श नगर विधानसभा क्षेत्र के विधायक राजकुमार भाटिया के द्वारा भी आयुष्मान कार्ड बनवाने के लिए कैंप में स्टॉल लगाया गया।



**लोगों ने आरडब्ल्यूए के कार्यो को सराहाः** कार्यक्रम में आये हुए लोगों ने आरडब्ल्यूए के कार्यों की सराहना की और कहा कि इस प्रकार के शिविर अधिक से अधिक आयोजित होने चाहिए, ऐसे शिविरों से लोगों को स्वास्थ्य की सेवाएं घर के समीप ही मिल जाती है।
**ये लोग रहे मौजूदः** विधायक राजकुमार भाटिया, निगम पार्षद मुकेश गोयल, एक्शन इंडिया के संपादक रवि भारद्वाज, गुरूदयाल छाबड़ा, मुख्य संरक्षक राजेश मित्तल, मुख्य वरिष्ठ सदस्य मास्टर जय किशन, मुख्य परामर्शदाता रवि वधवा, आरडब्ल्यूए के प्रधान विजय तालरा, उपप्रधान निकेश गुप्ता, महासचिव राकेश जुनेजा, सहसचिव नितिन जैन, कोषाध्यक्ष विजय गुप्ता, विजेन्द्र शर्मा, नीरज कपूर, मनीष कंसल, राजीव गोयल सहित कई गणमान्य लोग मौजूद रहे।
आरडब्ल्यूए के महासचिव राकेश जुनेजा ने बताया कि इस शिविर में अग्रवाल धर्मशाला और समाजसेवी अरूणोदय का भी सहयोग रहा, जिसके लिए हम उनका धन्यवाद करते है।




## मातृ दिवस पर निःशुल्क नेत्र एवं स्वास्थ्य जाँच शिविर आयोजित, माताओं को किया गया सम्मानित




**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्लीः** उत्तर-पूर्वी दिल्ली के गोकल पुर विधानसभा क्षेत्र स्थित कर्दम फार्म जौहरी पुर में प्रतिष्ठा युवा संगठन और महावीर इंटरनेशनल दिल्ली द्वारा मातृ दिवस के उपलक्ष्य में निःशुल्क नेत्र एवं स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। इस कैंप में 251 से अधिक महिलाओं, युवतियों और स्थानीय लोगों ने नेत्र, सामान्य स्वास्थ्य और बीपी, शुगर जांच करवाई। वहीं 150 महिलाओं को खासकर स्वयं सहायता समूह और गरीब जरूरतमंद महिलाओं को हाइजिन किट भी वितरित की गई। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में मोहन सिंह बिष्ट उपाध्यक्ष दिल्ली विधान सभा एवं विधायक मुस्तफाबाद, विशिष्ट अतिथि अंकुश जैन इन्दिरा एनक्लेव पार्षद लोनी, पूर्व निगम पार्षद एवं चेयरमैन कन्हैया लाल, मोहित कुमार भारतीय संस्थापक एवं राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रतिष्ठा युवा संगठन व अन्य मौजूद रहे।

## हजरत निजामुद्दीन औलिया की दरगाह पर देश और सेना की सलामती की दुआ की गई




**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्लीः** जम-जम फाउन्डेशन के एक प्रतिनिधिमंडल ने फाउंडेशन के अध्यक्ष शमीम अहमद खान के नेतृत्व में हजरत निजामुद्दीन औलिया की दरगाह की जियारत की तथा सलाम पेश किया। दरगाह शरीफ के गद्दीनशीन सैय्यद मौहम्मद कामरान निजामी ने दस्तारबंदी कर-के दरगाह की जियारत कराई। इस अवसर पर ऑल इण्डिया ईमाम ऑर्गनाइजेशन के चीफ काजी मुफ्ती मौहम्मद ताहिर हुसैन ने देश और सेना की सलामती के लिए विशेष दुआ भी कराई। मुफ्ती मौहम्मद ताहिर हुसैन ने कहा कि मुस्लिम समाज के लोग एक जुट होकर अपने देश के साथ खड़े है और सरकार जो भी खिदमात लेना चाहें हम तैयार है। इस बार पाक प्रायोजित आतंकवाद के खात्मे के लिए केन्द्र सरकार द्वारा उठाएं गए कदम का हम समर्थन करते है। जम जम फाउन्डेशन के अध्यक्ष शमीम अहमद खान ने कहा कि हमें अपनी बहादुर सेना पर गर्व है हमारी सेना हर चुनौती का सामना करने में सक्षम है।

## वजीरपुरः सत्य की हमेशा ही होती है जीतः संजय उटवाल

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्लीः** वजीरपुर विधानसभा क्षेत्र के समाजसेवी संजय उटवाल ने कहा कि सेवा से बड़ा कोई भी कार्य नहीं होता है इसलिए सभी को समाज सेवा के क्षेत्र में आगे आना चाहिए और गरीब व जरूरतमंद लोगों की मदद करनी चाहिए, जिससे कि किसी भी गरीब व्यक्ति को परेशान ना होना पड़े। इसलिए मेरी सभी से अपील है कि सभी इस पुण्य के कार्य में भागीदारी दें और गरीब व जरूरतमंद लोगों की आवश्यक मदद करें। एक अन्य सवाल के जवाब में संजय उटवाल ने कहा कि सत्य की हमेशा ही जीत होती है इसलिए हमेशा ही सत्य के मार्ग पर चलना चाहिए, जो व्यक्ति सत्य की राह पर चलता है उसको एक दिन सफलता अवश्य ही प्राप्त होती है। उन्होंने आगे बताया कि सत्य की राह कठिन अवश्य ही होती है लेकिन सत्य के पथ पर अग्रसर व्यक्ति हमेशा ही उच्च शिखर को छूता है इसलिए मैं कहना चाहता हूं कि सभी सत्य का साथ दें क्योंकि सत्य हमेशा ही सत्य रहता है।



## तेलीवाड़ा चौक से मिठाई पुल तक बढ़ रही है अपराधी घटनाएंः व्यापारी

- बढ़ती अपराधिक घटनाओं को लेकर व्यापारी दुकान बंद करके सड़कों पर उतरने पर मजबूर

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्लीः** न्यू कुतुब रोड मर्चेंट्स एसोसिएशन के अध्यक्ष विकास कुमार सिंघल, उपाध्यक्ष नवीन जैन, कोषाध्यक्ष श्याम अग्रवाल, महासचिव धीरज गोगिया की ओर से बाजारों में आए दिन होने वाली समस्याओं को लेकर एक बैठक का आयोजन किया।
जिसमें फेडरेशन ऑफ सदर बाजार ट्रेड्स एसोसिएशन के चेयरमैन परमजीत सिंह पम्मा, अध्यक्ष राकेश यादव, महासचिव राजेंद्र शर्मा, सतपाल सिंह मांगा, कमल कुमार, कोषाध्यक्ष अध्यक्ष दीपक मित्तल सहित अनेक व्यापारी उपस्थित थे। बैठक में



व्यापारियों ने बताया तेलीवाड़ा चौक से मिठाई पुल तक आए दिन आपराधिक घटनाएं होती रहती है। जिसमें 5-6 लोगों का दस्ता आता है वह व्यापारियों व खरीदारों को टारगेट करता है। किसी का कैश छीन लेता है तो किसी का मोबाइल और कुछ कहने पर दुकानदारों को धमकी देते हैं और थाना बड़ा हिंदू राव पुलिस की गस्त ना के बराबर है। पटरी वालों का भी सड़कों पर पूरा कब्जा है। परमजीत सिंह पम्मा व राकेश यादव ने व्यापारियों को आश्वासन दिया वह जल्द ही डीसी वंदना राव और डीसीपी राजा बांठिया से मिलेंगे और आने वाले समय में अगर कुछ समस्या का हल नहीं हुआ तो सड़कों पर भी उतरेंगे। उन्होंने बताया यहां पर ई रिक्शा वालों को लेकर भी आए दिन समस्या बनी रहती है जिससे जाम लग जाता है और आपराधिक घटनाएं भी बहुत होती हैं। परमजीत सिंह पम्मा व राकेश यादव ने कहा कि व्यापारियों ने बताया बारिशों में दुकानों के अंदर तक पानी चला जाता है जिसमें काफी नुकसान हो जाता है।

## रक्तदान होता है महादान इसीलिए सभी करें रक्तदानः संजय तिवारी

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्लीः** वजीरपुर विधानसभा क्षेत्र के समाजसेवी संजय तिवारी ने कहा कि रक्तदान महादान होता है इसलिए सभी को रक्तदान करना चाहिए। आपके द्वारा किए गए रक्तदान से किसी को जीवनदान मिल सकता है इसलिए मेरा सभी से आग्रह है कि सभी रक्तदान अवश्य ही करें। उन्होंने यह भी बताया कि लोगों में कई प्रकार की भांतियां हैं कि रक्तदान करने से शरीर में कमजोरी आती है जो बिल्कुल गलत है आपके द्वारा किए गए रक्तदान से किसी को जीवन दान मिल जाता है इसलिए सभी रक्तदान करें और दूसरों को भी इस कार्य के लिए प्रेरित करें। उन्होंने आगे बताया कि रक्तदान के महत्व का हमें तब पता चलता है जब कोई हमारा करीबी रक्त की कमी से जूझ रहा होता है और उसे समय पर रक्त नहीं मिल पाता इसलिए मेरा सभी से निवेदन है कि सभी रक्तदान करें और दूसरों को भी इस पुण्य के कार्य के लिए प्रेरित करें। तिवारी ने आगे बताया कि सभी को समाज सेवा के क्षेत्र में भी आगे आना चाहिए।



# नरेला विकास संगठन ने उपप्रधान सुरेंद्र वर्मा का धूमधाम से मनाया जन्मदिन

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्लीः** बाहरी दिल्ली की प्रमुख सामाजिक-सांस्कृतिक संस्था, नरेला विकास संगठन ने अपने उप-प्रधान और प्रमुख समाजसेवी सुरेंद्र वर्मा का जन्मदिन बड़े ही हर्षोल्लास और उत्साह के साथ मनाया। इस अवसर पर दिनभर कई कार्यक्रमों का आयोजन किया गया, जिसमें संगठन के सदस्यों, स्थानीय लोगों और गणमान्य व्यक्तियों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया।
जन्मदिन के मौके पर सुबह से ही सुरेंद्र वर्मा के आवास पर बधाई देने वालों का तांता लगा रहा। लोग उनके सामाजिक कार्यों की सराहना करते हुए उन्हें शुभकामनाएं देने पहुंचे। दिन की शुरूआत एक नेक कार्य से हुई, जब नरेला विकास संगठन के सभी पदाधिकारियों के साथ सुरेंद्र वर्मा सिंघु बॉर्डर रोड स्थित सेवा आश्रम पहुंचे।
वहां उन्होंने चैरिटी के तहत आश्रम में रह रहे असहाय और जरूरतमंद लोगों के लिए भोजन का



प्रबंध किया। आश्रम में बड़ी संख्या में लोग रहते हैं, जिनके लिए खाने-पीने की सभी व्यवस्थाएं सुरेंद्र वर्मा ने अपने निजी प्रयासों से सुनिश्चित कीं। इस नेक पहल ने सभी के दिलों को छू लिया और आश्रमवासियों ने उन्हें दुआएं दीं। इसके बाद, हरिश्चंद्र रोड पर स्थित केसरिया ढाबा में सुरेंद्र वर्मा का जन्मदिन समारोह धूमधाम से आयोजित किया गया। इस अवसर पर एक बड़ा और स्वादिष्ट केक काटा गया, जिसके बाद सभी ने तालियों की गड़गड़ाहट के बीच सुरेंद्र वर्मा को जन्मदिन की हार्दिक बधाई दी। संगठन के सदस्यों और उपस्थित लोगों ने उन्हें पुष्पगुच्छ, सुंदर उपहार और शुभकामना संदेश भेंट किए। समारोह में गीत-संगीत और हंसी-खुशी का माहौल रहा, जिसने



इस दिन को और भी यादगार बना दिया। नरेला विकास संगठन के प्रधान हेमराज बंसल ने इस अवसर पर कहा कि सुरेंद्र वर्मा न केवल हमारे संगठन के एक मजबूत स्तंभ हैं, बल्कि समाजसेवा के क्षेत्र में भी उनकी भूमिका सराहनीय है। उनका जन्मदिन हमारे लिए एक उत्सव की तरह है और हम सभी उनके उज्ज्वल भविष्य और अच्छे स्वास्थ्य की कामना करते हैं। संगठन के महासचिव नूतन दास अरोड़ा ने भी अपने विचार साझा करते हुए कहा कि सुरेंद्र वर्मा जैसे व्यक्तित्व समाज के लिए प्रेरणा हैं।
आज का दिन न केवल उनके जन्मदिन का उत्सव है, बल्कि उनके द्वारा किए गए सामाजिक कार्यों को सम्मान देने का भी अवसर है। हम उनके लंबे और स्वस्थ जीवन की कामना करते हैं। जन्मदिन के मुख्य व्यक्तित्व सुरेंद्र वर्मा ने सभी का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि मेरे जन्मदिन को इतने प्यार और उत्साह के साथ मनाने के लिए मैं नरेला विकास संगठन और सभी शुभचिंतकों का हृदय से धन्यवाद करता हूं। सेवा आश्रम में जरूरतमंदों के लिए भोजन की व्यवस्था करना मेरे लिए सबसे बड़ा उपहार है।
मैं भविष्य में भी समाज की सेवा में अपना योगदान देता रहूंगा।
इस समारोह में नरेला विकास संगठन के सभी सदस्य पदाधिकारी और स्थानीय निवासियों ने भी हिस्सा लिया।
सभी ने इस अवसर पर सुरेंद्र वर्मा के सामाजिक कार्यों की प्रशंसा की और उनके प्रति अपनी शुभकामनाएं व्यक्त कीं। यह आयोजन नरेला विकास संगठन की एकजुटता और सामाजिक सरोकारों के प्रति उनकी प्रतिबद्धता को दशार्ता है।

# बिहार के राज्यपाल के नाम सौंपा सात सूत्रीय ज्ञापन

**मांग**

**मांग की गई कि बोधगया महाविहार पर बौद्धों का स्थाई रूप से अधिकार तय किया जाए**



**मथुरा/टीम एक्शन इंडिया**
तथागत गौतम बुद्ध के आविर्भाव दिवस, बौद्धोत्सव, महापरिनिर्वाण (त्रिविध) दिवस पर समता फाउंडेशन एवं महात्मा ज्योतिबा फुले विकास समिति मथुरा के तत्वावधान में अजय सनवाल के नेतृत्व में एक दिवसीय धरना प्रदर्शन किया गया। प्रदर्शन के दौरान मांग की गई कि बोधगया महाविहार पर बौद्धों का स्थाई रूप से अधिकार तय किया जाए। सात सूत्रीय खुला मांग पत्र राज्यपाल बिहार एवं मुख्यमंत्री बिहार के नाम उपजिलाधिकारी डा. कंचन गुप्ता को सौंपा। धरना प्रदर्शन के दौरान हाथों में बोधगया मुक्ति बोधगया बचाओ अनुच्छेद 25 का पालन करने की मांग के स्लोगन लिखी तख्ती लेकर गगनभेदी नारे लगाते हुए प्रदर्शन किया। इस मौके पर रमेश सैनी एवं महासचिव नरेश चौधरी ने संयुक्त रूप से कहा कि बिहार सरकार बीटी एक्ट को तत्काल निरस्त करें और महाबोधि विहार को अन्य धर्म के अनुयायी की बात अनुच्छेद 25 का पालन करते हुए बौद्धों को महाबोधि विहार का अधिकार सौंपा जाए। लुकेश कुमार राही ने कहा देश कि राज्य एवं केंद्र सरकार धार्मिक आजादी का उल्लंघन करवा रही है और सांप्रदायिक ताकतों को संरक्षण कर रही है। आंदोलन जारी रहेगा देश विदेश में महाबोध बिहार की मुक्ति के लिए आंदोलन किया जा रहा है। प्रदर्शन के दौरान धनीराम बाबा प्रधान ,बृजलाल कामरेड, नरेश चौधरी,हरेंद्र कुमार बंटी, उमेश पाल बौद्ध, एसएन भारती, नरेश, बैजू वाल्मीकि, आकाश बाबू, राजू, पुष्पेंद्र शुक्ला, इंजी गौरव कुमार, एड विवेक कुमार, राज गब्बर, विजय कुमार, गोलू, हीरा चक्रवर्ती, राहुल सैनी, मुकेश सैनी अन्य लोग मौजूद रहे।

# श्री मारकंडेश्वर महादेव मंदिर में बुद्ध पूर्णिमा पर हुआ अनुष्ठान एवं पूजन



**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**
**कुरुक्षेत्र** : मारकंडा नदी के तट पर श्री मारकंडेश्वर महादेव मंदिर ठसका मीरां जी में बुद्ध पूर्णिमा पर विशेष पूजन तथा अनुष्ठान किया गया।
पूजन के उपरांत अखिल भारतीय श्री मारकंडेश्वर जनसेवा ट्रस्ट के अध्यक्ष महंत जगन्नाथ पुरी ने बुद्ध पूर्णिमा के पूजन एवं महत्व पर चर्चा करते हुए बताया कि गौतम बुद्ध ही भगवान विष्णु के नौवें अवतार हैं। इसलिए धर्म को मानने वाले लोगों के लिए बुद्ध पूर्णिमा बेहद पवित्र मानी जाती है। इस दिन बुद्ध पूर्णिमा को प्रकाश उत्सव के रूप में भी मनाते हैं। साथ ही भगवान विष्णु का भी पूजन करते हैं। महंत जगन्नाथ पुरी ने बताया कि बुद्ध पूर्णिमा के दिन स्नान, दान और पूजा-पाठ करने से सारे कष्ट दूर हो जाते हैं। क्योंकि इस दिन को बहुत ही पवित्र और फलदायी माना गया है। इसी अवसर पर श्रद्धालुओं ने महामृत्युंजय मंत्रो का जाप भी किया।

## न्यूज फ्लैश

### लोकसभा अध्यक्ष श्री ओम बिरला ने किया एब्डोमिनल कैंसर डे का पोस्टर लॉन्च



**नई दिल्ली।** लोकसभा अध्यक्ष श्री ओम बिरला ने 19 मई को मनाए जाने वाले एब्डोमिनल कैंसर डे का पोस्टर दिल्ली में लॉन्च किया। एब्डोमिनल कैंसर डे के फाउंडर डॉ संदीप जैन और इंस्टीट्यूट ऑफ इवेंट मैनेजमेंट (आईआईईएमआर) के सह सहयोग से एब्डोमिनल कैंसर के प्रति जागरूकता बढ़ाने के लिए 45 दिन तक चलने मेगा अवेयरनेस ड्राइव का आयोजन किया है जिसमें एब्डोमिनल कैंसर से जुड़ी जानकारी देने के साथ साथ उसके उपचार पर भी बात की जाएगी। कार्यक्रम की इस श्रृंखला में देशभर के 10 से अधिक शहरों में सिटी एम्बैस्डर्स बनाए गए हैं जो एब्डोमिनल कैंसर के प्रति लोगों को जागरूक करने का कार्य करेंगे।
पोस्टर लॉन्च के इस अवसर पर एब्डोमिनल कैंसर ट्रस्ट के फाउंडर एवं एब्डोमिनल कैंसर डे के संस्थापक डॉ संदीप जैन ने कहा हमें यह बताते हुए खुशी है कि हमारे इस पहल से लोगों में एब्डोमिनल कैंसर को लेकर जागरूकता आ रही है और हमें काफी सहयोग भी मिल रहा है। यह जागरूकता कार्यक्रम केवल एक कार्यक्रम नहीं, बल्कि एक प्रयास है जो कि स्वस्थ भारत के लक्ष्य में हमारी छोटी सी भागीदारी को दिखाता है।
अवेयरनेस ड्राइव के तहत 18 मई को दुनियाभर के 25+ शहरों में आयोजित की जाएगी। इस बारे में बात करते हुए इंस्टीट्यूट ऑफ इवेंट मैनेजमेंट (आईआईईएमआर) के निदेशक श्री मुकेश मिश्रा ने बताया "एब्डोमिनल कैंसर को लेकर जागरूकता बेहद जरूरी है। समय पर पहचान और सक्रिय जीवनशैली इसके खिलाफ हमारी सबसे बड़ी ताकत हैं। इसी उद्देश्य से हम देशभर के 10 शहरों में सिटी एम्बैस्डर्स के साथ मल्टी-सिटी वॉक और पैनल डिस्कशन जैसे आयोजन कर रहे हैं, ताकि यह संदेश अधिक से अधिक लोगों तक पहुंचे।

### मदर्स रेसिपी ने लॉन्च किया समरवाला शरबत




**गुरुग्राम।** पारंपरिक और स्वादिष्ट फ्लेवर के लिए जाना जाने वाला भारत का होमग्रोन एथनिक ब्रांड मदर्स रेसिपी गर्मियों की यादें ताजा करने वाला अपना नया प्रोडक्ट रेंज समरवाला शरबत लेकर आया है। इस नई श्रृंखला के माध्यम से मदर्स रेसिपी ने गर्मियों के महीनों में घर का बना ठंडा शरबत पीने की परंपरा को फिर से जीवित किया है। खाने के जरिए भावनाएं और परंपरा संजोने के अपने मूल सिद्धांत पर चलते हुए, ब्रांड ने ऐसे आनंदभरे पल फिर से लाए हैं जो घर के बने शरबत को परिवार और मेहमानों के साथ बाँटने के खुशी से जुड़े हुए हैं। भारत में शरबत बनाने की कला केवल गर्मियों की एक रस्म नहीं है, बल्कि यह पीढ़ियों से चली आ रही एक पसंदीदा परंपरा है। जब ग्लास में शरबत डाला जाता है, तो एक-एक बात की याद आ जाती है अक्सर दादी की प्यार से संजोई हुई रेसिपी की, या किसी गर्म दोपहरी में मेहमानों को खास शरबत परोसने की खुशी की। शरबत सिर्फ एक ठंडा पेय नहीं है, बल्कि यह दिल से दिया गया एक उपहार होता है। इस श्रृंखला में पांच स्वादिष्ट फ्लेवर शामिल हैं: आम पन्ना, गुलाब शरबत, जीरा मसाला, खस सिरप और लेमन-जिंजर। हर फ्लेवर पारंपरिक और प्राकृतिक सामग्री से सावधानीपूर्वक तैयार किया गया है, जो अपनी हाइड्रेटिंग और स्वास्थ्यवर्धक विशेषताओं के लिए जाने जाते हैं। ये शरीर को ठंडा रखने, पाचन में मदद करने और गर्मी को मात देने में सहायक हैं। यह शरबत ठंडे पानी में पुदीना और नींबू के साथ परोसा जाए, मॉकटेल बनाया जाए या फालूदे में इस्तेमाल हो - यह शरबत कई तरीकों से इस्तेमाल कीया जा सकता है और किसी भी गर्मियों की पार्टी या दावत के लिए एकदम परफेक्ट है।

# दो लोगों को गोली मारने का आरोपी पकड़ा



**मथुरा/टीम एक्शन इंडिया**
थाना हाईवे के महेन्द्र नगर में रविवार को हुए गोली कांड में पुलिस ने एक अभियुक्त को गिरफ्तार किया है। दूध के पैसों के लेनदेन को इस घटना के पीछे का कारण बताया जा रहा है। पुलिस मामले में कार्यवाही कर रही है। घटना में एक छात्र सहित दो लोग गोली लगने से घायल हुए थे।
घायलों को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। गोली चलने की सूचना पर पुलिस के आलाधिकारी मौके पर पहुंच गये थे। एसपी सिटी डा. अरविंद कुमार ने भी घटना पर संज्ञान लिया था। इस घटना में पीड़ित की ओर से नामजद तहरीर दी गई थी। इकसे बाद पुलिस ने आरोपितों की धरपकड़ शुरू कर दी थी। दो मोटरसाइकिलों को भी बिरामद किया गया था। अभियुक्त सुभाष पुत्र गुलाब सिंह निवासी बृजधाम कालौनी गिरधरपुर थाना हाईवे जनपद मथुरा उम्र करीब 42 वर्ष को आज सोमवार को ट्रांसपोर्ट नगर तिराहा थाना हाईवे जनपद मथुरा से गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त के विरुद्ध आवश्यक विधिक कार्यवाही की जा रही है।

### चोरी के तीन मोबाइल के साथ तीन युवक पकड़े

**मथुरा/टीम एक्शन इंडिया**
थाना वृन्दावन पुलिस ने तीन अभियुक्तों को तीन चोरी के मोबाइल के साथ गिरफ्तार किया है। थाना वृन्दावन पुलिस टीम द्वारा चैकिंग के दौरान रंगीजी कुंज की सीढ़ियों से अंदर जाने वाली गली में करीब 20 मीटर आगे गली से बीरू निषाद पुत्र खजान सिंह निवासी निषाद मौहल्ला शेरगढ थाना शेरगढ जिला मथुरा, दीपक पुत्र भागीरथ निवासी बदरपुर शिव मंदिर वाली गली थाना बदरपुर जिला दक्षिणी पूर्वी दिल्ली तथा राहुल पुत्र भूदेव निवासी गांव बाद थाना रिफाइनरी जिला मथुरा को तीन चोरी के मोबाइल फोन के साथ गिरफ्तार किया। गिरफ्तार अभियुक्तों से बरामदगी के आधार पर आवश्यक विधिक कार्यवाही की गयी।

# खाटू श्याम के भजनों पर झूमा जनसमूह



**मथुरा/टीम एक्शन इंडिया**
श्री यमुना महारानी सेवा समिति द्वारा खाटू श्याम की भजन संध्या एवं छप्पन भोग का आयोजन किया गया। रामलीला मैदान के सामने विरंगेश्वर महादेव जी की बगीची पर भजन संध्या का बडी संख्या में लोगों ने आनंद लिया। जगदीश बृजवासी एवं निहाल अग्रवाल ने अपनी आवाज से सबका मन जीत लिया। खाटू श्याम के भजनों पर भक्त देर रात तक झूमते रहे। हारा हूं बाबा सब तुझ पर भरोसा है जैसे भजनों पर सभी भक्तजन आनंदमय हो गए। बाद में प्रसादी का भी आयोजन किया गया। संस्थापिका पुष्पा बंसल, अध्यक्ष प्रीति अग्रवाल, मंत्री वंदना अग्रवाल, संरक्षिका कुसुम लता अग्रवाल, शालू अग्रवाल, लोकेश अग्रवाल, ममता अग्रवाल, मंजू अग्रवाल, बबीता, योगिता, पूनम, बिंदु, मिंटा, माधुरी, प्रिया, नीता अग्रवाल, अनीता अग्रवाल, उर्मिला अग्रवाल, बीना अग्रवाल, पुष्पा अग्रवाल, शिवानी खंडेलवाल, बबली भाटिया, राखी भाटिया आदि मौजूद रहे।

# एससी-एसटी समुदाय पर अत्याचार रोकने के लिये लोगों को करें जागरूक:बेदी

**बैठक**

**मंत्री कृष्ण बेदी ने बताया कि इस तरह की समीक्षा बैठक हर जिला में आयोजित की जा रही है**




**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**
**करनाल।** अनुसूचित जाति-जनजाति अत्याचार निवारण अधिनियम 1989 की पालना के लिये आज यहां जिला सचिवालय में जिला स्तरीय सतर्कता एवं निगरानी समिति की बैठक हरियाणा के सामाजिक न्याय व अधिकारिता मंत्री कृष्ण कुमार बेदी की अध्यक्षता में आयोजित की गई। इसमें उन्होंने संबंधित अधिकारियों को एससी.एसटी वर्ग की समस्याओं के प्रति जागरूक करने के लिए सेमिनार अथवा डिबेट आयोजित करने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजन के लिए स्थानीय विधायक से भी सलाह-मशविरा करके कार्यक्रम तय किए जाएं। इस कार्य के लिए सरकार की ओर से पर्याप्त बजट उपलब्ध कराया जाएगा। उन्होंने समिति के गैर सरकारी सदस्यों को पहचान पत्र उपलब्ध कराने का आश्वासन भी दिया। मंत्री कृष्ण बेदी ने बताया कि इस तरह की समीक्षा बैठक हर जिला में आयोजित की जा रही है। पिछले दिनों मुख्यमंत्री के नेतृत्व में एक बैठक गत दिनों चंडीगढ़ में आयोजित की गई थी, जिसमें मुख्य सचिव और संबंधित अधिकारियों ने भाग लिया था। इसमें करनाल में लंबित मामलों का जिक्र आया था। इन्हीं मामलों के दृष्टिगत आज उन्होंने करनाल का दौरा किया है। उन्होंने बताया कि आज की बैठक में मुख्यमंत्री सामाजिक समरसता अंतजातीय विवाह शगुन योजना, नागरिक अधिकार संरक्षण अधिनियम 1955 के तहत आने वाली योजनाओं, अधिनियम के प्रावधानों को लागू करने के लिए, जिम्मेदार अधिकारियों एवं एजेंसियों की भूमिका की समीक्षा की गई। साथ ही एससी.एसटी वर्ग के लोगों पर अत्याचारों के मामलों में हुई कार्यवाही और दी गई आर्थिक मदद की जानकारी ली गई। कृष्ण कुमार बेदी ने कहा कि एससी.एसटी वर्ग के लोगों पर अत्याचार न हों, उन्हें सरकारी योजनाओं का लाभ मिले, इसके प्रचार-प्रसार के उठाये जा रहे कदमों की समीक्षा की गई। मंत्री के अनुसार विभाग में लंबित मामलों के निपटारे के लिए जरूरी निर्देश दिए गए।

### लैंक्सेस को मिली शीर्ष रेटिंग: सीडीपी ने जलवायु और जल संरक्षण को लेकर कंपनी की प्रतिबद्धता को मान्यता दी

**नई दिल्ली।** जलवायु संरक्षण पहल सीडीपी ने जलवायु परिवर्तन के खिलाफ लड़ाई में उत्कृष्ट योगदान के लिए लैंक्सेस को सम्मानित किया है। अपने नवीनतम मूल्यांकन में, सीडीपी ने विशेष रसायन कंपनी को "जलवायु" श्रेणी में शीर्ष ग्रेड "ए" दिया है। इससे लैंक्सेस, उन 24,700 से अधिक कंपनियों में शीर्ष 2 प्रतिशत में शामिल हो गया है जिनका मूल्यांकन सीडीपी ने किया। ग्रेड "ए" उन कंपनियों को दिया जाता है जो जलवायु संरक्षण में अपनी गतिविधियों पर विशेष रूप से पारदर्शी और व्यापक रूप से रिपोर्ट करती हैं और संबंधित परियोजनाओं को लागू करती हैं। इसके लिए, उन्हें अपनी रणनीतियों और उपायों को प्रदर्शित करना होगा, जैसे कि वैज्ञानिक रूप से ठोस लक्ष्य निर्धारित करना और जलवायु संरक्षण योजना तैयार करना। लैंक्सेस 2012 से सीडीपी को जलवायु संरक्षण से संबंधित डेटा की जानकारी दे रहा है। इसके अतिरिक्त, सीडीपी ने जल संसाधनों के सुरक्षित और जिम्मेदार उपयोग के प्रति लैंक्सेस की प्रतिबद्धता का मूल्यांकन किया। संगठन ने इस क्षेत्र में "ए-" ग्रेड प्रदान किया। लैंक्सेस एजी के प्रबंधन बोर्ड के सदस्य ह्यूबर्ट फिंक ने कहा, "अपने समाधानों और विशेषताओं के साथ, हम सतत विकास में महत्वपूर्ण योगदान दे रहे हैं। साथ ही, हम अपने ग्राहकों को उनके स्थिरता लक्ष्यों को प्राप्त करने में मदद कर रहे हैं। सीडीपी की नई शीर्ष रेटिंग जलवायु संरक्षण को लेकर हमारी प्रतिबद्धता पर जोर देती है और दिखाती है कि हम सही दिशा में आगे बढ़ रहे हैं।"

### एटीएम बदल कर पैसे निकलाने वाला शातिर पकड़ा

**मथुरा/टीम एक्शन इंडिया**
थाना छाता पुलिस ने एटीएम बदलकर रुपये निकालने के वांछित अभियुक्त को गिरफ्तार किया है। बरसाना चौराहा अन्डर पास से एटीएम बदलकर रुपए निकालने वाले अभियुक्त कृष्ण पुत्र गंगालाल निवासी वडराम थाना चांदहट जनपद पलवल राज्य हरियाणा उम्र करीब 34 वर्ष को किया गिरफ्तार। गिरफ्तार अभियुक्त थाना छाता पर पंजीकृत अभियोग में वांछित था। थाना छाता पुलिस द्वारा आवश्यक विधिक कार्यवाही की जा रही है। अभियुक्त द्वारा अपने साथियो के साथ मिलकर 10 मई को कस्बा छाता में कैनरा बैंक के एटीएम से सीधे साधे लोगों का एटीएम बदलकर रुपये निकालने की घटना कारित की गयी। पीडित की तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज हुआ थ्था। घटना कारित करने के बाद अभियुक्त अपने साथियो के साथ भाग गया था।

# गर्मी में भी बांकेबिहारी दर्शन को उमड़ी भारी भीड़

**मथुरा/टीम एक्शन इंडिया**
सोमवार को बुध पूर्णिमा पर सोमवार को ठाकुर बांकेबिहारी मंदिर में भक्तों की भारी भीड़ दर्शन के लिए उमड़ पड़ी। भीषण गर्मी में भक्तों की भीड़ में श्रद्धालुओं की हालत खराब हो रही थी। लेकिन, भक्तों की आस्था कम होती नजर नहीं आई। मंदिर की गलियों और प्रांगण में भीड़ का दबाव बना रहा। मंदिर में प्रवेश के लिए श्रद्धालुओं में आपाधापी का माहौल बना रहा। जिसे संभालने के लिए पुलिस और सुरक्षागार्डों को दिनभर पसीना बहाना पड़ा।



भक्तों ने आराध्य बांकेबिहारी के दर्शन करने के साथ राधावल्लभ, राधादामोदर, राधारमण समेत अनेक मंदिरों में दर्शन कर पंचकोसीय परिक्रमा लगाई। सुबह ठाकुर बांकेबिहारी मंदिर में श्रद्धालुओं की भीड़ पट खुलने से पहले ही आसपास के इलाके में पहुंच गई। भक्तों की बढ़ती भीड़ को देखते हुए पुलिस ने बैरीकेडिंग पर श्रद्धालुओं को रोकना शुरू कर दिया। जैसे ही मंदिर के पट खुले मंदिर के आसपास मौजूद श्रद्धालु मंदिर के अंदर दर्शन के लिए पहुंच गए और बाहर बैरियर पर खड़े श्रद्धालु इंतजार में खड़े थे। जैसे ही बैरियर खोली गई भीड़ के रूप में श्रद्धालु मंदिर की ओर दौड़ पड़े पुलिस ने श्रद्धालुओं को बमुश्किल रोककर एकबार फिर बैरियर लगा दिए और मंदिर के अंदर भीड़ कम होने पर लगातार बैरियर को खोलने के साथ श्रद्धालुओं को अंदर प्रवेश दिया गया। मंदिर के अंदर दिव्य फूलबंगला में विराजित आराध्य बांकेबिहारी के दर्शन कर श्रद्धालु प्रफुल्लित हो रहे थे। ऐसे में श्रद्धालु मंदिर से बाहर निकलने को तैयार न थे। लेकिन, मंदिर में तैनात सुरक्षागार्डों ने श्रद्धालुओं को बाहर निकालकर पीछे से आ रहे श्रद्धालुओं को मंदिर में एंट्री दी। बांकेबिहारी मंदिर के अलावा राधावल्लभ मंदिर, सेवाकुंज, निधिवन राज मंदिर, रंगजी और कात्यायनी मंदिर में भी सुबह से शाम तक श्रद्धालुओं की भारी भीड़ दर्शन के लिए उमड़ती रही।

# राधारमणलालजु का मना 483वां प्राकट्योत्सव

**महाभिषेक**

**-सेवायतों ने कराया पंचामृत व जड़ी बूटियों से वैदिक मंत्रोच्चारण के मध्य महाभिषेक**



सेवायतों ने आराध्य के श्रीविग्रह का धूप पूजन कर सवामन दूध से महाभिषेक शुरू किया, तो राधारमणलाल के जयकारों से मंदिर परिसर गूंज उठा। सप्तदेवालयों में शामिल ठाकुर राधारमण मंदिर में चैतन्य महाप्रभु के अनुयायी आचार्य गोपाल भट्ट द्वारा सेव्य शालिग्राम शिला से प्रकटे ठाकुर राधारमणलालजु का 483 वां प्राकट्योत्सव सोमवार को वैशाख शुक्ल पक्ष की पूर्णिमा

**मथुरा/टीम एक्शन इंडिया**
वृंदावन स्थित शालिग्राम शिला से स्वयं प्रकट ठाकुर राधारमणलालजु का 483वां प्राकट्योत्सव मंदिर में वैदिक मंत्रोच्चारण के मध्य महाभिषेक के साथ शुरू हुआ। आराध्य के महाभिषेक दर्शन को श्रद्धालुओं की भारी भीड़ मंदिर में उमड़ी तो व्यवस्थाएं ध्वस्त हो गईं। मंदिर को उल्लास पूर्वक आरंभ हुआ। सोमवार सुबह मंदिर के जगमोहन में चांदी के सिंहासन पर ठाकुरजी के श्रीविग्रह को विराजमान करवाया।
मंदिर सेवायतों ने वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ आराध्य की धूप पूजा की और फिर शुरू हुआ महाभिषेक। सेवायतों ने दूध, दही, शहद, घी, शर्करा, जड़ी बूटियों से वैदिक मंत्रोच्चारण के मध्य महाभिषेक शुरू किया। करीब दो घंटे तक श्रीविग्रह का महाभिषेक चलेगा। आराध्य के प्राकट्योत्सव पर महाभिषेक दर्शन को देश के विभिन्न प्रांतों व शहरों से श्रद्धालुओं की भीड़ मंदिर में पहुंच गई। मंदिर के पट खुलने से पहले ही हजारों श्रद्धालुओं की भीड़ जुट गई। जिसके कारण व्यवस्थाएं ध्वस्त होती नजर आईं। मंदिर प्रबंधन ने श्रद्धालुओं की सहूलियत के लिए मंदिर के बाहर प्रवेशद्वार के समीप एलसीडी लगाकर महाभिषेक के दर्शन की व्यवस्था की है। लेकिन, श्रद्धालु आराध्य की छवि के दर्शन करने को मंदिर में प्रवेश के लिए जद्दोजहद कर रहे हैं। दोपहर 12 बजे तक ठाकुर जी का महाभिषेक चलता है। इसके बाद ठाकुर जी की महाआरती उतारी जाएगी और विशेष भोग भी आराध्य को परोसा जाएगा।

# भाकियू सुनील ने समस्याओं को लेकर होली गेट पर किया प्रदर्शन

**मथुरा/टीम एक्शन इंडिया**
आज भारतीय किसान यूनियन सुनील के कार्यकर्ताओं पदाधिकारी ने मथुरा महानगर की विभिन्न समस्याओं के समाधान की मांग के लिए मथुरा महानगर के होली गेट चौराहे पर मथुरा वृंदावन नगर निगम के खिलाफ जोरदार प्रदर्शन किया। मथुरा वृंदावन के नगर आयुक्त शशांक चौधरी के नाम तीन सूत्रीय ज्ञापन मथुरा शहर कोतवाल देवपाल पुंडीर को होली गेट चौराहे पर सौंपा। ज्ञापन में मांग की गई की चौबिया पाडे के फट



मकानों की जांच,हंसराज कॉलोनी का रोड बनाने, वार्ड नंबर 12 पुष्प बिहार कॉलोनी में सफाई कराने, मथुरा महानगर की जनता को गर्मी में पीने का मीठा पानी देने की मांग की गई। प्रदर्शन में यूनियन के राष्ट्रीय प्रवक्ता पवन चतुर्वेदी, राष्ट्रीय महासचिव लक्ष्मण चौधरी , राष्ट्रीय उपाध्यक्ष प्रभास भास्कर एडवोकेट, प्रदेश प्रमुख महासचिव उदयभान सिंह जाटव, किसान नेता प्रयागनाथ चतुर्वेदी, राष्ट्रीय सचिव एसके सारस्वत, प्रदेश उपाध्यक्ष मोहन श्याम पाठक, महानगर अध्यक्ष भरत अग्रवाल शामिल थे।

ACTION INDIA

# एक्शन इंडिया

RKB GROUP Rakesh Bhardwaj Group



# सुरक्षा के माहौल में ही विकास और समृद्धि संभव: सीएम

## श्री परमहंस योगानंद जन्मस्थली स्मृति भवन का सीएम योगी ने किया शिलान्यास, 2017 के पहले सरकार के समानांतर थे माफिया व भ्रष्टाचारी: मुख्यमंत्री

**विकास पर बल**

**आज उत्तर प्रदेश के हर जिले में सुरक्षा का बेहतरीन माहौल है तो विकास की प्रक्रिया भी निरंतर आगे बढ़ रही है**



**टीम एक्शन इंडिया**

**गोरखपुर:** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि सुरक्षा के माहौल में ही विकास और समृद्धि संभव है। आज उत्तर प्रदेश के हर जिले में सुरक्षा का बेहतरीन माहौल है तो विकास की प्रक्रिया भी निरंतर आगे बढ़ रही है। सुरक्षा से ही विकास की सार्थकता सिद्ध होती है सुरक्षा के बगैर समृद्धि नहीं आ सकती। सीएम योगी गोरखपुर में कोतवाली थाना के समीप योगगुरु श्री परमहंस योगानंद जन्मस्थली स्मृति भवन के निर्माण कार्य का भूमि पूजन और शिलान्यास करने के बाद उपस्थित जनसमूह को संबोधित कर रहे थे। पर्यटन विकास की इस महत्वपूर्ण परियोजना पर 2768 लाख रुपये की लागत आएगी। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने विकास और सुरक्षा के मुद्दे पर पूर्व की सरकार पर कटाक्ष करते हुए कहा कि 2017 के पहले सरकार के पैरेलल (समानांतर) माफिया और भ्रष्टाचारी भी थे जो शासन की योजनाओं को हड़प लेते थे। तब किसी गरीब या व्यापारी की जमीन कब्जा कर लेना माफिया के लिए सामान्य बात थी लेकिन आज कोई कब्जा नहीं कर सकता। जबरन कब्जा करने पर लेने के देने पड़ जाएंगे। आज किसी ने बेटियों और व्यापारियों को छेड़ने की कोशिश की तो उसके लिए यमराज के घर का रास्ता खुल जाएगा। सीएम ने कहा कि 2017 के बाद सुरक्षा का जो शानदार माहौल बना है उसी का परिणाम है कि प्रदेश तेजी से आगे बढ़ रहा है और हर जिला विकास, विरासत के संरक्षण और युवाओं के रोजगार के लिए नई उपलब्धियां हासिल कर रहा है। मुख्यमंत्री ने पाकिस्तान को आतंकी राष्ट्र बताते हुए कहा कि हाल के दिनों में पाकिस्तान के जहाज को जिस ब्रह्मोस मिसाइल ने निशाना बनाया अब वह लखनऊ में बनेगा।

### वैश्विक क्षितिज पर छा गए योगानंद जी: सीएम

*सीएम योगी ने कहा कि भारत में ऐसे ऋषियों, मुनियों, संतों की लंबी परंपरा है जिन्होंने अपनी अपनी साधना की सिद्धि और चेतना के विस्तार से ब्रह्मांड के गूढ़ रहस्यों को भी उद्घाटित कर दिखाया है। देश के अलग अलग स्थानों पर साधकों की अलग अलग परंपरा रही है जिन्होंने अपनी साधना से लोगों के जीवन में परिवर्तन किए।*

### अमेरिका तक जाएगी सीएम योगी की पहल की गूंज

*सांसद रविकिशन शुक्ल ने कहा कि परमहंस योगानंद की जन्मस्थली पर स्मारक बनाने की सीएम योगी की पहल की गूंज लॉस एंजिल्स, अमेरिका तक जाएगी। योगानंद जी के अनुयायी अमेरिका समेत पूरी दुनिया में हैं और गोरखपुर में उनकी स्मृति में होने वाले पर्यटन विकास के कार्य से यहां पूरी दुनिया के लोग आएंगे।*

### ले आउट-ड्राइंग मैप का किया अवलोकन

*श्री परमहंस योगानंद जन्मस्थली स्मृति भवन का वैदिक मंत्रोच्चार के बीच भूमि पूजन और शिलान्यास करने के बाद मुख्यमंत्री ने मौके पर इस पर्यटन विकास परियोजना के मॉडल, ले आउट, ड्राइंग मैप का अवलोकन किया। अधिकारियों ने स्मृति भवन के अलग-अलग तल पर बनने वाली व्यवस्थाओं और उपलब्ध होने वाली सुविधाओं की जानकारी मुख्यमंत्री को दी।*

# वंचितों को आवास और जरूरतमंदों को मुहैया कराएं इलाज: सीएम



**जन सुनवाई**

**जनता दर्शन में मुख्यमंत्री ने सुनीं 150 लोगों की समस्याएं, समस्या का समाधान सरकार की प्राथमिकता**

**टीम एक्शन इंडिया**

**गोरखपुर।** रविवार को गोरखपुर दौरे पर आए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गोरखनाथ मंदिर में रात्रि प्रवास के बाद सोमवार सुबह जनता दर्शन में करीब 150 लोगों से मुलाकात कर उनकी समस्याएं सुनीं। इन समस्याओं के समयबद्ध और गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के लिए अधिकारियों को निर्देशित करते हुए उन्होंने कहा कि हर पीड़ित की समस्या का समाधान सरकार की प्राथमिकता है लिहाजा हर समस्या को संवेदनशीलता से देखा जाएगा और जरूरी कदम उठाए जाएं। इस दौरान आवास की गुहार लेकर तथा इलाज में सहायता की मांग को लेकर पहुंचे लोगों को उन्होंने आश्वस्त किया और अधिकारियों से कहा कि आवास से वंचित लोगों को प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत आवास उपलब्ध कराया जाए एवं जरूरतमंदों के इलाज में धन की बाधा न आने दी जाए। सोमवार सुबह गोरखनाथ मंदिर परिसर के महंत दिग्विजयनाथ स्मृति भवन के सामने आयोजित जनता दर्शन के दौरान मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ कुर्सियों पर बैठाए गए लोगों तक खुद पहुंचे। एक-एक कर और इत्मीनान से सबकी समस्याएं सुनीं। उन्हें आश्वस्त किया कि वह सभी की समस्याओं का समाधान सुनिश्चित कराएंगे। किसी को भी घबराने या परेशान होने की आवश्यकता नहीं है। प्रार्थना पत्रों को उन्होंने अधिकारियों को हस्तगत करते हुए निर्देश दिया कि हर समस्या का निस्तारण त्वरित, गुणवत्तापूर्ण और संतुष्टिप्रद होना चाहिए। कुछ लोगों द्वारा जमीन कब्जाने की शिकायत पर उन्होंने कठोर कानूनी कार्रवाई के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने अफसरों को यह निर्देश भी दिए कि यदि किसी प्रकरण में पीड़ित को लगातार परेशानी का सामना करना पड़ा है तो इसकी भी जांच कर जवाबदेही तय की जाए।

जनता दर्शन में कुछ लोग इलाज में आर्थिक मदद मांगने पहुंचे थे। मुख्यमंत्री ने उनसे कहा कि इलाज में धन की कमी बाधक नहीं होगी। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि इलाज में अस्पताल के इस्टीमेट की प्रक्रिया को जल्द पूर्ण कराकर शासन में भेजें। मुख्यमंत्री विवेकाधीन कोष से इलाज के लिए पर्याप्त राशि दी

# होल्कर स्टेडियम को चार दिन में दूसरी बार मिला धमकी भरा ईमेल



**सघन जांच**

**ईमेल में लिखा गया है कि स्टेडियम में बम प्लांट कर दिया गया है और जल्द ही एक बड़ा धमाका होने वाला है**

**टीम एक्शन इंडिया**

**इंदौर।** इंदौर के होल्कर स्टेडियम को एक बार फिर से धमकी भरा ईमेल प्राप्त हुआ है। सोमवार को मिले ईमेल में लिखा गया है कि स्टेडियम में बम प्लांट कर दिया गया है और जल्द ही एक बड़ा धमाका होने वाला है। इस संबंध में मध्य प्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन (एमपीसीए) के एक प्रशासनिक अधिकारी ने तुरंत पुलिस को सूचना दी। इसके बाद पुलिस की टीम और बम स्क्वॉड मौके पर पहुंचे और सघन जांच शुरू की, लेकिन जांच में कुछ भी संदिग्ध नहीं मिला। तुकोगंज थाना प्रभारी जितेन्द्र यादव ने बताया कि सोमवार सुबह उन्हें एमपीसीए की ओर से कॉल आया था। कॉल में बताया गया कि उनके आधिकारिक ईमेल पर एक बार फिर धमकी भरा मेल प्राप्त हुआ है। इस मेल में यह दावा किया गया कि स्टेडियम में बम रखा गया है। इसके बाद वरिष्ठ अधिकारियों को जानकारी दी गई और बम स्क्वॉड की टीम को बुलाकर जांच कराई गई। हालांकि स्टेडियम में कोई विस्फोटक सामग्री नहीं मिली। हालांकि इस ताजा धमकी के बाद पुलिस और सुरक्षा एजेंसियां और सतर्क हो गई हैं। पुलिस साइबर सेल भी सक्रिय हो गई है और धमकी देने वाले ईमेल के स्रोत का पता लगाने का प्रयास कर रही है।

# आध्यात्मिक पर्यटन को बढ़ावा देगा मानसखंड मंदिर माला मिशन: धामी



**पूजा-अर्चना**

**1100 कन्याओं का पूजन किया। माँ राजेश्वरी का अभिषेक, पूजा-अर्चना कर देश व प्रदेश की सुख समृद्धि की कामना की।**

**टीम एक्शन इंडिया**

**देहरादून।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने आज लमगड़ा, अल्मोड़ा स्थित डोल आश्रम में श्री कल्याणिका हिमालय देवस्थानम न्यास के श्रीपीठम स्थापना महोत्सव कार्यक्रम में प्रतिभाग किया। इस दौरान उन्होंने 1100 कन्याओं का पूजन किया। माँ राजेश्वरी का अभिषेक और पूजा-अर्चना कर देश व प्रदेश की सुख समृद्धि की कामना की। इस अवसर पर मुख्यमंत्री धामी ने कहा कि राज्य सरकार मानसखंड मंदिर माला मिशन के माध्यम से समस्त मंदिरों को अवस्थापना सुविधाओं से जोड़ रही है ताकि आध्यात्मिक पर्यटन को बढ़ावा दिया जा सके। उन्होंने कहा डोल आश्रम, धार्मिक पर्यटन को बढ़ावा देने के साथ युवाओं को भारतीय संस्कृति के बारे में शिक्षित करने का कार्य कर रहा है। उन्होंने कहा राज्य सरकार, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में उत्तराखंड विकल्प रहित संकल्प के ध्येय के साथ आगे बढ़ रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री के नेतृत्व में सनातन संस्कृति की पताका सम्पूर्ण विश्व में लहरा रही है। उन्होंने कहा कि डोल आश्रम को महाराज कल्याणदास जी ने स्थापित किया। उनकी सोच के अनुरूप यह आश्रम धर्म, आध्यात्म, संस्कृति और शिक्षा क बड़े केन्द्र के रूप में आगे बढ़ रहा है एवं विकसित हो रहा है। उन्होंने महाराज जी का अभिनन्दन करते हुए कहा कि उन्होंने सम्पूर्ण जीवन यहाँ के लोगों की सेवा एवं परमार्थ के कार्यों में लगाया। हमने लैंड जिहाद , लव जिहाद जैसी अनेक साज़िशों पर कार्रवाई करते हुए अपराधियों को सलाखों के पीछे भेजा है। मुख्यमंत्री ने सभी को बुद्व पूर्णिमा की बधाई देते हुए महात्मा बुद्व के धर्म, शान्ति एवं अंहिसा के मार्ग पर चलने का भी आग्रह किया।

# जोधपुर में पटरी पर लौटा सामान्य जनजीवन



**स्कूल खुले**

**एयरपोर्ट व स्कूल-कॉलेज खुले, पटरी पर लौटा सामान्य जनजीवन, एयरपोर्ट व स्कूल-कॉलेज खुले**

**टीम एक्शन इंडिया**

**जोधपुर।** भारत-पाकिस्तान के बीच सीजफायर के बाद जोधपुर में हालात सामान्य होने लगे हैं। इसके बाद सोमवार को जोधपुर एयरपोर्ट से फ्लाइट संचालन शुरू करने का फैसला लिया गया है। वहीं बाजार भी पूरी तरह खुल गए हैं। लोग अपनी दैनिक दिनचर्या पर लौटने लगे हैं। रविवार रात ब्लैकआउट नहीं किया गया। सामान्य होती परिस्थितियों के बीच जिला प्रशासन ने तेरह मई से सभी शैक्षणिक गतिविधियां पुनः प्रारंभ करने की छूट भी दे दी है। भारतीय हवाईअड्डा प्राधिकरण ने भारत-पाकिस्तान के बीच तनाव के चलते 15 मई तक बंद किए गए सीमावर्ती शहरों के एयरपोर्ट वापस शुरू करने की एडवाइजरी जारी कर दी है। इसके बाद 32 हवाई अड्डे तत्काल प्रभाव से नागरिक विमान संचालन के लिए शुरू किए गए। जोधपुर एयरपोर्ट पर मंगलवार से फ्लाइट ऑपरेशन शुरू होने की उम्मीद है। दिल्ली, मुंबई सहित अन्य शहरों से आने वाली फ्लाइट की बुकिंग कल से ही हो पाएगी। भारत-पाक के बीच सैन्य कार्रवाई को लेकर हुए सीजफायर के बाद यह कदम उठाया गया है।

### लोगों ने ली राहत की सांस

*इन 32 एयरपोर्ट में राजस्थान के तीन सिविल एयरपोर्ट बीकानेर, जोधपुर और जैसलमेर शामिल हैं। इन तीनों एयरपोर्ट के खुलने के बाद लोगों ने राहत की सांस ली है क्योंकि गर्मी की छुट्टियां शुरू होने वाली हैं, ऐसे में एयरपोर्ट बंद होने से पर्यटन को काफी नुकसान होने की आशंका थी। जिसके बाद अब लोगों ने राहत की सांस ली है। मंगलवार से शैक्षणिक गतिविधियां आदेश को तुरंत प्रभाव से प्रत्याहारित किया गया है।*

# सीमा पर तनाव के बीच जैसलमेर में मिला बम, अलर्ट



**सुरक्ष अलर्ट**

**एसएमएस स्टेडियम को उड़ाने की धमकी, एयरपोर्ट शुरू, तनाव के बीच राजस्थान के कई इलाकों में सुरक्षा अलर्ट**

**टीम एक्शन इंडिया**

**जयपुर।** भारत-पाकिस्तान सीमा पर बढ़ते तनाव के बीच राजस्थान के कई इलाकों में सुरक्षा अलर्ट जारी कर दिया गया है। जैसलमेर में सोमवार दोपहर एक बम मिला, जिसे सेना के बम निरोधक दस्ते ने समय रहते निष्क्रिय कर दिया। यह बम शहर से करीब 10 किलोमीटर दूर एक सुनसान इलाके में पाया गया। स्थानीय लोगों ने पुलिस को सूचना दी, जिसके बाद सेना को बुलाकर बम को डिस्पोज किया गया। श्रीगंगानगर और इसके चार उपखंडों में सीमा से सटे तीन किलोमीटर क्षेत्र में रात सात बजे से सुबह छह बजे तक आमजन की आवाजाही पर रोक लगा दी गई है। इस दौरान टॉर्च या गाड़ियों की हेडलाइट का उपयोग भी प्रतिबंधित किया गया है।

# पाकिस्तानी साइबर हमले से बचने के लिए पुलिस ने किया अलर्ट

**टीम एक्शन इंडिया**

**चंडीगढ़।** भारत-पाकिस्तान सीमा पर तनाव के चलते पाकिस्तान के हैकर अब साइबर हमला कर सकता है। इसे लेकर पंजाब पुलिस ने सोमवार जारी एक अलर्ट किया है। इसे लेकर पंजाब पुलिस ने लोगों को सतर्क रहने की सलाह दी है। पंजाब पुलिस के अनुसार पाकिस्तान के हैकर्स वॉट्सएप, फेसबुक और ईमेल के माध्यम से भारतीय उपयोगकर्ताओं को टारगेट किया जा रहा है।




**शांति का संदेश** *समता मूलक समाज, प्रेम ,करुणा और सत्य की आधारशिला पर ही समाज की तरक्की संभव: मुख्यमंत्री*

# भगवान बुद्ध की बातों का अनुसरण करने वाला देश है भारत: सीएम



**टीम एक्शन इंडिया**

**उज्जैन।** मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने कहा है कि भगवान बुद्ध ने हमें जीवन में शांति, प्रेम, करुणा पर चलने का सिद्धांत दिया है, उसका अनुसरण करके हम विश्व को जीत सकते हैं। विश्व शांति का जो संदेश गौतम बुद्ध द्वारा दिया गया, वह आज भी सार्थक है। भगवान बुद्ध के विश्व में सबसे ज्यादा अनुयायी हैं। भगवान बुद्ध द्वारा बताए गए मार्ग का पालन करने वाला एकमात्र देश भारत है। विश्व बंधुत्व और सबके कल्याण की भावना हमारे लिए प्राथमिकता है। कोविड महामारी के समय हमने 40 से अधिक देशों की सहायता की है। विश्व बंधुत्व का भाव लेकर चलने वाला देश केवल भारत ही है। भगवान बुद्ध और बाबासाहेब अंबेडकर के द्वारा दिए गए सिद्धांतों से आज भारत पूरे विश्व में एक अलग स्थान रखता है। भगवान बुद्ध ने आज से ढाई हजार साल पहले जो बातें कही थीं, वह दुनिया के लिए आज भी अनुकरणीय है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव सोमवार को उज्जैन के अशोक बुद्ध विहार में बुद्ध पूर्णिमा के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। इस अवसर पर भगवान गौतम बुद्ध की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर नमन किया। उन्होंने भारतीय बौद्ध महासभा उज्जैन द्वारा आयोजित कार्यक्रम में भगवान बुद्ध जयंती की शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर सांसद अनिल फिरोजिया, विधायक अनिल जैन कालुहेड़ा, विधायक सतीश मालवीय, सभापति कलावती यादव, जनप्रतिनिधि संजय अग्रवाल आदि उपस्थित रहे। भगवान बुद्ध के जीवन से ज्ञान लेकर हम सारे भारतीय आगे बढ़ रहे हैं और विश्व बंधुत्व को अपनाते हुए प्रेम ,करुणा, सत्य, समता के भाव को आगे बढा रहे है। भगवान बुद्ध राज-पाट छोड़कर जब ज्ञान की खोज मे निकले थे और कठिन तप के बाद जो ज्ञान विश्व को दिया, उसका अनुसरण ही हम सबका उद्देश्य होना चाहिए।